Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# दिसंबर

# 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. फाइव-आइज़ अलायंस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. 'फाइव आइज़' ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक बहुपक्षीय खुफिया-साझाकरण नेटवर्क है।
2. यह निगरानी और सिग्नल इंटेलिजेंस (SIGINT) दोनों पर आधारित है।
3. सहयोग बढ़ाने और नजदीकी बनाए रखने के लिये फाइव आइज़ इंटेलिजेंस ओवरसाइट एंड रिव्यू काउंसिल (FIORC) भी बनाई गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**2. संयुक्त राष्ट्र चार्टर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर, संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज़ है।
2. संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय विधिक उपकरण है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इससे बाध्य नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**3. ओस्लो समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओस्लो समझौता पहला प्रत्यक्ष फ़िलिस्तीनी-इज़राइल शांति समझौता था।
2. पहला ओस्लो समझौता, जिसे ओस्लो I के नाम से जाना जाता है, वर्ष 1993 में हस्ताक्षरित किया गया था।
3. दूसरा समझौता, जिसे ओस्लो II के नाम से जाना जाता है, वर्ष 1995 में हस्ताक्षरित किया गया था।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**4. अब्राहम समझौते के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अब्राहम समझौता, इज़राइल और ईरान के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिये समझौतों की एक श्रृंखला है।
2. अब्राहम समझौते के बाद, I2U2 समूह का गठन किया गया था जिसमें इज़राइल, भारत, ईरान और अमेरिका शामिल थे। इनका बल जल, ऊर्जा, परिवहन आदि जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना था।
3. इस समझौते ने विस्तारित क्षेत्रीय और बहुराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी, जिससे भारत के लिये आर्थिक अवसर सृजित हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**5. हाल ही में 'टाटमाडॉ' शब्द चर्चा में था। इसके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सत्य है:**

A. यह हाल ही में हिमालय में खोजी गई एक मेंढक प्रजाति है।
B. यह भारत और बांग्लादेश के बीच एक द्विपक्षीय अभ्यास है।
C. यह हाल ही में चीन द्वारा विमोचित किया गया उपग्रह है।
D. टाटमाडॉ म्याँमार (पूर्व में बर्मा) की सेना है।

**6. थ्री ब्रदरहुड एलायंस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थ्री ब्रदरहुड एलायंस म्याँमार में तीन जातीय सशस्त्र समूहों का गठबंधन है।
2. यह म्याँमार सेना के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**7. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत की गई थी।
2. इसका कार्य दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना है, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन भी शामिल है जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे।

नोट :

3. TRAI अधिनियम को 2000 में संशोधित किया गया था, जिसमें TRAI से न्यायिक और विवाद कार्यों को संभालने के लिये एक दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील अधिकरण (TDSAT) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**8. अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मल्टी-मोड ट्रांजिट सिस्टम है जो सार्क सदस्यों के बीच वस्तुओं को ले जाने के लिये जहाज, रेल और सड़क मार्गों को जोड़ता है।
2. यह मुंबई में जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से शुरू होता है और होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बंदर अब्बास बंदरगाह तक जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**9. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO) द्वारा किया गया एक सर्वेक्षण है।
2. NSO ने वर्ष 2017 में PLFS का आरंभ किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और  न ही 2

**10. सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (AFSPA), 1958 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे केवल किसी राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य या उसके कुछ हिस्सों पर लगाया जा सकता है, जब इन क्षेत्रों को अधिनियम के तहत "अशांत" घोषित किया जाता है।
2. मणिपुर और असम के लिये अधिसूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

**11. G20 समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G20 लीडर्स शिखर सम्मेलन की स्थापना लेहमैन ब्रदर्स बैंक के पतन के बाद उत्पन्न वैश्विक वित्तीय संकट के प्रतिक्रियास्वरूप की गई थी।
2. दो आधिकारिक G20 ट्रैक हैं- फाइनेंस ट्रैक और शेरपा ट्रैक।
3. G20 ट्रोइका प्रणाली में वर्तमान, विगत और आगामी G20 प्रेसीडेंसी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**12. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CAG एक वैधानिक संस्था है।
2. CAG का पूर्ववर्ती महालेखाकार कार्यालय, वर्ष1858 में स्थापित किया गया था।
3. यह भारतीय संसद का अभिन्न अंग हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**13. भारत-म्याँमार संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की सबसे बड़ी सीमा म्याँमार से लगती है।
2. भारत म्याँमार के साथ सड़क-नदी-बंदरगाह माल परिवहन परियोजना, कलादान मल्टी-मोडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट का निर्माण कर रहा है।
3. भारत, म्याँमार और थाईलैंड एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग का निर्माण कर रहे हैं, जो भारत को आसियान से जोड़ेगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**14. लॉस एंड डैमेज फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव तथा पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय कोष है।
2. लॉस एंड डैमेज फंड की घोषणा पहली बार नई दिल्ली में आयोजित COP27 के दौरान की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**15. G-77 समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G-77 संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
2. G-77 विदेश मंत्रियों का समूह हर साल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नियमित सत्र में मिलता है।
3. G-77 प्रायोजकों का समूह दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिये पेरेज़-ग्युरेरो ट्रस्ट फंड (PGTF) से वित्तपोषण के माध्यम से दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर परियोजनाएँ चलाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) एक निश्चित अवधि में किसी देश में उत्पादित सभी "अंतिम" वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक माप है।
2. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) देश के उत्पादन को घटाकर मध्यवर्ती खपत है, जो सकल उत्पादन और शुद्ध उत्पादन के बीच का अंतर है।
3. GVA डेटा को देखकर GDP का पता लगाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) का गठन राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) और केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के विलय के माध्यम से किया गया है।
2. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के दो विंग हैं, एक सांख्यिकी से संबंधित है और दूसरा कार्यक्रम कार्यान्वयन से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**18. ई-श्रम पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे नीति आयोग द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य देश भर में कुल 38 करोड़ असंगठित श्रमिकों जैसे- निर्माण मज़दूरों, प्रवासी कार्यबल, रेहड़ी-पटरी वालों और घरेलू कामगारों को पंजीकृत करना है।
3. श्रमिकों को एक ई-श्रम कार्ड जारी किया जाएगा जिसमें 16 अंकों का विशिष्ट नंबर होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**19. "स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया- 2023" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत किया गया है?**

A. अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय
B. नीति आयोग
C. भारतीय रिज़र्व बैंक
D. श्रम और रोज़गार मंत्रालय

**20. रैट-होल माइनिंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रैट होल माइनिंग मेघालय में प्रचलित संकीर्ण, क्षैतिज सीमों से कोयला निकालने की एक विधि है।
2. इसे खनन अधिनियम, 1952 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**21. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ( ILO ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 1919 में प्रथम विश्व युद्ध समाप्त करने वाली वर्साय की संधि के हिस्से के रूप में किया गया था।
2. वर्ष 1946 में ILO नवगठित संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी बन गई।
3. ILO अपना काम तीन मुख्य निकायों के माध्यम से पूरा करता है जिसमें सरकारें, नियोक्ता और श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**22. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक अलग राष्ट्रीय और राज्य कोष बनाने का प्रावधान करता है।
2. यह दिव्यांगता से पीड़ित लोगों के लिये सरकारी नौकरियों में 3% आरक्षण को बढ़ाकर 14% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से बढ़ाकर 15% करता है।
3. दिव्यांगजनों के लिये मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करते हुए नियामक निकायों एवं शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**23. स्पार्किंग डिसेबिलिटी इंक्लूसिव रूरल ट्रांसफोर्मेशन- स्पार्क परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SPARK परियोजना चार देशों- भारत, मलावी, बुर्किना फासो और मोज़ाम्बिक में लागू की गई है।
2. भारत सरकार ग्लोबल साउथ तक अपनी पहुँच के रूप में इस परियोजना को सभी चार देशों में लागू कर रही है।
3. SPARK परियोजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये एक प्रणालीगत क्रिया अधिगम दृष्टिकोण का उपयोग करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा 'सामाजिक पूंजी' की सर्वोत्तम व्याख्या करता है ?**

A. यह समाज द्वारा संचित पूंजी है।

B. यह जनसांख्यिकीय लाभांश के लिये प्रयुक्त होने वाला एक अन्य शब्द है।

C. यह एक प्रकार का म्यूच्यूअल फंड है।

D. यह अपनत्व की भावना के साथ प्रभावशाली मित्रों व संबंधियों का ठोस अनुभव है जो लोगों को लाभान्वित कर सकता है।

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लागतजनित मुद्रास्फीति का अर्थ, उत्पादन के चार कारकों में से किसी एक की लागत में वृद्धि से कीमतें बढ़ना है, जब कंपनियाँ पहले से ही पूर्ण उत्पादन क्षमता पर कार्य कर रही होती हैं।
2. मांगजनित मुद्रास्फीति तब होती है जब समग्र मांग में कमी आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**26. mRNA टीका के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें सुरक्षित नहीं माना जाता क्योंकि mRNA संक्रामक, एकीकृत प्रकृति का होता है।
2. कोशिका द्रव्य के अंदर प्रोटीन संरचना में परिवर्तित होने की उनकी अंतर्निहित क्षमता के कारण वे अत्यधिक प्रभावोत्पादक हैं।
3. mRNA टीके पूरी तरह से सिंथेटिक हैं तथा विकास के लिये मेज़बान की आवश्यकता नहीं होती, जैसे- अंडे या बैक्टीरिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**27. एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ONORC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ONORC योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत क्रियान्वित की जा रही है।
2. यह प्रणाली सभी NFSA लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (FPS) से पूर्ण अथवा आंशिक खाद्यान्न प्राप्त करने की अनुमति देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) केबल टेलीविज़न नेटवर्क विनियमन अधिनियम, 1995 (सीटीएन अधिनियम) के माध्यम से केबल टीवी ऑपरेटरों और टीवी चैनलों को नियंत्रित करता है।
2. MIB सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत OTT और डिज़िटल समाचार सामग्री को भी नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**29. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **क्षेत्र** | **जनजाति** |
|---|---|
| 1. अरुणाचल प्रदेश | (a) आदिस, न्यिशी, अपातानी |
| 2. मेघालय | (b) खासी, गारो, जयन्तिया |
| 3. त्रिपुरा | (c) करेन , काचिन , चिन |
| 4. म्याँमार | (d) त्रिपुरी, रियांग, चकमा |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**30. फाइव-आइज़ अलायंस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस गठबंधन की उत्पत्ति का पता द्वितीय विश्व युद्ध से लगाया जा सकता है।
2. अपनी उत्पत्ति के बाद एजेंसी ने नीदरलैंड, डेनमार्क, फ्राँस और भारत को कवर करने के लिये अपने मुख्य समूह को 'नाइन आइज़' तक बढ़ा दिया।
3. इसे बेल्जियम, इटली, जर्मनी, स्पेन और स्वीडन को शामिल करते हुए 14 आइज़ गठबंधन तक विस्तारित किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**31. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **विवादित स्थान** | **देश** |
|---|---|
| 1. एस्सेक्विबो | (a) गुयाना-वेनेज़ुएला |
| 2. सेनकाकू (डियाओयू) द्वीप | (b) जापान-रूस |
| 3. कुरील द्वीप समूह | (c) जापान-चीन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**32. निम्नलिखित में से किन राज्यों के साथ तेलंगाना अपनी सीमा साझा करता है:**

A. आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु
B. गोवा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
C. आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र
D. कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश

नोट :

**33. मिज़ोरम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में एक स्थलरुद्ध क्षेत्र है।
2. इसकी सीमाएँ म्याँमार, बांग्लादेश, मणिपुर, असम और त्रिपुरा से लगती हैं।
3. यह भारत का पहला जैविक राज्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**34. शेयर बाज़ार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बियर मार्केट से तात्पर्य ऐसे बाज़ार से है जहाँ शेयर की कीमतें लगातार गिरती हैं।
2. बुल मार्केट से तात्पर्य ऐसे बाज़ार से है जो बाज़ार हिस्सेदारी की कीमतों में निरंतर वृद्धि का अनुभव करता है।
3. बियर मार्केट के दौरान अर्थव्यवस्था में मंदी आ जाती है तथा बेरोज़गारी बढ़ जाती है क्योंकि कंपनियाँ कर्मचारियों की छँटनी शुरू कर देती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**35. ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच आदि के अवसरों के संबंध में ट्रांसजेंडरों के विरुद्ध भेदभाव पर रोक लगाता है।
2. इसकी पात्रता हेतु ज़िला अधिकारी से पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा, जो ज़िला स्क्रीनिंग समिति के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करेगा।
3. सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिये चिकित्सा पाठ्यक्रम की समीक्षा करेगी तथा उनके लिये व्यापक चिकित्सा बीमा योजनाएँ प्रदान करेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**36. लोकसभा की आचार समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिये की जाती है।
2. समिति में 15 सदस्य शामिल हैं।
3. समिति का कार्य लोकसभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जाँच करना है जो अध्यक्ष द्वारा उसे भेजी गई हो और ऐसी सिफारिशें करना है जो वह उचित समझे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**37. वित्त आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
2. इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करना है।
3. पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशें वित्तीय वर्ष 2025-26 तक मान्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. "विश्व व्यापार रिपोर्ट" निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत की जाती है ?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
C. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
D. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

नोट :

**39. इंडिया स्टैक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडिया स्टैक सरकार के नेतृत्व वाली पहल है जो विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न डिजिटल सेवाओं को सक्षम करने के लिये एक मज़बूत डिजिटल बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर केंद्रित है।
2. इंडिया स्टैक का लक्ष्य पहचान सत्यापन, डेटा विनिमय और डिजिटल भुगतान प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर इसे बढ़ाना है ताकि उन्हें नागरिकों के लिये अधिक सुलभ और कुशल बनाया जा सके।
3. इंडिया स्टैक को साझा करने के लिये मालदीव के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**40. बी.आर. अंबेडकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने वर्ष 1924 में दलित वर्गों के कल्याण के लिये एक एसोसिएशन की शुरुआत की।
2. उन्होंने दलित वर्गों के मुद्दों का समाधान करने के लिये बहिष्कृत भारत नाम से अखबार शुरू किया।
3. उन्होंने तीनों गोलमेज़ सम्मेलनों में से किसी में भी भाग नहीं लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**41. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1986 में गृह मंत्रालय के तहत अपराध और अपराधियों पर जानकारी के संग्रह के रूप में कार्य करने के लिये की गई थी।
2. इसे 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों के प्रबंधन के लिये केंद्रक अभिकरण एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**42. आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निजी तौर पर संचालित कंपनी या LIC जैसी सरकारी स्वामित्व वाली कोई कंपनी, जनता या नए निवेशकों को शेयर की पेशकश करके धन जुटाती है।
2. प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (IPO) के बाद किसी सूचीबद्ध कंपनी के पास अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश (FPO) के माध्यम से भविष्य के विकास एवं विस्तार के लिये अपनी शेयर पूंजी बढ़ाने का अवसर होता है।
3. IPO लाते समय कंपनी को बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के पास अपना ऑफर दस्तावेज़ दाखिल करना होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. K-आकार की रिकवरी तब होती है जब अर्थव्यवस्था के विभिन्न खंडों के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं, जो रोमन अक्षर "K" की दो भुजाओं से मिलता जुलता है।
2. V-आकार की रिकवरी तीव्र आर्थिक गिरावट के बाद आर्थिक प्रदर्शन के उपायों में त्वरित एवं निरंतर सुधार दर्शाती है।
3. L-आकार की रिकवरी एक प्रकार की रिकवरी है जो लगातार बेरोज़गारी और स्थिर आर्थिक विकास के साथ रिकवरी की धीमी दर को दर्शाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

नोट :

**44. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में किया गया था।
2. इसका मुख्यालय कुवैत, सऊदी अरब में स्थित है।
3. ओपेक की सदस्यता के लिये कोई भी ऐसा देश पात्र है जो तेल का बड़ा निर्यातक है और जो संगठन के आदर्शों को अनुपालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा एक GDP डिफ्लेटर का सबसे सटीक वर्णन करता है?**

A. यह सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना में हुई त्रुटि है।
B. यह पड़ोसी देशों के संबंध में सापेक्ष सकल घरेलू उत्पाद है।
C. यह क्रय शक्ति समानता (PPP) शर्तों में गणना की गई GDP है।
D. यह किसी अर्थव्यवस्था द्वारा किसी विशेष वर्ष में मौजूदा कीमतों पर उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य एवं आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों का अनुपात है।

**46. वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिये कार्रवाई को उत्प्रेरित करने के लिये दिसंबर 2023 में COP 28 (पार्टियों के सम्मेलन) में इसे लॉन्च किया गया है।
2. इसका नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा किया जाता है।
3. प्रतिज्ञा में शामिल देश 2030 तक मीथेन उत्सर्जन को 70% तक कम करने तथा सामूहिक रूप से काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**47. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारत में गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े संगठनों की प्रभावी रोकथाम करना है।
2. जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 90 दिनों में आरोप पत्र दाखिल कर सकती है और अदालत को सूचित करने के बाद अवधि को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।
3. अधिनियम में दिये गए कुछ आधारों पर किसी व्यक्ति को आतंकवादी के रूप में नामित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**48. कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक साझेदारी (GPAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GPAI सहयोगी प्रयासों के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को कम करने, प्रमुख कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्राथमिकताओं पर उन्नत अनुसंधान और व्यावहारिक पहल को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।
2. इसे भारत में हाल ही में संपन्न G20 शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**49. अक्सर खबरों में देखा जाने वाला 'श्रेया सिंघल मामला' किससे संबंधित है?**

A. इसने समलैंगिक विवाह की अनुमति दी
B. इसने तीन तलाक की प्रथा को समाप्त कर दिया
C. इसने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 को रद्द कर दिया
D. इसने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A को रद्द कर दिया

**50. वैश्विक नवाचार सूचकांक (GII) 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वार्षिक तौर पर प्रकाशित होने वाला GII किसी अर्थव्यवस्था के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के प्रदर्शन को मापने के लिये एक प्रमुख संदर्भ है।
2. इस रैंकिंग में संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर है, 132 अर्थव्यवस्थाओं में भारत 40वें स्थान पर है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**51. अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूचकांक 50 अद्वितीय संकेतकों में प्रत्येक अर्थव्यवस्था में IP ढाँचे का मूल्यांकन करता है।
2. अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2023 में 55 अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से भारत 42वें स्थान पर है।
3. यह विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**52. हेज़ फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक निजी निवेश साझेदारी है जिसमें पेशेवर प्रबंधक निजी निवेशकों के लिये उच्च रिटर्न अर्जित करने के लिये गैर-पारंपरिक परिसंपत्तियों का लाभ उठाने तथा व्यापार जैसी विभिन्न रणनीतियों को नियोजित करते हैं।
2. हेज़ फंड में एक निवेशक को आमतौर पर एक मान्यता प्राप्त निवेशक के समान माना जाता है, जिसके लिये न्यूनतम स्तर की आय अथवा परिसंपत्ति की आवश्यकता होती है।
3. वे आमतौर पर निम्न जोखिम वाले निवेश रणनीतियों का उपयोग करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**53. रोगाणुरोधी प्रतिरोध के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी आदि) द्वारा रोगाणुरोधी दवाओं के खिलाफ प्राप्त प्रतिरोध है जिसे संक्रमण के इलाज के लिये उपयोग किया जाता है।
2. रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग" कहा जाता है।
3. जयपुर घोषणापत्र रोगाणुरोधी प्रतिरोध से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**54. तीस्ता नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तीस्ता नदी गंगा (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक सहायक नदी है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है।
2. इसकी उत्पत्ति सिक्किम के चुंगथांग के पास हिमालय से होती है और यह बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर बहती है।
3. सीमा सड़क संगठन (BRO) ने सिक्किम के मुंशीथांग में तीस्ता नदी पर 360 फीट लंबा बेली सस्पेंशन ब्रिज खोला है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **परियोजना** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | अखौरा-अगरतला क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक | भारत-भूटान |
| 2. | गोरखपुर-भुटवाल ट्रांसमिशन लाइन | भारत-नेपाल |
| 3. | पुनात्सांगछू-I | भारत-बांग्लादेश |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1, 2 और 3

D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. 69वें संशोधन अधिनियम, 1992 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत दो नए अनुच्छेद 239AA तथा 239AB शामिल किये गए जिसके तहत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को विशेष दर्जा दिया गया है।

नोट :

2. यह सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस मामलों के अतिरिक्त राज्य तथा समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बनाने के लिये सशक्त दिल्ली विधानसभा की स्थापना करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत किया जाता है ?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
C. विश्व व्यापार संगठन
D. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)

**58. GST परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 96वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा लागू हुआ।
2. इसकी स्थापना राष्ट्रपति द्वारा संशोधित, संविधान के अनुच्छेद 279A(1) के अनुसार की गई थी।
3. परिषद को इस प्रकार से स्थापित किया गया है कि केंद्र के पास 1/3 मतदान शक्ति होगी तथा राज्यों के पास 2/3 मतदान शक्ति होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**59. किसी व्यक्ति को राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उसकी आयु 25 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये।
2. उसे संबंधित राज्य के किसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिये।
3. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य ऐसी सीट पर चुनाव नहीं लड़ सकता जो उनके लिये आरक्षित नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**60. हॉन्ग-कॉन्ग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्ल नदी डेल्टा और दक्षिण चीन सागर पर हॉन्ग-कॉन्ग की रणनीतिक स्थिति ने इसे दुनिया के सबसे संपन्न तथा महानगरीय शहरों में से एक बना दिया है।
2. चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणा के अनुसार ब्रिटेन वर्ष 1997 तक हॉन्ग-कॉन्ग के प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**61. भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत की गई थी।
2. यह भारत में भारतीय निगमों, साझेदारी फर्मों और व्यक्तियों के लिये दिवाला नियमों का प्रबंधन करने वाली एक अतिरिक्त-संवैधानिक इकाई है।
3. इसमें 10 सदस्य होते हैं जो वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**62. भारत द्वारा "एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" और "ऑपरेशन शील्ड" जैसे संयुक्त अभ्यास निम्नलिखित में से किस देश के साथ किये जाते हैं ?**

A. यूनाइटेड किंगडम
B. बांग्लादेश
C. म्याँमार
D. मालदीव

नोट :

**63. प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं तक पहुँच को व्यापक बनाना, दवाओं पर अपनी जेब से होने वाले खर्च को कम करना और प्रति व्यक्ति उपचार लागत को कम करना है।
2. जनऔषधि योजना के लिये आवश्यक है कि देश के प्रत्येक ज़िले में कम से कम दस जनऔषधि स्टोर स्थापित किये जाएँ।
3. PMBJP के तहत एक दवा की कीमत शीर्ष तीन ब्रांडेड दवाओं की औसत कीमत के अधिकतम 50% के सिद्धांत पर तय की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**64. भारत-अफ्रीका संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में भारत सरकार द्वारा अफ्रीकी संघ के सहयोग से 20 सदस्यीय अफ्रीका विशेषज्ञ समूह (AEG) का गठन किया गया था।
2. इंडो अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन पूरी तरह से विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा प्रायोजित एक कार्यक्रम है।
3. भारत की G20 अध्यक्षता के तहत G20 नेताओं ने हाल ही में अफ्रीकी संघ को G20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**65. भारत-म्याँमार संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. म्याँमार भारत से सटा एकमात्र आसियान देश है और इसलिये दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है।
2. गृह मंत्रालय (MHA) ने अपनी वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत-म्याँमार सीमा पर 100 किलोमीटर की स्मार्ट फेंसिंग सिस्टम (SFS) बनाने की योजना पेश की है।
3. चार पूर्वोत्तर राज्य, अर्थात् अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और असम भारत के साथ भूमि सीमा साझा करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**66. भारत में शरणार्थियों से संबंधित विधायी ढाँचे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में शरणार्थियों की समस्या के समाधान के लिये विशिष्ट कानून का अभाव है।
2. विदेशी अधिनियम,1946 की धारा 3 के तहत, केंद्र सरकार को अवैध विदेशी नागरिकों का पता लगाने, हिरासत में लेने और निर्वासित करने का अधिकार है।
3. नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (CAA) केवल दुनिया के किसी भी हिस्से में सताए गए हिंदू, ईसाई, जैन, पारसी, सिख और बौद्ध प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**67. राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCMC प्राकृतिक आपदा के मद्देनज़र राहत उपायों और कार्यों के समन्वय एवं कार्यान्वयन के लिये गठित एक समिति है।
2. NCMC का नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**68. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (Nutrient Based Subsidy- NBS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBS व्यवस्था के तहत किसानों को निहित पोषक तत्वों (N, P, K और S) के आधार पर रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं।

2. जो उर्वरक मोलिब्डेनम (Mo) और ज़िंक जैसे द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्त्वों से समृद्ध होते हैं, उन्हें अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है।
3. इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2010 से लागू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**69. छत्तीसगढ़ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सात राज्यों से घिरा हुआ है।
2. यह भारत में टिन का एकमात्र उत्पादक है।
3. तीन नदियों महानदी (चित्रोत्पला), पैरी और सोंदुर का पवित्र संगम, जिसे त्रिवेणी संगम कहा जाता है, छत्तीसगढ़ में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. इनमें से कोई भी नहीं

**70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) को वर्ष 1950 में अपनाया गया था।
2. राष्ट्रमंडल मानवाधिकार पहल (CHRI) संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**71. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **नृत्य** | **राज्य** |
|---|---|
| 1. कालबेलिया | (a) राजस्थान |
| 2. छऊ | (b) गोवा |
| 3. संकीर्तन | (c) तमिलनाडु |
| 4. मुदियेट्टु | (d) कर्नाटक |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**72. गरबा नृत्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे हाल ही में यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है।
2. गरबा नृत्य शैली यूनेस्को की सूची में जगह बनाने वाली भारत की 10वीं सांस्कृतिक धरोहर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**73. वेस्ट बैंक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें पश्चिमी मृत सागर/डेड सी का एक बड़ा भाग शामिल है।
2. अरब-इज़रायल युद्ध (1948) के बाद इस पर इज़राइल ने कब्जा कर लिया था लेकिन वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध के दौरान जॉर्डन ने इस पर वापस नियंत्रण प्राप्त किया और तब से इस पर नियंत्रण बनाए रखा है।
3. यह इज़रायल तथा जॉर्डन के बीच स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**74. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है।
2. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
3. अखिल भारतीय WPI के लिये आधार वर्ष को हाल ही में संशोधित कर वर्ष 2022 कर दिया गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**75. मौद्रिक नीति समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 के तहत केंद्र सरकार द्वारा किया गया है।
2. मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति लक्ष्य की प्राप्ति के लिये आवश्यक नीति दर का निर्धारण करती है।
3. इसमें 6 सदस्य होते हैं और RBI गवर्नर इसके पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**76. भारत-श्रीलंका संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रीलंका के जातीय संघर्ष का समाधान करने के लिये इंडो-लंका समझौते 1987 पर हस्ताक्षर किये गए थे।
2. पाक जलसंधि दोनों देशों को विभाजित करता है।
3. दोनों देशों के बीच मित्र शक्ति और SLINEX नामक संयुक्त अभ्यास का आयोजन किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**77. 'मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत और नेपाल के बीच तैयार किया जा रहा है।
2. इसे 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना ऋण की सहायता प्रदान की जा रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**78. 'द ग्लोबल क्लाइमेट 2011-2020' रिपोर्ट हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत की गई थी?**

A. जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC)
B. विश्व बैंक
C. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)
D. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)

**79. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **स्थान** | **देश** |
|---|---|
| 1. रुवेन्ज़ोरी पर्वत | (a) तिब्बत |
| 2. माउंट किलिमंजारो | (b) तंज़ानिया |
| 3. चुंगथांग बाँध | (c) सिक्किम |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**80. सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और निपटान के लिये सबसे बड़ा और सबसे सुव्यवस्थित तरीका है।
2. यह प्रत्येक सदस्य संस्थान को एक विशिष्ट ID कोड निर्दिष्ट करता है जिसके माध्यम से बैंक का नाम और देश, शहर एवं शाखा की पहचान की जाती है।
3. ईरान, रूस और बेलारूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिये इसका उपयोग किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**81. मीडियम टर्म एक्सपेंडीचर फ्रेमवर्क (MTEF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MTEF विवरण अंतर्निहित मान्यताओं और जोखिमों के साथ-साथ व्यय संकेतकों के लिये तीन वर्ष के रोलिंग लक्ष्य निर्दिष्ट करती है।
2. यह विवरण राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRMB) अधिनियम, 2003 की धारा 3 के तहत संसद में प्रस्तुत किया जाता है।
3. MTEF विवरण बजट दस्तावेज़ का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**82. लोकसभा की आचार समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोई भी व्यक्ति किसी सदस्य के खिलाफ दूसरे लोकसभा सांसद के माध्यम से शिकायत कर सकता है।
2. अध्यक्ष किसी सांसद के खिलाफ कोई भी शिकायत समिति को प्रेषित कर सकता है।
3. समिति अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को प्रस्तुत करती है जिसके पास उस सदस्य को बर्खास्त करने की शक्ति होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**83. संसदीय विशेषाधिकारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसदीय विशेषाधिकार संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों को प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ तथा छूट हैं।
2. इन विशेषाधिकारों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 में परिभाषित किया गया है।
3. इन विशेषाधिकारों के तहत, संसद सदस्यों को अपने कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान दिये गए किसी भी बयान अथवा किये गए कार्य के लिये नागरिक और आपराधिक दायित्त्व दोनों से छूट दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 3

D. 1, 2, और 3

**84. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य पूरे मानव जीवन चक्र में, सभ्य जीवन को बढ़ावा देने के लिये भोजन और पोषण सुरक्षा के लिये किफायती, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराना है।
2. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत 75% ग्रामीण आबादी और 75% शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये पात्र हैं।
3. NFSA के अनुसार केंद्र सरकार समय-समय पर अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**85. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोलकनाथ मामले (1967) में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में संशोधन करने की पूर्ण शक्ति संसद को प्रदान की।
2. शंकरी प्रसाद मामले (1951) और सज्जन सिंह मामले (1965) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि संसद के पास मौलिक अधिकारों में संशोधन करने की शक्ति नहीं है।
3. केशवानंद भारती मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया कि भारतीय संविधान के किसी भी प्रावधान में संसद द्वारा संशोधन किया जा सकता है, बशर्ते कि उस संशोधन से संविधान की मूल संरचना में कोई बदलाव न होता हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**86. जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
2. इसकी अध्यक्षता जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के सचिव द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**87. हाल ही में जेमिनी, बार्ड और क्लाउड जैसे शब्द चर्चा में थे। ये किससे संबंधित हैं?**

A. जीन संपादन उपकरण
B. ड्रोन
C. उपग्रह
D. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) चैटबॉट

**88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NPA से आशय उन ऋणों अथवा अग्रिमों के वर्गीकरण से है जो डिफ़ॉल्ट हैं अथवा मूलधन या ब्याज के निर्धारित भुगतान पर बकाया हैं।
2. प्रोविज़निंग कवरेज़ अनुपात किसी बैंक की जोखिम-भारित परिसंपत्तियों और वर्तमान देनदारियों के संबंध में उसकी पूंजी का अनुपात है।
3. पूंजी पर्याप्तता अनुपात से तात्पर्य खराब ऋणों के कारण होने वाले संभावित नुकसान को कवर करने के लिये बैंकों द्वारा अलग रखे जाने वाले धन के निर्धारित प्रतिशत से है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. तीनों
4. कोई भी नहीं

**89. लॉस एंड डैमेज फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय पैकेज है।
2. विश्व बैंक लॉस एंड डैमेज फंड की निगरानी करता है, जबकि धन के प्रमुख स्रोत अमीर देश होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**90. ओडिशा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी सीमा चार राज्यों से लगती है।
2. यह भारत का सबसे बड़ा लौह उत्पादक राज्य है।
3. यह भारत का सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक राज्य भी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायपालिका की स्वतंत्रता
2. संविधान की कठोरता
3. एकल सरकार राज-व्यवस्था
4. द्वि-सदनात्मकता

**उपर्युक्त में से कौन संघवाद की विशेषता नहीं है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1, 2 और 4
D. 1, 2 और 3

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) की स्थापना वर्ष 1960 में इसके संस्थापक सदस्यों ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा की गई थी।
2. विश्व के कच्चे तेल के उत्पादन में OPEC की हिस्सेदारी लगभग 40% है और इसके सदस्यों द्वारा किया जाने वाला निर्यात विश्व भर के पेट्रोलियम व्यापार का लगभग 60% है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**93. निम्नलिखित में से किसके द्वारा उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट, 2023 प्रकाशित की गई है?**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
B. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
C. विश्व मौसम विज्ञान संगठन
D. विश्व बैंक

**94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) सिंथेसिस रिपोर्ट जारी की गई।
2. NDC क्योटो प्रोटोकॉल का मुख्य आधार है और यह विभिन्न राष्ट्रों द्वारा होने वाले उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अनुकूलित करने के लिये प्रत्येक देश के प्रयासों को दर्शाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**95. उष्णकटिबंधीय चक्रवात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवात समुद्र तट की ओर बढ़ते हैं, और तेज़ हवाओं, भारी बारिश तथा तूफ़ान के साथ व्यापक विनाश का कारण बनते हैं।
2. उष्णकटिबंधीय चक्रवात ठंडे उष्णकटिबंधीय महासागरों पर उत्पन्न होते हैं और तीव्र होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**96. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्राथमिक उत्तरदायित्व अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है।
2. इसमें कुल 15 सदस्य हैं और प्रत्येक सदस्य के पास संयुक्त राष्ट्र में उनके द्वारा किये गए मौद्रिक योगदान के अनुरूप मतदान का अधिकार है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**97. मक्का के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके उत्पादन के लिये पुरानी जलोढ़ मृदा सबसे उपयुक्त है।
2. भारत का उत्तर प्रदेश सर्वाधिक मक्का उत्पादक राज्य है।
3. मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन मक्का के लिये सरकार की पहलों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**98. भारतीय भेषज संहिता आयोग (Indian Pharmacopoeia Commission- IPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की दूसरी अनुसूची के तहत भारतीय भेषज संहिता (इंडियन फार्माकोपिया) के शीघ्र जारी किये जाने पर केंद्रित है।
2. यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त निकाय है।
3. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव इस आयोग के अध्यक्ष होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**99. इथेनॉल सम्मिश्रण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इथेनॉल एक कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाला ईंधन है और इसकी दक्षता कई अन्य ईंधनों के समतुल्य है किंतु इसकी लागत पेट्रोल की तुलना में अधिक है।
2. इसका उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है।
3. भारत सरकार ने पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण (जिसे E20 भी कहा जाता है) का लक्ष्य वर्ष 2025 से बढ़ाकर 2030 कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**100. विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उम्मीदवार, पत्रकार, मीडिया घराने, न्यायाधीश, सरकारी कर्मचारी, राजनेता और राजनीतिक संगठन सहित कोई भी नागरिक विदेशी धन प्राप्त कर सकता है।
2. FCRA रजिस्ट्रीकरण पाँच वर्ष के लिये वैध होता है, और गैर-सरकारी संगठनों को रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति के छह महीने के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन करना अनिवार्य है।

नोट :

3. वर्ष 2020 में किये गए संशोधन द्वारा प्रशासनिक खर्चों हेतु विदेशी योगदान के उपयोग की सीमा को 50% से घटाकर 20% कर दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**101. गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UAPA के तहत केवल भारतीय नागरिकों पर ही आरोप दायर किया जा सकता है।
2. UAPA के तहत जाँच एजेंसी के पास गिरफ्तारी करने के बाद आरोप पत्र दाखिल करने के लिये अधिकतम 180 दिन का समय होता है।
3. इस अधिनियम में वर्ष 2004 के संशोधन कर आतंकवादी गतिविधियों के लिये संगठनों पर प्रतिबंध लगाने हेतु अपराधों की सूची में "आतंकवादी अधिनियम" को शामिल किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**102. पेटेंट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में प्रत्येक पेटेंट की अवधि पेटेंट आवेदन दाखिल करने की तारीख से पच्चीस वर्ष है।
2. भारत में पेटेंट प्रणाली का प्रशासन पेटेंट अधिनियम, 1970 द्वारा किया जाता है।
3. पेटेंट (संशोधन) नियम, 2021 द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के लिये पेटेंट दाखिल करने की शुल्क में 80% की वृद्धि की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**103. पेटेंट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एवरग्रीनिंग ऑफ पेटेंट सरकार द्वारा संस्थाओं को पेटेंट मालिक की सहमति के बिना पेटेंट किये गए वस्तु के उपयोग, विनिर्माण, आयात की अनुमति है।
2. अनिवार्य लाइसेंसिंग (CL) किसी अधिकार क्षेत्र में समाप्त होने वाले पेटेंट की अवधि को बढ़ाने की एक रणनीति है, जिससे नए पेटेंट के अधिग्रहण के माध्यम से रॉयल्टी को बनाए रखने में मदद मिलती है।
3. WTO के TRIPS समझौते के तहत अनिवार्य लाइसेंसिंग की अनुमति दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**104. सिकल सेल रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रक्त विकार है, हीमोग्लोबिन में असामान्यता इसकी विशेषता है।
2. भारत में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का लक्ष्य वस्ढ़ 2024 तक सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**105. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया प्रदान नहीं करता है।
2. कोई व्यक्ति जो व्यक्ति राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं है उसे मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।
3. भारतीय संविधान के अनुसार किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त होने से पूर्व विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना अनिवार्य नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**106. बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस पहल में दो प्रमुख घटक शामिल हैं: सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और समुद्री सिल्क रोड।
2. यह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) से होकर गुजरता है।
3. BRI के कारण विशेष रूप से साझेदार देशों में प्रमुख बुनियादी ढाँचे पर चीन के बढ़ते प्रभाव और नियंत्रण के संबंध में भू-राजनीतिक चिंताएँ बढ़ गई हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**107. एशियाई विकास बैंक (ADB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ADB का संस्थापक सदस्य है।
2. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय फिलीपींस के मनीला में है।
3. भारत के बाद चीन इसका सबसे बड़ा शेयरधारक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**108. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह SAARC देशों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।
2. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसे पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**109. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को विनियमित करने के उद्देश्य से विश्व का पहला व्यापक कानून प्रस्तावित किया है।
2. सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन यूरोप में व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिये एक व्यापक डेटा संरक्षण कानून पर केंद्रित है।
3. यूरोपीय संघ कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक साझेदारी (GPAI) का सदस्य नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**110. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | प्रयुक्त शब्द | से संबंधित |
|---|---|---|
| 1. | दारफुर नरसंहार | सूडान |
| 2. | ऑपरेशन नॉर्दर्न शील्ड | इज़रायल |
| 3. | हूती विद्रोही | यमन |
| 4. | हमास | वेस्ट बैंक |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1,2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**111. भारत-श्रीलंका संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्रीलंका के वित्तपोषण और ऋण पुनर्गठन के लिये अपना समर्थन पत्र सौंपने वाला भारत पहला देश बन गया है।
2. श्रीलंका भारत की UPI सेवा को अपनाने वाला विश्व का पहला देश है।
3. मित्र शक्ति और SLINEX दोनों देशों के बीच आयोजित किये जाने वाले दो संयुक्त अभ्यास हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में 'फेडरेशन' शब्द को स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है।
2. भारतीय संघवाद एक साथ आने के बजाय एक साथ रहने के सिद्धांत पर आधारित है।
3. भारतीय संघीय व्यवस्था में एक मज़बूत केंद्र की अवधारणा कनाडाई मॉडल पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 19 के तहत प्रदत्त छह स्वतंत्रताएँ केवल राज्य और उसके उपकरणों के विरुद्ध उपलब्ध हैं।
2. संपत्ति के अधिग्रहण, धारण और निपटान का अधिकार वर्ष 1978 के 62वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया था।
3. राज्य किसी भी आधार पर अनुच्छेद 19 के तहत प्रदत्त छह अधिकारों पर 'उचित' प्रतिबंध लगा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**114. राजकोषीय घाटे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निम्न राजकोषीय घाटे के कारण मुद्रास्फीति, मुद्रा का अवमूल्यन और कर्ज का बोझ बढ़ सकता है।
2. निरंतर निम् राजकोषीय घाटे के कारण सरकारी ऋण में वृद्धि होती है, जिससे भावी पीढ़ियों पर ऋण अदायगी का दबाव बढ़ता है।
3. उच्च राजकोषीय घाटा अर्थव्यवस्था में क्राऊडिंग इफ़ेक्ट प्रभावित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**115. छठी अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह असम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान करता है।
2. यह संविधान सभा द्वारा गठित बारदोलोई समिति की रिपोर्ट पर आधारित था।
3. यह जनजातियों को एक स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद और स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC) के माध्यम से विधायी और कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**116. संसद सदस्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के लिये व्यक्ति की आयु राज्यसभा के संदर्भ में कम से कम 35 वर्ष और लोकसभा के संदर्भ में कम से कम 27 वर्ष होनी चाहिये।
2. किसी भी राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना अनिवार्य है यदि वह अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ना चाहता है।
3. किसी अपराध के लिये दोषी ठहराए जाने और परिणामस्वरूप एक अथवा एकाधिक वर्ष की कारावास की सज़ा मिलने की स्थिति में उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**117. भारत-चीन संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और चीन दोनों BRICS, SCO, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के सदस्य हैं।
2. भारत की सबसे लंबी सीमा चीन के साथ लगती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**118. गैर-संचारी रोगों के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. गैर-संचारी रोग (NCDs) आनुवांशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय और व्यवहार संबंधी कारकों के संयोजन से उत्पन्न होते हैं और लंबी अवधि तक बने रहते हैं।
2. देश भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD) का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**119. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. भारत के कृषि क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में 4.6% की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है।
2. हालिया वर्षों में भारत की छवि कृषि उत्पादों के शुद्ध निर्यातक के रूप में उदित हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**120. ग्लोबल कूलिंग प्रतिबद्धता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2023 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP28) में भारत की मेज़बानी में की गई एक पहल है।
2. इसका लक्ष्य वर्ष 2050 तक कूलिंग-संबंधी उत्सर्जन को 68% तक कम करने के लिये सामूहिक वैश्विक लक्ष्यों के माध्यम से महत्त्वाकांक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**121. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना है।
2. ISA की परिकल्पना सौर ऊर्जा विकल्पों का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त प्रयास से की गई थी।
3. वर्तमान में, केवल उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के देश ही इस गठबंधन में शामिल होने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1

C. केवल 2

D. 1, 2, और 3

**122. वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे हाल ही में दुबई में 2023 में आयोजित COP28 में लॉन्च किया गया है।
2. विश्व आर्थिक मंच, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**123. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संयुक्त राष्ट्र का एक सहायक भाग है।
2. वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट इसकी प्रमुख रिपोर्टों में से एक है।
3. IEA का सदस्य बनने के लिये किसी देश को संयुक्त राष्ट्र का सदस्य होना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2, और 3

**124. पीएम गति शक्ति योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मेड इन इंडिया पहल है, जो मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी की एकीकृत योजना हेतु एक परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकारी' दृष्टिकोण है।
2. इसका लक्ष्य भारत के सभी गाँवों तक 4G कनेक्टिविटी का विस्तार करना है।
3. इसमें वर्ष 2019 में लॉन्च की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को भी शामिल किया जाएगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**125. निर्भया फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फंड विशेष रूप से देश में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार पर केंद्रित पहलों का समर्थन करने के लिये वित्त मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।
2. इस फंड की निगरानी के लिये महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव के अधीन अधिकृत अधिकारियों की एक समिति की स्थापना की गई थी।
3. यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने के साथ ही समाप्त नहीं होने वाला, यानी एक नॉन-लैप्सेबल फंड है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**126. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) के तहत एक कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक समझौता है जिसे वर्ष 2015 में अपनाया गया था।
2. इसे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के स्थान पर लाया गया जो कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु एक पूर्व समझौता था।
3. पेरिस समझौते के तहत, प्रत्येक देश को प्रति 15 वर्ष पर अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) संबंधी विवरण जमा करना और अद्यतन करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**127. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (CBAM) कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु यूरोपीय संघ का तंत्र है।
2. यह घरेलू उत्पादों और आयात के बीच कार्बन उत्सर्जन से होने वाले लागत को संतुलित करेगा।
3. यह विश्व व्यापार संगठन के अनुरूप एक उपाय है जो वैश्विक उद्योग को हरित और अधिक सतत् प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**128. मध्यस्थता एवं सुलह (संशोधन) अधिनियम 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) नामक एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना करना है।
2. इससे मध्यस्थता प्रक्रिया में सभी हितधारकों के बीच समानता लाने में मदद मिलेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल स्टॉकटेक वर्ष 2015 में पेरिस समझौते के बाद से ग्लोबल वार्मिंग को कम करने की दिशा में हुई प्रगति का आकलन है।
2. लॉस एंड डैमेज' (L&D) फंड धन और प्रौद्योगिकियों का एक कोष है जिसे विकसित देशों द्वारा फिर से तैयार किया जाएगा और बाकी देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन के अधिक अपरिहार्य प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न हीं 2

**130. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( NDMA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) एक संवैधानिक निकाय है।
2. NDMA का गठन औपचारिक रूप से वर्ष 2006 में 67वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा किया गया था।
3. इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं और इसमें 15 अन्य सदस्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**131. मुद्रास्फीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेडलाइन मुद्रास्फीति उस अवधि के लिये कुल मुद्रास्फीति है, जिसमें वस्तुओं की एक बास्केट शामिल होती है।
2. खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति भारत में हेडलाइन मुद्रास्फीति के घटकों में से एक है।
3. मुख्य मुद्रास्फीति हेडलाइन मुद्रास्फीति की निगरानी के लिये उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के सेट से अप्रत्याशित या अस्थिर वस्तुओं को हटा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**132. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ( NSO ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) और केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) बनाने के लिये विलय कर दिया गया है।
2. इसकी अध्यक्षता सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन सचिव करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**133. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थोक मूल्य सूचकांक थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है।
2. यह केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
3. अखिल भारतीय WPI का आधार वर्ष 2017 में 2004-05 से संशोधित करके वर्ष 2011-12 कर दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**134. अल नजाह, ईस्टर्न ब्रिज तथा नसीम अल बह्र निम्नलिखित में से किन देशों के बीच आयोजित संयुक्त अभ्यास हैं:**

A. भारत-ओमान
B. भारत-सऊदी अरब
C. भारत-कतर
D. सऊदी अरब-ओमान

**135. भारत-ओमान संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओमान होर्मुज़ जलडमरूमध्य का प्रवेश द्वार पर है जिसके माध्यम से भारत अपने तेल आयात का पाँचवाँ हिस्सा आयात करता है।
2. ओमान खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेनाएँ नियमित द्विपक्षीय अभ्यास करती हैं।
3. संयुक्त सैन्य सहयोग समिति (JMCC) रक्षा के क्षेत्र में भारत और ओमान के बीच भागीदारी का सर्वोच्च मंच है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**136. किसी संसद सदस्य के निलंबन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 78 लोक सभा अध्यक्ष को किसी सदस्य को तुरंत सदन छोड़ने का निर्देश देने की अनुमति देता है यदि उनका आचरण गंभीर रूप से अव्यवस्थित माना जाता है।

नोट :

2. अनुच्छेद 80 के तहत राज्यसभा के सभापति "किसी भी सदस्य को, जिसका आचरण उनकी राय में अमर्यादित हो, सदन से बाहर जाने का निर्देश दे सकते हैं"।
3. सदस्य के निष्कासन के संबंध में अंतिम निर्णय राष्ट्रपति द्वारा लिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**137. भारत-मालदीव संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल की आपूर्ति की।
2. ऑपरेशन संजीवनी के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की।
3. ऑपरेशन संकल्प के तहत भारत ने मालदीव को COVID-19 के खिलाफ लड़ाई में सहायता के रूप में आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**138. भारत में अंगों के प्रत्यारोपण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1994 का मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, मानव अंगों के चिकित्सीय उपयोग की निगरानी करता है साथ ही ऐसे अंगों की व्यावसायिक तस्करी को रोकता है।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'एक राष्ट्र, एक नीति' दृष्टिकोण अपनाते हुए अंग प्राप्तकर्त्ताओं के लिये राज्य-विशिष्ट अधिवास शर्तों को समाप्त कर दिया।
3. केवल 50 वर्ष से कम आयु के लोग ही अंग प्रत्यारोपण के लिये पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**139. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक (IMEC) कॉरिडोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें रेलमार्ग, जहाज़-से-रेल नेटवर्क और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे जो दो गलियारों - पूर्व और उत्तर - तक विस्तारित होंगे।
2. इसके 8 हस्ताक्षरकर्त्ता देश भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्राँस और बांग्लादेश हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें महाराष्ट्र के सुकरात के रूप में जाना जाता था।
2. वह नेशनल सोशल कॉन्फ्रेंस के संस्थापकों में से एक थे।
3. उन्होंने पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना की।

**उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में सत्य हैं?**

A. महादेव गोविंद रानाडे
B. बंकिम चंद्र चटर्जी
C. गोपाल कृष्ण गोखले
D. लाला लाजपत राय

**141. काला सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. काला सागर की सीमा से लगे देशों में यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और मोल्दोवा शामिल हैं।
2. इसे एक्सिन सागर के नाम से भी जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**142. बैलेचली पार्क घोषणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इंग्लैंड में पहली बार आयोजित AI सुरक्षा शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षरित घोषणा है।
2. इस घोषणा का उद्देश्य फ्रंटियर AI कहे जाने वाले उन्नत AI के ज़ोखिमों और लाभों से निपटने के लिये एकजुट होकर रणनीति बनाना है।
3. भारत सहित विकासशील देशों ने घोषणा पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**143. राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिकरण के पास महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित किसी भी नागरिक मामले पर सुनवाई करने का क्षेत्राधिकार है।
2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की अनुसूची-I में उल्लिखित परिनियमों में शामिल विषयों से संबंधित पर्यावरणीय क्षति के लिये राहत तथा क्षतिपूर्ति की मांग करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिकरण से संपर्क कर सकता है।
3. अधिकरण के निर्णय सलाहकारी प्रकृति के हैं और उनमें बाध्यकारी शक्ति का अभाव है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**144. परिसीमन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आयोग की नियुक्ति प्रत्येक पाँच वर्ष में भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. इसमें सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, मुख्य चुनाव आयुक्त और राज्य चुनाव आयुक्त शामिल होते हैं।
3. आयोग द्वारा जारी निर्देश निर्णायक प्रकृति के हैं तथा विधिक अधिकार से पूर्ण हैं एवं किसी भी न्यायालय में उन पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**145. अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह इन भूमियों पर लंबे समय से निवास कर रहे अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य परंपरागत वन निवासियों (OTFD) को वन भूमि पर उनके वन अधिकारों को मान्यता तथा अनुदान देता है।
2. ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की प्रकृति और सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**146. मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) एक्ट, 1971 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) एक्ट, 1971 शांतिलाल शाह समिति की सिफारिश पर आधारित है।
2. वर्ष 2021 का संशोधन बलात्कार जैसे विशिष्ट मामलों में दो चिकित्सकों की मंज़ूरी के साथ गर्भावस्था के 20 से 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**147. लाल सागर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लाल सागर की सीमा मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और सोमालिया से लगती है।
2. यह बाब अल मांडेब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी के माध्यम से दक्षिण में हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है।
3. यह ग्रेट रिफ्ट वैली के एक भाग पर स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**148. ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क (OCEN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विकेंद्रीकृत ओपन क्रेडिट नेटवर्क है जो मानकों के एक सामान्य समूह के तहत उधारकर्त्ताओं, उधारदाताओं और क्रेडिट वितरकों के बीच ऋण के प्रवाह को संहिताबद्ध करता है।
2. यह ओपन API के बड़े ढाँचे का एक हिस्सा है जिसे इंडिया स्टैक के नाम से जाना जाता है।
3. OCEN को हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न G20 शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. केवल तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है।
2. संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में से किसी एक का सदस्य हो सकता है।
3. संविधान के अनुसार किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त होने से पहले विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**150. राज्यपाल की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब राज्य विधानमंडल का सत्र नहीं चल रहा हो तो वह अध्यादेश जारी कर सकता है।
2. राज्य विधायिका को इन अध्यादेशों के पुन: संयोजन के बारह सप्ताह के भीतर अनुमोदित करना होगा।
3. वह अध्यादेश वापस नहीं ले सकते, क्योंकि यह शक्ति केवल राज्य विधानमंडल के पास है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**151. पाँचवीं अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुसूची पाँच के अंतर्गत सात राज्य शामिल हैं।
2. अनुच्छेद 244 (1) असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम के अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों में पाँचवीं अनुसूची प्रावधानों को लागू करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**152. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | जनजातीय विद्रोह | | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | तमाड़ विद्रोह | (a) | छोटानागपुर क्षेत्र |
| 2. | भील विद्रोह | (b) | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 3. | पत्थलगड़ी आंदोलन | (c) | झारखंड |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**153. अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत विस्तार (PESA) अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1996 में "पंचायतों से संबंधित संविधान के भाग IX के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिये" अधिनियमित किया गया था।
2. यह ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं को मंजूरी देने तथा गौण वन उपज के प्रबंधन सहित सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है।
3. यह जनजातीय समुदायों, जो अनुसूचित क्षेत्रों के निवासी हैं, को स्वशासन की अपनी प्रणालियों के माध्यम से स्वशासन करने के अधिकार को मान्यता देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुलाधिपति के रूप में राज्यपाल मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करता है तथा सभी विश्वविद्यालयी मामलों पर अपने निर्णय स्वयं लेता है।
2. केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अंतर्गत भारत का प्रधानमंत्री एक केंद्रीय विश्वविद्यालय का विज़िटर होगा।
3. पुंछी आयोग ने सार्वजनिक आलोचना से बचने के लिये राज्यपालों पर विवादास्पद शक्तियों का अधिक बोझ डालने के प्रति आगाह किया एवं उन्हें वैधानिक अधिकार देने के विरुद्ध सलाह दी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**155. दल-बदल विरोधी कानून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दसवीं अनुसूची, जिसे दल-बदल विरोधी अधिनियम के नाम से जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था।
2. 91वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार, किसी दल के कम-से-कम एक-तिहाई सदस्यों को कानून की नज़र में वैधता प्राप्त करने के लिये "विलय" के पक्ष में होना चाहिये।
3. दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित प्रश्नों पर निर्णय हेतु उसे ऐसे सदन के अध्यक्ष या स्पीकर को भेजा जाता है, जो 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**156. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 148 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तुल्य कानूनी दर्जा प्रदान करता है।
2. CAG के खर्च का वहन भारत के लोक लेखा के अंतर्गत किया जाता है।
3. संसद CAG द्वारा आयोजित ऑडिट रिपोर्ट के माध्यम से वित्तीय प्रशासन में कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**157. खाड़ी सहयोग परिषद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GCC खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, UAE, कतर, कुवैत, ओमान और इराक का एक संघ है।
2. परिषद भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक गुट है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**158. हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IORA का दृष्टिकोण वर्ष 1995 में दक्षिण अफ्रीका के दिवंगत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की भारत यात्रा के दौरान उत्पन्न हुआ था।
2. भारत और चीन दोनों इस संगठन के सदस्य हैं।
3. तेहरान स्थित क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (RCSTT) इसकी विशेष एजेंसियों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**159. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये :**

1. इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा कंपनियों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने के लिये डिजिटल स्वास्थ्य ID प्रदान करना है।
2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) कार्यान्वयन एजेंसी होगी।
3. कार्यक्रम की गुणवत्ता बनाए रखने के लिये प्रत्येक व्यक्ति से स्वास्थ्य ID के लिये एक निर्दिष्ट मूल्य लिया जाएगा।

नोट :

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में संचार निगरानी मुख्य रूप से दो कानूनों- टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत होती है।
2. टेलीग्राफ अधिनियम सभी इलेक्ट्रॉनिक संचार की निगरानी से निपटने के लिए बनाया गया था, जबकि IT अधिनियम कॉल्स के अवरोधन से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**161. निम्नलिखित अनुच्छेद पर विचार कीजिये:**

**यह तमिलनाडु की एकमात्र बारहमासी नदी है। यह राज्य की सबसे छोटी नदी है। यह अंबासमुद्रम तालुक में पश्चिमी घाट की पोथिगई पहाड़ियों से निकलती है और तिरुनेलवेली तथा थूथुकुडी ज़िलों से होकर बहते हुई कोरकाई (तिरुनेलवेली ज़िले) में मन्नार की खाड़ी (बंगाल की खाड़ी) में गिर जाती है। इस प्रकार यह एक ही राज्य में बहती है। यह नदी नीलगिरि मार्टन, पतला लोरिस, लायन टेल्ड मकाक, सफेद धब्बेदार झाड़ी मेंढक, आकाशगंगा मेंढक, श्रीलंकाई एटलस मोथ और ग्रेट हॉर्नबिल जैसे वन्यजीवों का समर्थन करती है। पारिस्थितिक तंत्र सेवाओं के अलावा यह नदी राज्य के लोगों के लिये ऐतिहासिक मूल्य भी रखती है। संगम युग साहित्य में इसका व्यापक रूप से उल्लेख किया गया है।**

**उपरोक्त परिच्छेद में किस नदी की बात की गई है?**

A. थामिराबरानी

B. तापी

C. गोदावरी

D. कृष्णा

**162. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCD, जिन्हें दीर्घकालिक बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है, छोटी अवधि के होते हैं और आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय तथा व्यावहारिक कारकों के संयोजन का परिणाम होते हैं।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD) लागू किया जा रहा है।
3. सस्ती कीमतों पर जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने के लिये फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा जन औषधि स्टोर स्थापित किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**163. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (NAFED) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत की गई थी।
2. NAFED की स्थापना किसानों को लाभ पहुँचाने के लिये कृषि उपज के सहकारी विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
3. खेतिहर किसान NAFED के मुख्य सदस्य हैं, जिन्हें NAFED की कार्यप्रणाली में सामान्य निकाय के सदस्य के रूप में अपनी बात कहने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**164. भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उपभोक्ता सहकारी समितियों के लिये एक शीर्ष संगठन है।
2. यह सहकारिता मंत्रालय के तत्त्वावधान में काम करता है।
3. यह बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. सभी 3

D. इनमें से कोई भी नहीं

**165. अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार के विश्वास को परखने के लिये इसे लोकसभा या राज्यसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. इसमें शामिल होने के लिये कम-से-कम 100 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है।
3. यदि यह पारित हो जाता है तो सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**166. यूरोपीय संघ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूरोपीय संघ 27 देशों का एक समूह है जो एक सामंजस्यपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक ब्लॉक के रूप में कार्य करता है।
2. यूरो ब्लॉक के सभी सदस्यों की आधिकारिक मुद्रा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**167. राममूर्ति समिति निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार से संबंधित है?**

A. स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार
B. आंदोलन की स्वतंत्रता का अधिकार
C. शोषण के विरुद्ध अधिकार
D. शिक्षा का अधिकार

**168. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बीमा ग्राहकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से बनाई गई एक नियामक संस्था है।
2. यह उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के तहत एक वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**169. 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दो उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों, विदेश और रक्षा विभाग संभालने वाले मंत्रियों की भागीदारी का प्रतीक है।
2. भारत का 2+2 तंत्र केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**170. अखिल भारतीय न्यायिक सेवाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (AIJS) अवधारणा की उत्पत्ति वर्ष 1958 और 1978 में विधि आयोग की रिपोर्टों से हुई।
2. संविधान का अनुच्छेद 312 केंद्रीय सिविल सेवाओं के समान अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (AIJS) की स्थापना का प्रावधान करता है।
3. वर्तमान प्रणाली के तहत राज्यों के पास ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार है, जिसका प्रबंधन राज्य लोक सेवा आयोगों और उच्च न्यायालयों द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**171. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जीनोम अनुक्रमण एक जीनोम में RNA न्यूक्लियोटाइड्स के क्रम की जाँच करता है।
2. ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद(CSIR) की एक योजना थी जिसका लक्ष्य लगभग 1000 भारतीय ग्रामीण युवाओं के नमूने का जीनोम अनुक्रमण करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

नोट :

**172. विशेष अनुमति याचिका (SLP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 136 के तहत भारत का संविधान सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी न्यायालय/न्यायाधिकरण द्वारा दिये गए किसी भी फैसले के विरुद्ध अपील करने की विशेष अनुमति देने की शक्ति प्रदान करता है।
2. कोई भी पीड़ित पक्ष प्रमाण पत्र देने से इनकार करने के फैसले अथवा आदेश के विरुद्ध विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर कर सकता है।
3. उच्च न्यायालय के किसी भी फैसले के विरुद्ध, फैसले के दिन से लेकर 90 दिनों के भीतर विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**173. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रधानमंत्री कार्यालय के अंतर्गत आने वाले कार्मिक विभाग, कार्मिक, पेंशन और लोक शिकायत मंत्रालय के अधीक्षण के तहत कार्य करता है।
2. लोकायुक्त कार्यालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के उल्लंघन की जाँच की निगरानी का प्रभारी होता है।
3. यह भारत में केंद्रीय पुलिस अभिकरण भी है जो इंटरपोल सदस्य देशों की ओर से जाँच का समन्वय करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**174. खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम, 1957 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में खनन क्षेत्र के विनियमन का कार्य करता है एवं खनन कार्यों के लिये खनन पट्टे प्राप्त करने तथा प्रदान करने हेतु आवश्यक मानदंड निर्दिष्ट करता है।
2. इसके लागू होने के बाद से इसमें केवल एक बार संशोधन किया गया है।
3. वर्ष 2015 के संशोधन द्वारा खनन कार्य से प्रभावित समुदायों के कल्याण के लिये एक जिला खनिज फाउंडेशन (DMF) का निर्माण किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**175. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक आपराधिक कानून है जो धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामलों से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्ति की ज़ब्ती का प्रावधान करने के लिये बनाया गया है।
2. इस अधिनियम के प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक को छोड़कर सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों, म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**176. 1940 के दशक में "वायसराय की कार्यकारी परिषद, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग के माननीय सदस्य" द्वारा NR सरकार की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई थी। यह समिति निम्नलिखित से संबंधित थी:**

A. गरीबी उन्मूलन
B. IIT की स्थापना
C. जनगणना
D. बैंक सुधार

**177. ऐडन की खाड़ी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिंद महासागर की एक शाखा है जो अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर यमन और अफ्रीका में सोमालिया के बीच स्थित है।
2. यह दक्षिण में सोमालिया और सोकोट्रा द्वीप समूह से, उत्तर में यमन से, पूर्व में अरब सागर से एवं पश्चिम में जिबूती से घिरा है।
3. यह बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर को अरब सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**178. भूमध्य सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके चारों ओर केवल चार देश अल्बानिया, अल्जीरिया, बोस्निया और हर्ज़ेगोविना हैं।
2. यह पश्चिम में जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के माध्यम से अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है।
3. नील नदी (अफ्रीका) भूमध्य सागर में गिरती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**179. भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका संबंधों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और अमेरिका के बीच तीन मूलभूत रक्षा समझौते हैं।
2. मूलभूत विनिमय तथा सहयोग समझौता (BECA) बड़े पैमाने पर भू-स्थानिक खुफिया जानकारी और रक्षा के लिये मानचित्रों एवं उपग्रह छवियों पर जानकारी साझा करने से संबंधित है।
3. संचार अनुकूलता और सुरक्षा समझौते (COMCASA) के साथ, भारतीय सशस्त्र बलों को अमेरिका से खरीदे गए सैन्य प्लेटफार्मों की क्षमता का पूरी तरह से दोहन करने का मौका मिलेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**180. दूरसंचार विधेयक 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 को निरस्त करने का प्रयास करता है।
2. मौजूदा लाइसेंस उनके अनुदान की अवधि के लिये या पाँच वर्ष हेतु वैध बने रहेंगे, जहाँ अवधि निर्दिष्ट नहीं है।
3. विधेयक वनवेब जैसे उपग्रह इंटरनेट प्रदाताओं को स्पेक्ट्रम आवंटित करने के प्रावधान पेश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**181. यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण और दूर-दराज़ के क्षेत्रों में लोगों हेतु आर्थिक रूप से कुशल कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) सेवाओं तक सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच हो।
2. यह एक गैर-व्यपगत निधि है, अर्थात् लक्षित वित्तीय वर्ष के तहत खर्च न की गई राशि व्यपगत नहीं होती है तथा अगले वर्षों के खर्च के लिये प्रयोग की जाती है।
3. दूरसंचार विधेयक, 2023 में इसका नाम बदलकर डिजिटल भारत निधि कर दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. इनमें से कोई भी नहीं

**182. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत की गई थी।
2. इसमें एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं।
3. ट्राई की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**183. साहित्य अकादमी पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1954 में स्थापित साहित्य अकादमी पुरस्कार, एक साहित्यिक सम्मान है जो साहित्य अकादमी, भारत की राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
2. लेखक की नागरिकता भारतीय होनी चाहिये।
3. यह भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**184. आर्टेमिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्टेमिस समझौते की स्थापना अमेरिकी विदेश विभाग और नासा द्वारा सात अन्य संस्थापक सदस्यों के साथ की गई थी।
2. भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।
3. यह 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि की स्थापना पर आधारित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**185. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) (PoSH) अधिनियम, 2013 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संकीर्ण कानून है क्योंकि यह यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है जिसमें केवल शारीरिक संपर्क जैसे अवांछित कृत्यों को शामिल किया गया है।
2. इसे 'विशाखा दिशानिर्देश' की पृष्ठभूमि में अधिनियमित किया गया था।
3. अधिनियम के तहत, नियोक्ताओं को यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिये कार्यस्थल पर 10 या अधिक कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) का गठन करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**186. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं कार्यकाल) विधेयक, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विधेयक निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्तों की सेवा शर्तें और कार्य संचालन) अधिनियम 1991 का स्थान लेगा। का स्थान लेता है।
2. यह डी.के.बसु मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुरूप है।
3. इस अधिनियम के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता/सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**187. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हाल ही में भारत ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के कार्यकारी बोर्ड में उपाध्यक्ष का पद जीता।
2. भारत UNESCO के 12 सदस्यीय एशिया-प्रशांत समूह का हिस्सा है।
3. संस्कृति मंत्रालय यूनेस्को की गतिविधियों में सहयोग के लिये केंद्रक अभिकरण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**188. हाल ही में 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' शब्द चर्चा में था। यह किसे संदर्भित करता है:**

A. स्टार्टअप्स के लिये विशेष नियामक मानदंड
B. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिये US-आधारित एक नियामक तंत्र
C. अंतरिक्ष विनियमन के लिये वैश्विक ढाँचा
D. नियंत्रित/परीक्षण नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं का लाइव परीक्षण

**189. वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक, निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी/प्रस्तुत किया जाता है ?**

A. जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC)
B. विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (CSE)
C. अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण थिंक टैंक 'जर्मनवॉच'
D. विश्व बैंक

**190. कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव (CSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 2011 में गठित भारत, श्रीलंका और मालदीव का त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा समूह है।
2. हाल ही में मॉरीशस, बांग्लादेश और सेशेल्स भी पूर्ण सदस्य के रूप में समूह में शामिल हुए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**191. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **बंदरगाह** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | रीम | कंबोडिया |
| 2. | बाटा | भूमध्यवर्ती गिनी |
| 3. | क्राबा | कैमरून |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**192. विदेशी मुद्रा भंडार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी मुद्रा भंडार एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में रिज़र्व पर रखी गई संपत्ति है, जिसमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल होती हैं।
2. सोने की उच्च घरेलू मांग के कारण भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोना शामिल नहीं है।
3. एक विकासशील देश होने के नाते भारत को अभी भी 500 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार हासिल करने की उपलब्धि हासिल करना बाकी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**193. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में राजकोषीय घाटे का अधिकांश हिस्सा बाहरी बाज़ार उधार के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है।
2. राज्य अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के 3.5% के राजकोषीय घाटे को बनाए रखने के लिये स्वतंत्र हैं, जिसमें 0.5% बिजली क्षेत्र के सुधारों के लिये है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**194. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस का पहला सत्र वर्ष 2014 में आयोजित किया गया था।
2. भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस एसोसिएशन (ISCA) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के सहयोग से कार्य करने वाली एक स्वतंत्र संस्था है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**195. भारत-फ्राँस संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्राँस उन कुछ देशों में से एक था जिसने वर्ष 1998 में परमाणु हथियारों के परीक्षण के भारत के फैसले का समर्थन किया था।
2. वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये एक सहयोगात्मक प्रयास के रूप में दोनों देशों ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**196. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **स्थान** | **देश** |
|---|---|---|
| 1. | ऑशविट्ज़ | (a) पोलैंड |
| 2. | लिसिचांस्क | (b) रूस |
| 3. | बेलगॉरॉड | (c) यूक्रेन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

**197. विधि सम्मत शासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विधि सम्मत शासन संविधान की मूल संरचना का एक हिस्सा है।
2. कानून का शासन विधि से चलने वाली सरकार है, न कि व्यक्तियों द्वारा चलाई जा रही व्यवस्था।
3. विधि सम्मत शासन, विधि के शासन द्वारा सभी प्रस्तुतियों का विरोधाभास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**198. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सभी नौकरियाँ मज़दूरी वाली हैं।
2. सभी वेतनभोगी श्रम को नौकरियाँ नहीं कहा जा सकता।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक रूप से खुली बेरोज़गारी के साथ-साथ छिपी हुई बेरोज़गारी दोनों की उपस्थिति की विशेषता रही है।

उपर्युक्त कितने कथन सही नहीं हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**199. क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET) पहल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय समझौता है और दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा संचालित है।
2. इसका उद्देश्य AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और वायरलेस दूरसंचार सहित महत्त्वपूर्ण तथा उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**200. सामाजिक प्रभाव कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह DPI सिस्टम विकसित करने में देशों को अपस्ट्रीम तकनीकी और गैर-तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
2. यह इस फंड में योगदान करने के लिये अन्य सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और परोपकारी संस्थाओं सहित सभी प्रासंगिक हितधारकों को एक मंच प्रदान करता है।
3. भारत ने इसके लिये 25 मिलियन डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता जताई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**201. हाल ही में 50-इन-5 अभियान खबरों में था। इसका सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया गया है:**

A. 50-इन-5 एक देश के नेतृत्व वाला एडवोकेसी अभियान है। वर्ष 2028 तक 50-इन-5 अभियान ने 50 देशों को उनके डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के घटकों को डिज़ाइन, लॉन्च और स्केल करने में मदद मिलेगी।
B. यह स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार की पहल है।
C. यह उत्कृष्टता विद्यालय विकसित करने के लिये नीति आयोग और शिक्षा मंत्रालय के बीच एक सहयोग है।
D. यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अल्प विकसित देशों की मदद करने के लिये विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित एक तंत्र है।

**202. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडिया स्टैक ओपन API और डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं के एक सेट का उपनाम है जिसका उद्देश्य जनसंख्या पैमाने पर पहचान, डेटा और भुगतान की आर्थिक प्राथमिकताओं को अनलॉक करना है।
2. जैसा कि नाम से पता चलता है, इंडिया स्टैक का दृष्टिकोण केवल भारत तक ही सीमित है।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक ने हाल ही में UPI के विकल्प के रूप में तत्काल भुगतान प्रणाली Pix पेश की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**203. बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की गई थी।
2. इसका स्वामित्व तथा नियंत्रण विश्व बैंक के पास है।
3. इसका मुख्य कार्यालय स्विट्ज़रलैंड के बेसल में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1,2 और 3

**204. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गोल्डन क्रिसेंट का तात्पर्य वियतनाम, थाईलैंड, लाओस तथा म्याँमार से लगे क्षेत्र से है।
2. गोल्डन ट्रायंगल का तात्पर्य अफगानिस्तान, ईरान तथा पाकिस्तान से लगे क्षेत्र से है।
3. गोल्डन ट्रायंगल तथा गोल्डन क्रीसेंट अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के केंद्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1,2 और 3

**205. केप ऑफ गुड होप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे मूल रूप से वर्ष 1488 में पुर्तगाली खोजकर्त्ता बार्थोलोम्यू डियाज़ द्वारा केप ऑफ स्टॉर्म नाम दिया गया था।
2. केप ऑफ गुड होप मार्ग पूर्वी एशिया और यूरोप को अफ्रीका के दक्षिणी भागों से जोड़ता है।
3. केप ऑफ गुड होप मार्ग स्वेज़ नहर मार्ग से 8900 किमी. लंबा है और इसमें अतिरिक्त दो सप्ताह का समय लग सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**206. ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चीनी खतरे से निपटने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र में एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इस क्षेत्र में नेट सुरक्षा प्रदाता होने के नाते भारत भी इस अभ्यास का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**207. सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिकरण, जवाबदेही की कमी और समग्र पुलिस प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत कमज़ोरियों जैसे व्यापक मुद्दों को स्वीकार करते हुए भारत में पुलिस सुधारों को आगे बढ़ाने के लिये सात निर्देश जारी किये। सर्वोच्च न्यायालय ने किस मामले में ये निर्देश जारी किये?**

A. प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ मामला, 2006
B. डी.के.बासु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य, 1997
C. ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य, 1950
D. बचन सिंह बनाम पंजाब राज्य, 1980

**208. AUKUS समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ऑस्ट्रेलिया, यूके और अमेरिका के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी है जिस पर 2021 में हस्ताक्षर किये गए थे।
2. इसमें तीन देशों के बीच बैठकों और साझेदारी की एक नई रूपरेखा के साथ-साथ उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग भी शामिल है।
3. हाल ही में भारत को इस समूह में चौथे सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**209. स्वेज़ नहर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वेज़ नहर भूमध्य सागर और कैस्पियन सागर को जोड़ने के लिये मिस्र में स्वेज़ के स्थलडमरूमध्य के पार उत्तर से दक्षिण तक एक कृत्रिम समुद्री जलमार्ग है।

2. यह यूरोप और भारतीय तथा पश्चिमी प्रशांत महासागर के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग प्रदान करता है।
3. यह नहर अफ्रीका महाद्वीप को एशिया से अलग करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**210. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद में प्रश्न पूछने की प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 द्वारा शासित होती है।
2. तारांकित प्रश्न एक सांसद द्वारा पूछा जाता है जिसका उत्तर अनिवार्य रूप से लिखित रूप में देना होता है।
3. अतारांकित प्रश्न का उत्तर मौखिक रूप से दिया जाता है तथा उसके बाद अनुपूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**211. संसद के एक निलंबित सदस्य के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे संसद की दीर्घाओं, लॉबी तथा कक्षों में प्रवेश कर सकते हैं।
2. वे उस समिति की बैठकों में भाग लेना जारी रख सकते हैं जिसका वे हिस्सा हैं।
3. निलंबन अवधि तक उनका दैनिक भत्ता रोक दिया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**212. रायसीना डायलॉग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस सम्मेलन की मेज़बानी विदेश मंत्रालय की साझेदारी में ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा की जाती है।
2. इस संवाद में राष्ट्राध्यक्षों, मंत्रियों, स्थानीय अधिकारियों और निजी क्षेत्र, मीडिया एवं शिक्षा जगत के विचारकों के साथ विविध चर्चाएँ शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**213. आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में शुरू की गई भारत की पहली प्रमुख वैश्विक पहल है।
2. इसका सचिवालय नई दिल्ली, भारत में स्थित है।
3. इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के प्रति बुनियादी ढाँचा प्रणालियों का लचीलापन बढ़ाना है ताकि सतत् विकास सुनिश्चित हो सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**214. LiFE (पर्यावरण के लिये जीवनशैली) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वैश्विक जलवायु कार्रवाई आख्यान में व्यक्तिगत व्यवहार को सबसे आगे लाने के लिये भारत के प्रधानमंत्री द्वारा G20 शिखर सम्मेलन 2023 में लॉन्च किया गया था।
2. LiFE प्रचलित 'उपयोग और निपटान' अर्थव्यवस्था, जो नासमझ और विनाशकारी उपभोग द्वारा शासित है, को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ बदलने की कल्पना करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**215. प्रेस, नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 का स्थान लिया, जो देश में प्रिंट और प्रकाशन उद्योग के पंजीकरण को नियंत्रित करता था।
2. नया विधेयक पुराने 1867 के अधिनियम के तहत सभी उल्लंघनों को बहुत हद तक कम कर देता है।
3. किसी विदेशी पत्रिका का सटीक पुनर्मुद्रण भारत में केवल केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**216. लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरैंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LEMOA भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों के बीच पारस्परिक रसद समर्थन, आपूर्ति और सेवाओं के लिये मौलिक नियमों, शर्तों एवं प्रक्रियाओं को रेखांकित करने वाला एक समझौता है।
2. यह समझौता किसी भी पक्ष पर कोई भी संयुक्त गतिविधि करने का दायित्व डालता है।
3. यह सैन्य अड्डों की स्थापना या आधार व्यवस्था का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**217. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1985 में ढाका में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ हुई।
2. साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (SAU) एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, जो ढाका में स्थित है।
3. सार्क मध्यस्थता परिषद एक अंतर-सरकारी निकाय है, जिसका कार्यालय पाकिस्तान में है और इसका दायित्व क्षेत्र के भीतर एक कानूनी ढाँचा/मंच प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**218. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संसद सत्र बुलाना प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों द्वारा शासित है।
2. संसद का सत्र बुलाने का निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है।
3. संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, भारत में एक निश्चित संसदीय कैलेंडर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**219. भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संस्कृति मंत्रालय के तहत ASI देश की सांस्कृतिक विरासत के पुरातात्त्विक अनुसंधान और संरक्षण के लिये प्रमुख संगठन है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1861 में लॉर्ड इरविन ने की थी जो ASI के पहले महानिदेशक भी थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**220. जैविक हथियार संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जैविक और विषाक्त हथियारों के विकास, उत्पादन, अधिग्रहण, हस्तांतरण, भंडारण और उपयोग पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगाता है।
2. यह सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) की एक पूरी श्रेणी पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण संधि थी।
3. यह संधि 185 राष्ट्रों की पार्टियों और चार हस्ताक्षरकर्त्ता राष्ट्रों के साथ लगभग सार्वभौमिक सदस्यता तक पहुँच गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**221. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?**

A. विश्व बैंक
B. सतत् विकास समाधान नेटवर्क
C. विश्व स्वास्थ्य संगठन
D. संयुक्त राष्ट्र विकास कोष

**222. पीर पंजाल पर्वतमाला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लघु हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों की एक शृंखला है।
2. यह लघु हिमालय की सबसे बड़ी पर्वत शृंखला है।
3. यह कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र की पहाड़ियों से अलग करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**223. निम्नलिखित युमों पर विचार कीजिये:**

| **स्थान** | **देश** |
|---|---|
| 1. जुबैल पोर्ट | (a) संयुक्त अरब अमीरात |
| 2. डिएन बीउ फु एयरबेस | (b) वियतनाम |
| 3. हो ची मिन्ह सिटी | (c) निकारागुआ |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**224. जैमिंग, स्पूफिंग, लेज़र सिस्टम एवं उच्च शक्ति वाले माइक्रोवेव हथियार जैसी तकनीकें हाल ही में निम्नलिखित के संदर्भ में खबरों में थीं:**

A. कृषि क्षेत्रों में कीटों के हमलों को रोकना
B. परमाणु ऊर्जा संयंत्र में
C. समुद्र में ड्रोन हमले को रोकने के लिये
D. सुरंग में इंसानों की गतिविधियों का पता लगाने के लिये

**225. संयुक्त समुद्री बलों (CMF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खुले समुद्र में अवैध गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं का सामना कर नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय आदेश (RBIO) को बनाए रखने के लिये एक बहुराष्ट्रीय समुद्री साझेदारी है।
2. CMF की कमान भारतीय नौसेना के वाइस एडमिरल के हाथ में होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**226. प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (PLI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ मोबाइल फोन विनिर्माण तथा निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिये उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन प्रदान करती है।
2. यह योजना एक नोडल एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है जो परियोजना प्रबंधन संस्था (PMA) के रूप में कार्य करती है।
3. इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में भारी वृद्धि होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**227. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. श्वेत फॉस्फोरस एक ज्वलनशील पदार्थ है जिसका उपयोग ज़्यादातर घने धुएँ की स्क्रीन बनाने या लक्ष्यों को चिह्नित करने के लिये किया जाता है।
2. एजेंट ऑरेंज एक रूसी जासूस है जिसे हाल ही में यूक्रेन ने पकड़ा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**228. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पनामा नहर पनामा के इस्तमुस के माध्यम से अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाला एक कृत्रिम जलमार्ग है।
2. स्वेज़ नहर मिस्र में स्वेज़ के स्थल-संधि के समीप उत्तर से दक्षिण की ओर एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग है। यह भूमध्य सागर एवं लाल सागर को जोड़ता है।
3. अदन रिज अदन की खाड़ी के मध्य में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, और 3

नोट :

**229. लॉस एंड डैमेज फंड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव तथा पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय कोष है।
2. विश्व बैंक लॉस एंड डैमेज फंड का अनुवीक्षण करेगा जिसमें धन के स्रोत के रूप में अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय संघ जैसे समृद्ध देश शामिल होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**230. वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक 2023 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?**

A. विश्व बैंक
B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
C. विश्व आर्थिक मंच
D. विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)

**231. यह कई देशों में सार्वजनिक नीति का लक्ष्य बन गया है। वर्ष 2012 में अपनी स्थापना के बाद से इस आव्यूह/मैट्रिक्स ने इसे मापने और गणना करने के लिये एक मज़बूत तरीका तैयार किया है। इस मैट्रिक्स में छह चर शामिल हैं- प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद; जन्म के समय स्वस्थ्य जीवन प्रत्याशा; उदारता; सामाजिक समर्थन; जीवन विकल्प चुनने की स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार की धारणा। उपरोक्त परिच्छेद में किस मैट्रिक्स की बात की गई है?**

A. विश्व खुशहाली रिपोर्ट
B. वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक
C. सामाजिक विकास सूचकांक
D. ग्रीन इंडेक्स

**232. निम्नलिखित में से कौन अक्सर समाचारों में देखी जाने वाली 'वुल्फ वारियर डिप्लोमेसी' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. भारत से केन्या में भेड़ियों के स्थानांतरण के लिये भारत और केन्या के बीच ऐतिहासिक समझौता।
B. संचार की अधिक आक्रामक और टकरावपूर्ण शैली के लिये अनौपचारिक शब्द जिसे चीनी राजनयिकों द्वारा अपनाया गया है।
C. इसका तात्पर्य यह है कि दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों को खराब करने के लिये साइबर युद्ध का इस्तेमाल किया जा रहा है।
D. इसका तात्पर्य दुश्मन देश के शेयर बाज़ार में हेराफेरी से है।

**233. चक्रवातों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बंगाल की खाड़ी (BOB) में अरब सागर की तुलना में चक्रवात अधिक बार और तीव्रता के साथ आते हैं।
2. बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात के मौसम के दौरान कई चक्रवाती घटनाएँ देखी जाती हैं, जो मुख्य रूप से अप्रैल से दिसंबर तक घटित होती हैं।
3. बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर समुद्र की सतह का तापमान बढ़ जाता है, विशेषरूप से मानसून-पूर्व और मानसून के पश्चात की अवधि में, जिससे चक्रवात के विकास एवं मज़बूती को बढ़ावा मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**234. जल जीवन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस मिशन का लक्ष्य 2024 तक चालू घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति 55 लीटर जल उपलब्ध कराना है।
2. यह मिशन केवल भूजल के दोहन की अनुमति देता है जो इस मिशन की खामी है।
3. यह जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**235. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम कानूनी तौर पर 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार देता है।

नोट :

2. अधिनियम के तहत राशन कार्ड जारी करने के लिये परिवार की 18 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र की सबसे वृद्ध महिला को परिवार का मुखिया होना अनिवार्य है।
3. यह खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में कल्याण से अधिकार आधारित दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**236. स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व में अब तक का सबसे पहला और सबसे लंबे समय तक चलने वाला तटीय सफाई अभियान है, जिसमें सबसे अधिक लोग भाग ले रहे हैं।
2. अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये एक मोबाइल एप "उमंग" लॉन्च किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**237. हाल ही में MV केमो प्लूटो और MV साईं बाबा को खबरों में देखा गया था। वे हैं:**

A. इसरो द्वारा श्रीलंका के लिये उपग्रह प्रक्षेपित करना
B. भारत द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित चावल की किस्म
C. तेल टैंकरों पर ड्रोन से हमला
D. रूस द्वारा भारत को उपहार में दिये गए विमान

**238. निम्नलिखित में से किस मामले में इंटरनेट एक्सेस के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई तथा किसी भी इंटरनेट प्रतिबंध के लिये तर्कसंगतता एवं आनुपातिकता के सिद्धांत निर्धारित किये गए:**

A. अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ
B. नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ
C. डी.के.बासु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य
D. केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

**239. भूमध्य सागर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूरेशिया और अफ्रीका महाद्वीपों के बीच लगभग पूरी तरह से भूमि से घिरा हुआ है।
2. पश्चिम में यह जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के माध्यम से अटलांटिक महासागर से जुड़ा है।
3. नील नदी (अफ्रीका) भूमध्य सागर में गिरती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

## व्याख्या

**1.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**फाइव-आइज़ एलायंस:**

- 'फाइव आइज़' एक बहुपक्षीय खुफिया-साझाकरण नेटवर्क है जिसमें पाँच देशों - ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका की 20 से अधिक विभिन्न एजेंसियाँ शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह निगरानी और सिग्नल इंटेलिजेंस (SIGINT) दोनों पर आधारित है। इसके सदस्य देशों के बीच साझा किये गए खुफिया दस्तावेजों को 'गुप्त रखा जाता है, जिससे इस समूह को 'फाइव आइज़' कहा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सहयोग बढ़ाने और निकटता बनाए रखने हेतु आपसी हित के विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिये सदस्य देशों की "गैर-राजनीतिक खुफिया निगरानी, समीक्षा और सुरक्षा संस्थाओं" के रूप में सितंबर 2016 में फाइव आइज़ इंटेलिजेंस ओवरसाइट एंड रिव्यू काउंसिल (FIORC) बनाई गई थी।
- **अत: कथन 3 सही है।**

**2.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र चार्टर:**

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर, संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज़ है। **अत: कथन 1 सही है।**

- इस पर 26 जून 1945 को सैन फ्रांसिस्को में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के समापन पर हस्ताक्षर किये गए थे और यह 24 अक्टूबर 1945 को लागू हुआ था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संयुक्त राष्ट्र अपनी अद्वितीय अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति और अपने चार्टर में निहित शक्तियों के कारण विभिन्न प्रकार के मुद्दों पर कार्रवाई कर सकता है, जिसे एक अंतर्राष्ट्रीय संधि माना जाता है।
- इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय विधि का एक उपकरण है और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इससे बाध्य नहीं हैं।
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख सिद्धांतों को संहिताबद्ध करता है, जिसमें राज्यों की संप्रभु समानता से लेकर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में बल के उपयोग पर प्रतिबंध शामिल है।
- वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से इस संगठन के मिशन और कार्य को इसके संस्थापक चार्टर में निहित उद्देश्यों और सिद्धांतों द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसे वर्ष 1963, 1965 और 1973 में तीन बार संशोधित किया गया है।

**3.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ओस्लो समझौता:**

- ओस्लो समझौता पहला प्रत्यक्ष फिलिस्तीनी-इज़राइल शांति समझौता था। उनका उद्देश्य दो-राज्य समाधान के वांछित लक्ष्यों के साथ भविष्य की शांति वार्ता शुरू करना था, जो कभी प्राप्त नहीं हुआ। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रथम ओस्लो समझौते, जिसे ओस्लो I के नाम से जाना जाता है, पर 13 सितंबर 1993 को हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- इज़रायली और फिलिस्तीनी नेतृत्व के बीच समझौते में पहली बार प्रत्येक पक्ष ने एक-दूसरे को मान्यता दी। दोनों पक्षों ने अपने दशकों पुराने संघर्ष को समाप्त करने का भी वादा किया।
- एक दूसरा समझौता, जिसे ओस्लो II के नाम से जाना जाता है, सितंबर 1995 में हस्ताक्षरित किया गया था और इसमें उन निकायों की संरचना पर अधिक विस्तार से चर्चा की गई थी जिन्हें शांति प्रक्रिया के तहत बनाया जाना था। **अतः कथन 3 सही है।**

**4.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अब्राहम समझौते:**

- इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के बीच अब्राहम समझौते की मध्यस्थता अमेरिका द्वारा की गई है। यह 26 वर्षों में पहला अरब-इज़रायल शांति समझौता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समझौते पर वर्ष 2020 में हस्ताक्षर किये गए और इससे अरब-इज़रायल संघर्ष में एक ऐतिहासिक सफलता मिली।
- अब्राहम समझौते के बाद, I2U2 समूह का गठन किया गया था जिसमें इज़राइल, भारत, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका शामिल थे जिनका बल जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस समझौते ने विस्तारित क्षेत्रीय और बहुराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी, जिससे भारत के लिये आर्थिक अवसर सृजित हुए। **अतः कथन 3 सही है।**

**5.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- बर्मीज़ में टाटमाडॉ का सीधा अर्थ है "सशस्त्र बल", लेकिन देश में इसकी विशाल शक्ति और वैश्विक बदनामी को देखते हुए यह नाम वर्तमान सैन्य प्राधिकरण का पर्याय बन गया है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**थ्री ब्रदरहुड एलायंस (Three Brotherhood Alliance):**

- 27 अक्टूबर को, तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन, थ्री ब्रदरहुड एलायंस ने पूर्वी शान राज्य में एक अच्छी तरह से समन्वित आक्रमण शुरू किया, जो भूमि क्षेत्र के हिसाब से म्याँमार के सात राज्यों में सबसे बड़ा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अप्रत्याशित हमले ने चीनी सीमा के पास कई सरकारी सैन्य प्रतिष्ठानों पर सफलतापूर्वक कब्ज़ा कर लिया और अन्य सशस्त्र समूहों को भी दमनकारी टाटमाडॉ या राज्य प्रशासन परिषद् के खिलाफ अपने स्वयं के सफल अभियान शुरू करने के लिये प्रेरित किया, जैसा कि म्याँमार में जुंटा कहा जाता है।
- हालाँकि थ्री ब्रदरहुड एलायंस और इसी तरह के जातीय सशस्त्र समूहों ने पूरे देश पर कब्ज़ा नहीं किया है और टाटमाडॉ के पास अभी भी किसी भी सशस्त्र समूह की तुलना में कहीं अधिक सैन्य क्षमता है, 27 अक्तूबर के आक्रामक एवं उसके बाद की सैन्य सफलताओं ने एक भावी आशा जगा दी है कि सैन्य तानाशाही को उन्मूलित किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**7.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण:**

- निजी सेवा प्रदाताओं का प्रवेश अपने साथ स्वतंत्र विनियमन की अपरिहार्य आवश्यकता लेकर आया।
- इस प्रकार, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना 20 फरवरी 1997 को संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई, जिसे भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका कार्य दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करना है, जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन भी शामिल है जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- TRAI का मिशन देश में दूरसंचार के विकास के लिये ऐसी परिस्थितियों का निर्माण और पोषण करना है जिससे भारत उभरते वैश्विक सूचना समाज में अग्रणी भूमिका निभा सके।
- TRAI का एक मुख्य उद्देश्य नीति निर्माण हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण प्रदान करना है जो समान अवसर को बढ़ावा देता है और निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा की सुविधा प्रदान करता है।
- उपर्युक्त उद्देश्य के अनुसरण में TRAI ने समय-समय पर अपने सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिये बड़ी संख्या में नियम, आदेश और निर्देश जारी किये हैं और भारतीय दूरसंचार बाज़ार को सरकारी स्वामित्व वाले एकाधिकार से मल्टी ऑपरेटर मल्टी सर्विस वाले खुले प्रतिस्पर्द्धी बाज़ार विकसित करने के लिये आवश्यक दिशा प्रदान किये है।
- TRAI अधिनियम को 24 जनवरी 2000 से प्रभावी एक अध्यादेश द्वारा संशोधित किया गया था, जिसमें TRAI से न्यायिक एवं विवाद कार्यों के प्रबंधन के लिये एक दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील अधिकरण (TDSAT) की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा:**

- यह 7,200 किलोमीटर का मल्टी-मोड ट्रांजिट सिस्टम है जो भारत, ईरान, अज़रबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच वस्तुओं को ले जाने के लिये जहाज़, रेल और सड़क मार्गों को जोड़ता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे सदस्य देशों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा 12 सितंबर 2000 को सेंट पीटर्सबर्ग में शुरू किया गया था।
- तब से INSTC सदस्यता का विस्तार 10 और देशों - अज़रबैजान, आर्मेनिया, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताज़ाकिस्तान, तुर्किये, यूक्रेन, सीरिया, बेलारूस और ओमान को शामिल करने के लिये किया गया है।
- यह मुंबई में जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से शुरू होता है और होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बंदर अब्बास बंदरगाह (ईरान) तक जाता है। इसके बाद यह नौशहर, अमीराबाद और बंदर-ए-अंजली के माध्यम से ईरानी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यह कैस्पियन सागर के साथ-साथ रूस में ओला और अस्त्रखान बंदरगाहों तक जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें बुल्गारिया को पर्यवेक्षक राज्य के रूप में शामिल किया गया है। लातविया और एस्टोनिया जैसे बाल्टिक देशों ने भी इसमें शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है।

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS):**

- यह भारत में रोज़गार और बेरोज़गारी की स्थिति को मापने के लिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत NSO द्वारा आयोजित एक सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NSO ने अप्रैल 2017 में PLFS का आरंभ किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **PLFS के उद्देश्य:**
  - केवल 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) में शहरी क्षेत्रों के लिये तीन माह के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतक (जैसे श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोज़गारी दर) का अनुमान लगाना।
  - वार्षिक रूप से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 'सामान्य स्थिति' और CWS दोनों में रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाना।

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (AFSPA), 1958:**

- धारा 3 के तहत इन क्षेत्रों को "अशांत" घोषित किये जाने के बाद इसे केंद्र या राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य या उसके कुछ हिस्सों पर लगाया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इस अधिनियम में 1972 में संशोधन किया गया और किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने की शक्तियाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गईं।
- वर्तमान में, केंद्रीय गृह मंत्रालय केवल नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के लिये AFSPA का विस्तार करने के लिये समय-समय पर "अशांत क्षेत्र" अधिसूचना जारी करता है।
- मणिपुर और असम के लिये अधिसूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- AFSPA सशस्त्र बलों को व्यापक शक्तियाँ देता है। उदाहरण के लिये, यह उन्हें विधि का उल्लंघन करने वाले या हथियार और गोला-बारूद ले जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने, यहाँ तक कि मृत्यु का कारण बनने की अनुमति देता है।
- साथ ही, यह उन्हें "उचित संदेह" के आधार पर बिना वारंट के व्यक्तियों को गिरफ्तार करने और बिना वारंट के परिसर की तलाशी लेने की शक्ति देता है।

**11.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**G20:**

- G20 का मतलब "ग्रुप ऑफ ट्वेंटी" है। G20 विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को एक साथ लाता है। सदस्य देश आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक पहल पर चर्चा करने के लिये प्रत्येक वर्ष मिलते हैं।
- समूह अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिये मुख्य मंच के रूप में स्वयं को परिभाषित करता है (सितंबर 2009 में पिट्सबर्ग शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा सहमति व्यक्त की गई)।
- G20 का गठन नेताओं का शिखर सम्मेलन लेहमैन ब्रदर्स बैंक के पतन के बाद उत्पन्न हुए वैश्विक वित्तीय संकट के प्रतिक्रियास्वरूप किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की मौजूदा G20 बैठक को राज्य स्तर के प्रमुख के स्तर पर अपग्रेड किया गया था तथा प्रथम G20 शिखर सम्मेलन नवंबर वर्ष 2008 में वाशिंगटन डी.सी. में आयोजित किया गया था। उसके बाद से शिखर बैठकें वर्ष 2010 तक अर्द्धवार्षिक और वर्ष 2011 से वार्षिक रूप से आयोजित की जाने लगी। अपनी स्थापना के समय G20 की अध्यक्षता का कार्यकाल छह महीने का था। वर्ष 2011 से इसकी अवधि दिसंबर से अगले नवंबर तक 1 वर्ष हो गई है।
- इसके आधिकारिक ट्रैक हैं- फाइनेंस ट्रैक और शेरपा ट्रैक। अनौपचारिक ट्रैक में सहभागिता समूह या नागरिक समाज समूह शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- शेरपा ट्रैक में 15 कार्य समूह, दो टास्क फोर्स (एक भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठबंधन शुरू करने के लिये और दूसरा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक गतिशीलता के लिये) और एक बायोइकोनॉमी पहल शामिल है।
- G20 ट्रोइका प्रणाली को आधिकारिक तौर पर वर्ष 2011 में कान्स शिखर सम्मेलन (फ्राँस) में G20 प्रक्रिया के संचालन के लिये रूपरेखा के रूप में अपनाया गया था। "ट्रोइका" में वर्तमान, पूर्व और अगले G20 अध्यक्ष शामिल हैं और तीनों सदस्य G20 शिखर सम्मेलन की तैयारी में एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CAG भारत के संविधान के तहत एक स्वतंत्र प्राधिकरण है। यह भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग के प्रमुख और सार्वजनिक धन का मुख्य संरक्षक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CAG के पूर्ववर्ती महालेखाकार कार्यालय की स्थापना वर्ष 1858 में हुई थी (जिस वर्ष अंग्रेज़ों ने ईस्ट इंडिया कंपनी से भारत का प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में लिया था)। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में CAG ब्रिटेन में संसद का सदस्य नहीं है; CAG हाउस ऑफ कॉमन्स का सदस्य है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**13.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-म्याँमार संबंध:**

- भारत तथा बांग्लादेश 4096.7 किमी. लंबी सीमा साझा करते हैं। यह भारत द्वारा अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ साझा की जाने वाली सबसे लंबी भूमि सीमा है।
- भारत तथा म्याँमार बंगाल की खाड़ी में 1,643 किमी. लंबी भौगोलिक भूमि सीमा एवं समुद्री सीमा साझा करते हैं। म्याँमार की सीमाएँ 4 भारतीय राज्यों - मिज़ोरम, मणिपुर, नगालैंड एवं पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश से लगती हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत कोलकाता को म्याँमार में सितवे तथा फिर म्याँमार की कलादान नदी से भारत के उत्तर-पूर्व तक जोड़ने के लिये एक सड़क-नदी-बंदरगाह माल परिवहन परियोजना, कलादान मल्टी-मोडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट का निर्माण कर रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- भारत, म्याँमार एवं थाईलैंड एशियाई त्रिपक्षीय राजमार्ग का निर्माण कर रहे हैं, जो भारत को आसियान देशों से जोड़ेगा। इस सड़क से आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र सहित शेष दक्षिण पूर्व एशिया में व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। **अतः कथन 3 सही है।**

**14.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लॉस एंड डैमेज फंड**

- लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव तथा पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय कोष है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह शब्द उस प्रतिपूर्ति को संदर्भित करता है जिसमें धनी राष्ट्र, जिनके औद्योगिक विकास के कारण ग्लोबल वार्मिंग हुई है तथा ग्रह को जलवायु संकट में डाल दिया है, को उन निर्धन देशों को भुगतान करना होगा, जिनका कार्बन पदचिह्न कम है परंतु फिर भी वे समुद्र के बढ़ते स्तर, विनाशकारी सूखा एवं तीव्र चक्रवात आदि आपदाओं का खामियाज़ा भुगत रहे हैं।
- प्रारंभिक फंडिंग $475 मिलियन होने का अनुमान है जिसमें मेज़बान UAE ने $100 मिलियन देने का वादा किया, यूरोपीय संघ ने $275 मिलियन, अमेरिका ने $17.5 मिलियन तथा जापान ने $10 मिलियन का वादा किया। लॉस एंड डैमेज फंड की घोषणा पहली बार शर्म अल-शेख, मिस्र में आयोजित विगत वर्ष के COP27 के दौरान की गई थी। हालाँकि COP28 से कुछ सप्ताह पहले तक धनी और निर्धन देश अपने कुछ मतभेदों को दूर करने एवं फंड के प्रमुख बिंदुओं पर सहमत होने में नाकामयाब रहे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**15.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जी-77 समूह:**

- G-77 संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जो दक्षिण के देशों को अपनी बात कहने और बोलने का मंच उपलब्ध कराता है। यह अपने सामूहिक आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर अपनी संयुक्त बातचीत क्षमता और विकास के लिये दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- G-77 समूह के विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के नियमित सत्र की शुरुआत में बुलाई जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- G-77 प्रायोजकों का समूह दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिये पेरेज़-ग्युरेरो ट्रस्ट फंड (PGTF) से वित्तपोषण के माध्यम से दक्षिण-दक्षिण सहयोग पर परियोजनाएँ चलाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**16.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और सकल मूल्य वर्द्धित (GVA):**

- जीडीपी किसी निश्चित अवधि में किसी देश में उत्पादित सभी "अंतिम" वस्तुओं और सेवाओं, जिन्हें अंतिम उपयोगकर्त्ता द्वारा खरीदा जाता है, की मौद्रिक माप है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GDP = निजी खपत + सकल निवेश + सरकारी निवेश + सरकारी खर्च + (निर्यात-आयात)
- सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) आर्थिक उत्पादकता का एक बेहतर मापक है जो किसी अर्थव्यवस्था, उत्पादक, क्षेत्र या क्षेत्रों में कॉर्पोरेट सहायक कंपनी, कंपनी या नगर पालिका के योगदान को मापता है।
- GVA देश के उत्पादन को घटाकर मध्यवर्ती खपत है, जो सकल उत्पादन और शुद्ध उत्पादन के बीच का अंतर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- GVA महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसका उपयोग GDP की गणना में किया जाता है जो देश की कुल अर्थव्यवस्था की स्थिति का एक प्रमुख संकेतक है। इसका उपयोग यह देखने के लिये भी किया जा सकता है कि किसी विशेष क्षेत्र, राज्य या प्रांत से कितना मूल्य जोड़ा (या खोया) गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**17.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारत सरकार ने राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान (NSO) की कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिये भारत के पूर्व मुख्य सांख्यिकीविद् प्रणव सेन की अध्यक्षता में सांख्यिकी पर स्थायी समिति (SCoC) का गठन किया है।
- सरकार ने दिसंबर 2019 में गठित आर्थिक सांख्यिकी पर स्थायी समिति (SCES) का नाम बदलकर और इसके कवरेज का विस्तार करते हुए इसे सांख्यिकी पर स्थायी समिति (SCoS) कर दिया है।

- सरकार ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के साथ विलय करने का निर्णय लिया है। 23 मई, 2019 के आदेशानुसार, NSSO और CSO के विलय के माध्यम से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office- NSO) के गठन को मंज़ूरी दी गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के दो विंग हैं, एक सांख्यिकी से संबंधित है और दूसरा कार्यक्रम कार्यान्वयन से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सांख्यिकी विंग, राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान में केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO), कंप्यूटर केंद्र और राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) शामिल हैं।

**18.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**ई-श्रम पोर्टलः**

- श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय ने 'ई-श्रम पोर्टल' लॉन्च किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ई-श्रम पोर्टल का गठन सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय के बाद किया गया है, जिसमें न्यायालय ने सरकार को जल्द-से-जल्द असंगठित श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया था, ताकि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत दी जाने वाली कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।
- उद्देश्यः देश भर में कुल 38 करोड़ असंगठित श्रमिकों जैसे- निर्माण मज़दूरों, प्रवासी कार्यबल, रेहड़ी-पटरी वालों और घरेलू कामगारों को पंजीकृत करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके तहत श्रमिकों को एक 'ई-श्रम कार्ड' जारी किया जाएगा, जिसमें 12 अंकों का एक विशिष्ट नंबर शामिल होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- यदि कोई कर्मचारी 'ई-श्रम' पोर्टल पर पंजीकृत है और दुर्घटना का शिकार होता है, तो मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपए और आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख रुपए पाने का पात्र होगा।

**19.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**"कार्यशील भारत की स्थिति 2023":**

- अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट ने भारतीय कार्यबल की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए "स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया- 2023" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है।
- इसमें बेरोज़गारी दर, महिलाओं की भागीदारी, अंतर-पीढ़ीगत गतिशीलता और जातिगत कार्यबल गतिशीलता शामिल है।
- रिपोर्ट में विभिन्न डेटा स्रोतों का उपयोग किया गया है, जैसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किये गए सर्वेक्षण, जिसमें रोज़गार-बेरोज़गारी सर्वेक्षण और आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के साथ-साथ भारत कार्य सर्वेक्षण भी शामिल है।

**अतः विकल्प A सही है।**

**20.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**रैट-होल माइनिंगः**

- "रैट-होल" का आशय भूमि में खोदे गए संकीर्ण गड्ढों से है इसमें अमूमन एक व्यक्ति के उतरने तथा कोयला निकालने के लिये पर्याप्त जगह होती है। रैट होल माइनिंग मेघालय में प्रचलित संकीर्ण, क्षैतिज सीम से कोयला निकालने की एक विधि है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने वर्ष 2014 में इस विधि पर प्रतिबंध लगा दिया तथा वर्ष 2015 में प्रतिबंध को बरकरार रखा। NGT ने कहा, "यह भी सूचित किया गया है कि ऐसे कई मामले हैं जहाँ बरसात के मौसम के दौरान रैट होल माइनिंग के कारण खनन क्षेत्रों में पानी भर गया जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारियों/श्रमिकों सहित कई लोगों की मौत हो गई।" **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह आदेश मेघालय के संबंध में था, जहाँ कोयला खनन के लिये यह एक प्रचलित प्रक्रिया बनी हुई है। इसके बाद राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील की।

**21. उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO):**

- इसका गठन वर्ष 1919 में प्रथम विश्व युद्ध को समाप्त करने वाली वर्साय की संधि के हिस्से के रूप में किया गया था, इस विश्वास को प्रतिबिंबित करने के लिये कि सार्वभौमिक और स्थायी शांति केवल तभी प्राप्त की जा सकती है जब यह सामाजिक न्याय पर आधारित हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1946 में ILO नवगठित संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी बन गई। **अतः कथन 2 सही है।**
- ILO अपना कार्य तीन मुख्य निकायों के माध्यम से पूरा करता है जिसमें सरकारें, नियोक्ता और श्रमिकों के प्रतिनिधि शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों और ILO की व्यापक नीतियों को निर्धारित करता है। इसकी बैठक प्रतिवर्ष जिनेवा में होती है। प्राय: श्रम की अंतर्राष्ट्रीय संसद कहा जाने वाला यह सम्मेलन प्रमुख सामाजिक और श्रम संबंधी प्रश्नों पर चर्चा का एक मंच भी है।
- शासी निकाय ILO की कार्यकारी परिषद है। वर्ष में तीन बार जिनेवा में इसकी बैठक होती है। यह ILO नीति पर निर्णय लेता है और कार्यक्रम एवं बजट सुनिश्चित करता है इसके अंगीकरण के लिये सम्मेलन में प्रस्तुत करता है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम कार्यालय अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन का स्थायी सचिवालय है। यह अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की समग्र गतिविधियों का केंद्र बिंदु है, जिसे वह शासी निकाय के अन्वेषण और महानिदेशक के नेतृत्व में तैयार करता है।

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दिव्यांगजनों का अधिकार अधिनियम, 2016:**

- दिव्यांगता को एक विकसित और गतिशील अवधारणा के आधार पर परिभाषित किया गया है। दिव्यांगता के प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 कर दिया गया है।
- दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक अलग राष्ट्रीय और राज्य कोष बनाया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दिव्यांगता से पीड़ित लोगों के लिये सरकारी नौकरियों में आरक्षण को 3% से बढ़ाकर 4% और उच्च शिक्षा संस्थानों में 3% से बढ़ाकर 5% करता है। 6 से 18 वर्ष की आयु के बीच बेंचमार्क विकलांगता वाले प्रत्येक बच्चे को नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार होगा। सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों को भी समावेशी शिक्षा प्रदान करनी होगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- दिव्यांगजनों के लिये मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्त अधिनियम के कार्यान्वयन की निगरानी करते हुए नियामक निकायों एवं शिकायत निवारण एजेंसियों के रूप में कार्य करेंगे। **अत: कथन 3 सही है।**

**23.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्पार्किंग डिसेबिलिटी इंक्लूसिव रूरल ट्रांसफोर्मेशन- स्पार्क- SPARK परियोजना:**

- SPARK परियोजना चार देशों- भारत, मलावी, बुर्किना फासो और मोज़ाम्बिक में लागू की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत और मलावी में इस परियोजना का कार्यान्वयन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा समर्थित है, मोज़ाम्बिक और बुर्किना फासो में इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिये लाइट फॉर द वर्ल्ड उत्तरदायी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SPARK परियोजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये एक प्रणालीगत क्रिया अधिगम दृष्टिकोण का उपयोग करती है। यह दृष्टिकोण दिव्यांगजनों को चयनित कृषि एवं ग्राम्य मूल्य शृंखलाओं जैसी आर्थिक गतिविधियों में पूरी तरह से शामिल होने में सक्षम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करेगा तथा गरीबी उन्मूलन में सहायता करेगा और सतत् विकास लक्ष्यों की प्रतिबद्धताओं व दिव्यांगजनों के अधिकारों पर अभिसमय की स्थापना करेगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**24.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सामाजिक पूंजी:**

- यह अपनत्त्व की भावना के साथ प्रभावशाली मित्रों व संबंधियों का ठोस अनुभव है जो लोगों को लाभान्वित कर सकता है।
- इसमें विश्वास, आपसी समझ, साझा मूल्य एवं व्यवहार शामिल हैं जो एक समुदाय के सदस्यों को एक दूसरे से जोड़ते हैं और सहकारी गतिविधियों को संभव बनाते हैं। इस प्रकार का सामंजस्य लोगों को समुदाय का निर्माण करने, एक-दूसरे के प्रति प्रतिबद्ध होने तथा सामाजिक ताना-बाना बुनने में सक्षम बनाता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**25.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति:**

- लागतजनित मुद्रास्फीति का अर्थ, उत्पादन के चार कारकों- श्रम, पूंजी, भूमि अथवा उद्यमशीलता में से किसी एक की लागत में वृद्धि से कीमतें बढ़ना है, जब कंपनियाँ पहले से ही पूर्ण उत्पादन क्षमता पर कार्य कर रही होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- जब उनकी लागत अधिक होती है तथा उनकी उत्पादकता अधिकतम होती है, तो कंपनियाँ समान मात्रा में वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन करके लाभ को बनाए नहीं रख सकती हैं।
- मांगजनित मुद्रास्फीति तब होती है जब समग्र मांग में वृद्धि होती है, जिसे व्यापक अर्थव्यवस्था के चार वर्गों द्वारा वर्गीकृत किया जाता है: परिवार, व्यवसाय, सरकारें तथा विदेशी खरीदार। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

26.

उत्तर: B

व्याख्या:

**mRNA टीका:**

- mRNA टीका सुरक्षित माना जाता है क्योंकि mRNA गैर-संक्रामक, प्रकृति में गैर-एकीकृत और सेलुलर तंत्र द्वारा डीग्रेड नहीं होता। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कोशिका द्रव्य के अंदर प्रोटीन संरचना में परिवर्तित होने की उनकी अंतर्निहित क्षमता के कारण वे अत्यधिक प्रभावोत्पादक हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके अतिरिक्त mRNA टीके पूरी तरह से सिंथेटिक हैं तथा विकास के लिये मेज़बान की आवश्यकता नहीं होती, जैसे- अंडे या बैक्टीरिया। इसलिये वे स्थायी रूप से बड़े पैमाने पर टीकाकरण के लिये अपनी "उपलब्धता" और "पहुँच" सुनिश्चित करने के लिये कम लागत में निर्मित हो सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

27.

उत्तर: C

व्याख्या:

**एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ONORC):**

- ONORC योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के तहत क्रियान्वित की जा रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्रणाली सभी NFSA लाभार्थियों, विशेष रूप से प्रवासी लाभार्थियों को बायोमेट्रिक/आधार प्रमाणीकरण के साथ मौजूदा राशन कार्ड के माध्यम से देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान (NPF) से पूर्ण या आंशिक खाद्यान्न प्राप्त करने की अनुमति देती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह प्रणाली घर वापस आए उनके परिवार के सदस्यों, यदि कोई हो, को भी उसी राशन कार्ड पर शेष खाद्यान्न का दावा करने की अनुमति देती है।
- ONORC का कार्यान्वयन अगस्त 2019 में शुरू किया गया था।

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्तमान में सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) केबल टेलीविज़न नेटवर्क विनियमन अधिनियम, 1995 (सीटीएन अधिनियम) के माध्यम से केबल टीवी ऑपरेटरों और टीवी चैनलों को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके अतिरिक्त यह सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजीटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के भाग III का प्रबंधन करता है, जो ओटीटी और डिजिटल समाचार सामग्री को नियंत्रित करता है। हालाँकि प्रस्तावित कानून सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत निर्दिष्ट सोशल मीडिया मध्यस्थों को कवर नहीं करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज़ रेगुलेशन बिल, 2023, जो तीन दशक पुराने केबल टेलीविज़न नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट 1995 (सीटीएन एक्ट) को बदलने का प्रयास करता है, ओवर-द-टॉप (OTT) और डिजिटल समाचार को शामिल करके MIB के नियामक ढाँचे को व्यापक बनाने का प्रयास करता है। टीवी चैनलों और एफएम रेडियो के साथ-साथ केबल टीवी, डायरेक्ट टू होम (DTH), इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीविज़न (IPTV) तथा हेड एंड इन द स्काई (HITS) जैसे वितरण प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं।

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अरुणाचल प्रदेश- आदिस, न्यिशी, अपातानी, टैगिन, मिस्मी, खाम्प्ती, वांचो, तांग्शा, मोनपा। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- मेघालय- खासी, गारो, जयन्तिया आदि। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- त्रिपुरा- त्रिपुरी, रियांग, चकमा, हलम, गारो, लुसी, डारलॉन्ग। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- म्याँमार- करेन, काचिन, चिन। अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।

**अत: सही विकल्प B है।**

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

**फाइव-आइज़ एलायंस:**

- फाइव आइज़ एक खुफिया गठबंधन है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये देश बहुपक्षीय यूके-यूएसए समझौते के पक्षकार हैं, जो सिग्नल इंटेलिजेंस में संयुक्त सहयोग के लिये एक संधि है।
- अपनी उत्पत्ति के बाद एजेंसी ने अपने मुख्य समूह को 'नाइन आइज़' और 14 आइज़ गठबंधन तक बढ़ा दिया तथा अधिक देशों को सुरक्षा भागीदार के रूप में शामिल किया।

नोट :

- 'नाइन आइज़' समूह का विस्तार नीदरलैंड, डेनमार्क, फ्राँस और नॉर्वे तक है, जबकि 14 आइज़ ब्लॉक में बेल्जियम, इटली, जर्मनी, स्पेन और स्वीडन शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है,** जबकि **कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विवादित क्षेत्र:**

- **एस्सेक्विबो:**
  - गुयाना-वेनेज़ुएला सीमा औपनिवेशिक काल से विवादित रही है। 1840 के दशक में अंग्रेज़ों ने इसका सर्वेक्षण किया, लेकिन वेनेज़ुएला प्रस्तावित सीमा से असहमत था। 1899 में मध्यस्थता और 1905 में समझौते के बावजूद संघर्ष जारी है। गुयाना ब्रिटिश सरकार द्वारा खींची गई रेखा को स्वीकार करता है, जबकि वेनेज़ुएला एस्सेक्विबो नदी के पश्चिम के क्षेत्र पर दावा करता है। वेनेज़ुएला का तर्क है कि सीमा पर 1899 का पंचाट निर्णय अमान्य है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **सेनकाकू (डियाओयू) द्वीप, पूर्वी चीन सागर:**
  - शुरू में चट्टानों और पानी से परे बहुत कम मूल्य के प्रतीत होने वाले सेनकाकू (डियाओयू) द्वीप जापान और चीन के बीच विवाद का केंद्र बिंदु बन गए, जो उनके नीचे तेल और गैस भंडार की खोज़ के साथ बढ़ गया। 2012 में जापानी सरकार को एक द्वीप की बिक्री से चीन में जापानी विरोधी विरोध शुरू हो गया। एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव के साथ, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सेनकाकू तनाव और अधिक महत्त्वपूर्ण संघर्ष में बदल सकता है। **अत: युग्म 2 सही ढंग से सुमेलित नहीं है।**
- **कुरील द्वीप:**
  - ज्वालामुखीय कुरील द्वीप समूह पर अनसुलझा संघर्ष द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान और रूस को शांति संधि पर हस्ताक्षर करने से रोकने वाली मुख्य बाधा है। युद्ध के अंत में सोवियत संघ ने द्वीपों पर नियंत्रण कर लिया, जिससे विवाद चल रहा था क्योंकि जापान ने सबसे दक्षिणी द्वीपों पर ऐतिहासिक अधिकार बनाए रखा है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - **अत: विकल्प A सही है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- तेलंगाना उत्तर में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़, पश्चिम में कर्नाटक और दक्षिण एवं पूर्व में आंध्र प्रदेश से घिरा हुआ है। **अत: विकल्प C सही है।**

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मिज़ोरम:**

- मिज़ोरम उत्तर पूर्व भारत में एक स्थलरुद्ध (भूमि से घिरा) राज्य है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका दक्षिणी भाग म्याँमार और बांग्लादेश के साथ 722 किलोमीटर लंबी सीमाएँ साझा करता है, और उत्तरी भाग मणिपुर, असम तथा त्रिपुरा के साथ घरेलू सीमाएँ साझा करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत का पहला जैविक राज्य सिक्किम है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शेयर बाज़ार:**

- **बियर मार्केट:**
  - बियर मार्केट से तात्पर्य ऐसे बाज़ार से है जहाँ शेयर की कीमतें लगातार गिरती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - कीमतों में गिरावट की प्रवृत्ति निवेशकों को यह विश्वास दिलाती है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी, जो बदले में गिरावट को कायम रखती है।
  - बियर मार्केट के दौरान अर्थव्यवस्था में मंदी आ जाती है तथा बेरोज़गारी बढ़ जाती है क्योंकि कंपनियाँ कर्मचारियों की छँटनी शुरू कर देती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- **बुल मार्केट:**
  - बुल मार्केट से तात्पर्य ऐसे बाज़ार से है जो बाज़ार हिस्सेदारी की कीमतों में निरंतर वृद्धि का अनुभव करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह निवेशकों को सुनिश्चित करता है कि लंबी अवधि में कीमतों में तेज़ी जारी रहेगी।

35.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019:**

- अधिनियम के अनुसार, ट्रांसजेंडर वह व्यक्ति है जिसका लिंग जन्म के समय नियत लिंग से मेल नहीं खाता।
- यह शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक पहुँच आदि के अवसरों के संबंध में ट्रांसजेंडरों के विरुद्ध भेदभाव पर रोक लगाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी पात्रता हेतु ज़िला अधिकारी से पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा, जो ज़िला स्क्रीनिंग समिति के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी भी ट्रांसजेंडर व्यक्ति को ट्रांसजेंडर होने के आधार पर माता-पिता या तत्काल परिवार से अलग नहीं किया जाएगा।
- इसमें यह भी कहा गया है कि सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिये चिकित्सा पाठ्यक्रम की समीक्षा करेगी तथा उनके लिये व्यापक चिकित्सा बीमा योजनाएँ प्रदान करेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

36.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोकसभा की आचार समिति:**

- आचार समिति के सदस्यों की नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिये की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समिति में 15 सदस्य शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- समिति का कार्य लोकसभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जाँच करना है जो अध्यक्ष द्वारा उसे भेजी गई हो और ऐसी सिफारिशें करना है जो वह उचित समझे। **अत: कथन 3 सही है।**
- दिवंगत अध्यक्ष जी.एम.सी. बालयोगी ने वर्ष 2000 में एक तदर्थ आचार समिति का गठन किया, जो वर्ष 2015 में सदन का स्थायी हिस्सा बन गई।

37.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग :**

- भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण हेतु सिफारिश करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पंद्रहवें वित्त आयोग का गठन 27 नवंबर, 2017 को किया गया था। इसने अपनी अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट के माध्यम से 1 अप्रैल, 2020 से शुरू होने वाली छह वर्षों की अवधि को कवर करते हुए सिफारिशें कीं।
- पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशें वित्तीय वर्ष 2025-26 तक मान्य हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

38.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **"विश्व व्यापार रिपोर्ट":**
  - विश्व व्यापार रिपोर्ट विश्व व्यापार संगठन (WTO) का वार्षिक प्रकाशन है जिसका उद्देश्य व्यापार के रुझान, व्यापार नीति के मुद्दों और बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के बारे में समझ को बढ़ाना करना है। **अत: विकल्प D सही है।**

39.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडिया स्टैक (India Stack):**

- इंडिया स्टैक API (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप और डेवलपर्स को उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित और कैशलेस सेवा वितरण की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक विशिष्ट डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इंडिया स्टैक सरकार के नेतृत्व वाली पहल है जो विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न डिजिटल सेवाओं को सक्षम करने के लिये एक मज़बूत डिजिटल बुनियादी ढाँचे के निर्माण पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) तथा पापुआ न्यू गिनी के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MICT) ने इंडिया स्टैक साझा करने के लिये एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर कर डिजिटल परिवर्तन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**40.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बी.आर. अंबेडकर:**

- डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर एक प्रमुख भारतीय न्यायविद्, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे।
- उनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था
- उन्होंने वर्ष 1924 में दलित वर्गों के कल्याण के लिये एक एसोसिएशन की शुरुआत की। **अत: कथन 1 सही है।**
- दलित वर्गों के मुद्दों को उजागर करने के लिये उन्होंने वर्ष 1927 में बहिष्कृत भारत नाम से अखबार शुरू किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- उन्होंने तीनों गोलमेज़ सम्मेलनों में भाग लिया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो:**

- इसकी स्थापना वर्ष 1986 में गृह मंत्रालय के तहत अपराध और अपराधियों पर जानकारी के संग्रह के रूप में कार्य करने के लिये की गई थी ताकि जाँचकर्त्ताओं को अपराध व अपराधियों के बीच की कड़ी को जोड़ने में सहायता मिल सके। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय की टास्क फोर्स (1985) की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
- इस ब्यूरो का कार्य यौन अपराधियों का राष्ट्रीय डेटाबेस (NDSO) बनाए रखना और इसे नियमित आधार पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझा करना है।
- इसे 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों के प्रबंधन के लिये केंद्रक अभिकरण एजेंसी के रूप में नामित किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज कर सकता है अथवा बाल अश्लीलता, सामूहिक बलात्कार/बलात्कार से संबंधित अपराध के सबूत के रूप में इस पोर्टल पर संबद्ध वीडियो क्लिप अपलोड कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (Initial Public Offer - IPO):**

- यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक निजी तौर पर संचालित कंपनी या LIC जैसी सरकारी स्वामित्व वाली कोई कंपनी, जनता या नए निवेशकों को शेयर की पेशकश करके धन जुटाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IPO के बाद कंपनी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हो जाती है। स्टॉक एक्सचेंज शेयर, स्टॉक और बॉण्ड जैसी प्रतिभूतियों की बिक्री एवं खरीद के लिये एक संगठित बाज़ार है।
- एक सूचीबद्ध कंपनी अनुवर्ती सार्वजनिक पेशकश या FPO के माध्यम से भविष्य में विकास और विस्तार हेतु शेयर पूंजी जुटा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IPO लाते समय कंपनी को बाज़ार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के पास अपना ऑफर दस्तावेज़ दाखिल करना होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**K-आकार की रिकवरी /पुनर्प्राप्ति:**

- K-आकार की रिकवरी तब होती है, जब मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न खंड अलग-अलग दरों, समय या परिमाण में बहाल हो जाते हैं। यह सभी क्षेत्रों, उद्योगों या लोगों के समूहों में एक समान, समरूप पुनर्प्राप्ति के विपरीत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- V-आकार की रिकवरी तीव्र आर्थिक गिरावट के बाद आर्थिक प्रदर्शन के उपायों में त्वरित एवं निरंतर सुधार दर्शाती है।
- आर्थिक समायोजन की गति और व्यापक आर्थिक प्रदर्शन में सुधार के कारण मंदी को देखते हुए V-आकार की रिकवरी सबसे अच्छी स्थिति है। **अत: कथन 2 सही है।**
- L-आकार की रिकवरी एक प्रकार की रिकवरी है जो लगातार बेरोज़गारी और स्थिर आर्थिक विकास के साथ रिकवरी की धीमी दर को दर्शाती है। L-आकार की रिकवरी आर्थिक मंदी के बाद होती है, जिसमें अर्थव्यवस्था में कमोबेश भारी गिरावट होती है, लेकिन उसके अनुरूप तीव्र रिकवरी नहीं होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC):**

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब तथा वेनेज़ुएला द्वारा किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य विश्व बाज़ार में तेल की कीमत निर्धारित करने हेतु तेल की आपूर्ति का प्रबंधन करना है ताकि कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से बचा जा सके जो उत्पादक तथा क्रेता दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकता है।
- इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कोई भी देश जो तेल का बड़ा निर्यातक हो और इस संगठन के आदर्शों का अनुपालन करता हो, OPEC की सदस्यता प्राप्त कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**45. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**GDP डिफ्लेटर/अवस्फीतिक:**

- यह किसी अर्थव्यवस्था द्वारा किसी विशेष वर्ष में मौजूदा कीमतों पर उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य एवं आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों का अनुपात है।
- यह अनुपात यह दर्शाने में मदद करता है कि उत्पादन में वृद्धि के बजाय कीमतों के हुई वृद्धि के कारण सकल घरेलू उत्पाद में किस स्तर तक वृद्धि हुई है।
- यह मुद्रास्फीति कीअधिक व्यापक माप है क्योंकि डिफ्लेटर थोक या उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों में शामिल सीमित कमोडिटी बास्केट के विपरीत अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं की पूरी श्रृंखला को कवर करता है।
- GDP मूल्य अवस्फीतिक वास्तविक GDP तथा मौद्रिक GDP के बीच अंतर को मापता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**46. उत्तर : B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा:**

- मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिये कार्रवाई को उत्प्रेरित करने के लिये नवंबर 2021 में COP 26 (पार्टियों के सम्मेलन) में ग्लोबल मीथेन प्रतिज्ञा शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें 111 देश भागीदार हैं जो वैश्विक मानव-जनित मीथेन उत्सर्जन के 45% के लिये ज़िम्मेदार हैं।
- भारत, जो वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा का हिस्सा नहीं है, विश्व स्तर पर शीर्ष पाँच मीथेन उत्सर्जकों में से एक है। अधिकांश उत्सर्जन का पता कृषि से लगाया जा सकता है।
- प्रतिज्ञा में शामिल देश 2030 तक मीथेन उत्सर्जन को 2020 के स्तर से कम-से-कम 30% कम करने तथा सामूहिक रूप से काम करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**47. उत्तर: B**

**व्याख्या :**

**गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) :**

- UAPA को 1967 में पारित किया गया था। इसका उद्देश्य भारत में गैरकानूनी गतिविधियों वाले संगठनों की प्रभावी रोकथाम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गैरकानूनी गतिविधि से तात्पर्य किसी व्यक्ति या संघ द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के इरादे से की गई किसी भी कार्रवाई से है।
- UAPA के तहत जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोप पत्र दायर कर सकती है और न्यायालय को सूचित करने के बाद अवधि को बढ़ाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संसद ने अधिनियम में प्रदान किये गए कुछ आधारों पर व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2019 को मंज़ूरी दी। **अतः कथन 3 सही है।**

**48. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ग्लोबल पार्टनरशिप (GPAI) एक बहु-हितधारक पहल है, जिसका उद्देश्य AI से संबंधित प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक गतिविधियों का समर्थन करके AI के सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को पाटना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर OCED की सिफारिश के प्रति साझा प्रतिबद्धता के आधार पर निर्मित GPAI अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिये विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षा जगत से जुड़े बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों को एक साथ लाता है।

नोट :

- जून 2020 में लॉन्च किया गया GPAI विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और सरकार के प्रमुख विशेषज्ञों को एक साथ लाने वाली एक बहुहितधारक पहल है जो AI से संबंधित प्राथमिकताओं पर अत्याधुनिक अनुसंधान एवं व्यावहारिक गतिविधियों का समर्थन करके AI पर सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को पाटने के लिये मूल्यों को साझा करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**49. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**'श्रेया सिंघल मामला':**

- धारा 66A पुलिस को उनके व्यक्तिपरक विवेक के संदर्भ में "अपमानजनक" या "खतरनाक" अथवा व्यवधान, असुविधा आदि पैदा करने वालों को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है।
- इसमें कंप्यूटर या मोबाइल फोन अथवा टैबलेट जैसे किसी अन्य संचार उपकरण के माध्यम से "अपमानजनक" या "खतरनाक" अथवा व्यवधान, असुविधा आदि पैदा करने वाले संदेश भेजने के लिये सज़ा निर्धारित की गई है तथा दोषी पाए जाने पर अधिकतम तीन वर्ष का कारावास हो सकता है।
- 24 मार्च, 2015 को जस्टिस जे. चेलमेश्वर और आर.एफ. नरीमन ने श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ मामले में फैसला सुनाया कि धारा 66A को "अनुच्छेद 19(1)(A) का उल्लंघन होने तथा अनुच्छेद 19(2) के तहत संरक्षित नहीं होने" के कारण असंवैधानिक घोषित किया गया।
- अनुच्छेद 19(1)(A) लोगों को वाक् और अभिव्यक्ति का अधिकार प्रदान करता है, जबकि 19(2) राज्य को इस अधिकार के प्रयोग पर "उचित प्रतिबंध" लगाने की शक्ति देता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**50. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक नवाचार सूचकांक 2023:**

- प्रतिवर्ष जारी किया जाने वाला वैश्विक नवाचार सूचकांक (Global Innovation Index- GII) किसी अर्थव्यवस्था के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के प्रदर्शन का आकलन करने के लिये एक प्रमुख उपकरण है। यह एक प्रमुख बेंचमार्किंग उपकरण भी है जिसका उपयोग नीति निर्माताओं, व्यापारियों तथा अन्य हितधारकों द्वारा बढ़ते समय के साथ नवाचार के क्षेत्र में हो रही प्रगति का आकलन करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2023 में स्विट्ज़रलैंड सबसे नवोन्मेषी अर्थव्यवस्था है, इसके बाद स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर का स्थान आता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक 2023 में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर है।

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IP) सूचकांक 2023:**

- यह सूचकांक 50 अद्वितीय संकेतकों में प्रत्येक अर्थव्यवस्था में IP ढाँचे का मूल्यांकन करता है, उद्योगों का मानना है कि यह सबसे प्रभावी बौद्धिक संपदा प्रणाली वाली अर्थव्यवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2023 में 55 अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से भारत 42वें स्थान पर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे यू.एस. चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा जारी किया जाता है, जिसके अनुसार भारत उन उभरते बाज़ारों का नेतृत्व करने हेतु सक्षम है जो IP-संचालित नवाचार के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्था को बदलना चाहते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**52.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हेज़ फंड:**

- यह एक निजी निवेश साझेदारी है जिसमें पेशेवर प्रबंधक निजी निवेशकों के लिये उच्च रिटर्न अर्जित करने के लिये गैर-पारंपरिक परिसंपत्तियों का लाभ उठाने तथा व्यापार जैसी विभिन्न रणनीतियों को नियोजित करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- हेज़ फंड में एक निवेशक को आमतौर पर एक मान्यता प्राप्त निवेशक के समान माना जाता है, जिसके लिये न्यूनतम स्तर की आय अथवा परिसंपत्ति की आवश्यकता होती है। विशिष्ट निवेशकों के अंतर्गत संस्थागत निवेशक, जैसे पेंशन फंड, बीमा कंपनियाँ तथा धनी व्यक्ति शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- हेज़ फंड सक्रिय रूप से प्रबंधित वैकल्पिक निवेश हैं जिसमें आमतौर पर जोखिमपूर्ण निवेश रणनीतियों का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

53.

उत्तर: D

व्याख्या:

**रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance-AMR):**

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी आदि) द्वारा रोगाणुरोधी दवाओं के खिलाफ प्राप्त प्रतिरोध है जिसे संक्रमण के इलाज के लिये उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह तब होता है जब एक सूक्ष्मजीव समय के साथ बदलता है और दवाओं पर प्रतिक्रिया नहीं करता है जिससे संक्रमण का इलाज करना कठिन हो जाता है तथा बीमारी फैलने, गंभीर बीमारी एवं मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने AMR को वैश्विक स्वास्थ्य के लिये शीर्ष दस खतरों में से एक के रूप में पहचाना है।
- रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग" कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के सदस्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने वर्ष 2011 में जयपुर में 29वीं स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक (HMM) में भाग लिया और जयपुर घोषणा को अपनाया। **अतः कथन 3 सही है।**

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

**तीस्ता नदी:**

- तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) की एक सहायक नदी है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर बहती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी उत्पत्ति सिक्किम के चुंगथांग के पास हिमालय से होती है और यह बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर बहती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पहले यह नदी दक्षिण की ओर बढ़ती हुई प्रत्यक्ष रूप से पद्मा नदी (बांग्लादेश में गंगा का मुख्य मार्ग) में मिलती थी, किंतु वर्ष 1787 के आसपास नदी ने अपना मार्ग बदल लिया और पूर्व की ओर प्रवाहित होते हुए ब्रह्मपुत्र नदी में मिल गई।
- तीस्ता बैराज बाँध ऊपरी पद्मा और जमुना के बीच के मैदानी इलाकों की सिंचाई में मदद करता है।
- सीमा सड़क संगठन (BRO) ने सिक्किम के मुंशीथांग में तीस्ता नदी पर 360 फीट लंबा बेली सस्पेंशन ब्रिज खोला है। **अतः कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक:**
  - त्रिपुरा में अगरतला और बांग्लादेश में अखौरा के बीच रेल लाइन पूर्वोत्तर क्षेत्र से बांग्लादेश तक पहली ट्रेन संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **गोरखपुर-भुटवाल ट्रांसमिशन लाइन:**
  - ट्रांसमिशन लाइन और रेल लिंक: गोरखपुर-भुटवाल ट्रांसमिशन लाइन के लिये ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी और बथनाहा से नेपाल सीमा शुल्क विभाग तक भारतीय रेलवे कार्गो ट्रेन के उद्घाटन ने दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **पुनात्सांगछू-I:**
  - कुल 2136 मेगावाट की चार जलविद्युत परियोजनाएँ (HEP)- छुखा, कुरिचु, ताला और मंगदेचू भूटान में पहले से ही चालू हैं और इनसे भारत को विद्युत की आपूर्ति की जाती है।
  - अंतर-सरकारी मोड में दो HEPs नामतः पुनात्सांगछू-I, पुनात्सांगछू-II कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

56.

उत्तर: C

व्याख्या:

**69वाँ संशोधन अधिनियम, 1992:**

- इसके तहत दो नए अनुच्छेद 239AA तथा 239AB शामिल किये गए, जिसके अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को विशेष दर्जा दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 239AA में प्रावधान है कि केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कहा जाएगा तथा इसके प्रशासक को उपराज्यपाल के रूप में जाना जाएगा।
- यह दिल्ली के लिये एक विधानसभा का भी प्रावधान करता है जो सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि व पुलिस संबंधी विषयों के अतिरिक्त राज्य सूची एवं समवर्ती सूची के तहत विषयों पर कानून बना सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह दिल्ली के लिये एक मंत्रिपरिषद का भी प्रावधान करता है जिसमें विधानसभा में सदस्यों की कुल संख्या का 10% से अधिक नहीं होना चाहिये।
- अनुच्छेद 239AB में प्रावधान है कि राष्ट्रपति आदेश द्वारा अनुच्छेद 239AA के किसी भी प्रावधान अथवा उस अनुच्छेद के अनुसरण में बनाए गए किसी भी विधि के सभी अथवा किसी भी प्रावधान के संचालन को निलंबित कर सकता है। यह प्रावधान अनुच्छेद 356 (राष्ट्रपति शासन) से मेल खाता है।

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक:**

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपना वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2023 जारी किया है जिसका शीर्षक नेविगेटिंग ग्लोबल डाइवर्जेंस है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था पहले के अनुमान से अधिक तेज़ी से बढ़ेगी। **अत: विकल्प B सही है।**

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में GST विधेयक को पहली बार वर्ष 2014 में संविधान (122वाँ संशोधन) विधेयक के रूप में पेश किया गया था। इसे वर्ष 2016 में मंज़ूरी मिल गई एवं इसे राज्यसभा द्वारा संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016 के रूप में पुन: क्रमांकित किया गया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- GST परिषद केंद्र तथा राज्य सरकारों हेतु एक संयुक्त मंच के रूप में कार्य करती है।
- इसकी स्थापना राष्ट्रपति द्वारा संशोधित, संविधान के अनुच्छेद 279A(1) के अनुसार की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- परिषद को इस प्रकार से स्थापित किया गया है कि केंद्र के पास 1/3 मतदान शक्ति होगी तथा राज्यों के पास 2/3 मतदान शक्ति होगी। इसमें निर्णय 3/4 बहुमत से लिये जाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- किसी व्यक्ति को राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने के लिये विधानपरिषद के मामले में उसकी आयु 30 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये और विधानसभा के मामले में उसकी आयु 25 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधानपरिषद के लिये चुने जाने वाले व्यक्ति को संबंधित राज्य में किसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये निर्वाचक होना चाहिये और राज्यपाल के नामांकन हेतु योग्य होने के लिये उसे संबंधित राज्य का निवासी होना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- यदि वह उनके लिये आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ना चाहता है तो उसे अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना चाहिये। हालाँकि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य भी ऐसी सीट पर चुनाव लड़ सकता है जो उनके लिये आरक्षित नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**60.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हॉन्ग-कॉन्ग:**

- हॉन्ग-कॉन्ग चीन के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है।
- पर्ल नदी डेल्टा और दक्षिण चीन सागर पर हॉन्ग-कॉन्ग की रणनीतिक स्थिति ने इसे दुनिया के सबसे संपन्न और महानगरीय शहरों में से एक बना दिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणा: यह चीनी संप्रभुता के तहत हॉन्ग-कॉन्ग पर यूनाइटेड किंगडम और चीन के बीच वर्ष 1985 में हस्ताक्षरित एक संधि है।
- इस संधि के अनुसार, चीन 1 जुलाई, 1997 से हॉन्ग-कॉन्ग पर पुन: नियंत्रण स्थापित कर लेगा, जिस पर वर्ष 1840 में अफीम युद्ध के बाद ब्रिटेन ने कब्ज़ा कर लिया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**61.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI):**

- भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI) की स्थापना दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक वैधानिक निकाय है जो भारत में कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों और व्यक्तियों के दिवालियापन समाधान के लिये नियम और विनियम बनाने तथा लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- IBBI में 10 सदस्य होते हैं जो वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

62.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-मालदीव:**

भारत के दक्षिण में हिंद महासागर में स्थित मालदीव में हाल ही में अगले राष्ट्रपति के रूप में एक चीन समर्थक उम्मीदवार का चुनाव हुआ, जो कथित तौर पर हाल के दिनों में भारत के लिये चिंता का विषय है।

- **सुरक्षा साझेदारी:**
  - इनका रक्षा सहयोग संयुक्त अभ्यासों जैसे- "एकुवेरिन", "दोस्ती", "एकथा" और "ऑपरेशन शील्ड" (2021 में शुरू) के रूप में देखने को मिलता है। **अतः विकल्प D सही है।**
  - भारत, मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) को बड़ी संख्या में प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करता है, जिससे उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाता है।

63.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP):**

- प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (PMBJP) केंद्रीय फार्मा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के सहयोग से फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा नवंबर 2008 में शुरू किया गया एक अभियान है।
- इस योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के कवरेज का विस्तार करना है ताकि दवाओं पर जेब से होने वाले खर्च को कम किया जा सके और इस तरह प्रतिव्यक्ति उपचार की इकाई लागत को फिर से परिभाषित किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- जनऔषधि योजना के लिये आवश्यक है कि देश के प्रत्येक ज़िले में कम से कम एक जनऔषधि स्टोर स्थापित किया जाए। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- PMBJP के तहत एक दवा की कीमत शीर्ष तीन ब्रांडेड दवाओं की औसत कीमत के अधिकतम 50% के सिद्धांत पर तय की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इसलिये, जनऔषधि दवाओं की कीमत ब्रांडेड दवाओं के बाज़ार मूल्य से कम से कम 50% और कुछ मामलों में 80-90% तक सस्ती है।

64.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-अफ्रीका संबंध:**

- हाल ही में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा स्थापित 20-सदस्यीय अफ्रीका विशेषज्ञ समूह (AEG) ने 'भारत-अफ्रीका साझेदारी: उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ और रोडमैप 2030' शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इंडो अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन पूरी तरह से विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा प्रायोजित एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य अफ्रीकी देशों को मानव संसाधन तथा कृषि आदि में विकास हेतु अपनी क्षमता विकसित करने में मदद करके भारत-अफ्रीका सहयोग विकसित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- G20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (AU) को शामिल करने से इसमें 55 अफ्रीकी देशों को एकीकृत किया गया है जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80% तक हो गया है। इससे वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर अधिक व्यापक विमर्श को बढ़ावा मिला है। **अतः कथन 3 सही है।**

65.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-म्याँमार संबंध:**

- म्याँमार भारत से सटा एकमात्र आसियान देश है और इसलिये यह दक्षिण पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गृह मंत्रालय (MHA) ने अपनी वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत-म्याँमार सीमा पर 100 किलोमीटर की स्मार्ट फेंसिंग सिस्टम (SFS) बनाने की योजना पेश की है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत म्याँमार के साथ 1643 किमी. से अधिक लंबी भूमि सीमा के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी में समुद्री सीमा भी साझा करता है। चार पूर्वोत्तर राज्य, अर्थात् अरुणाचल प्रदेश (520 किमी.), नगालैंड (215 किमी.), मणिपुर (398 किमी.) और मिज़ोरम (510 किमी.)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

66.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में शरणार्थी:**

- शरणार्थियों की बढ़ती आमद के बावजूद, भारत में शरणार्थियों की समस्या के समाधान के लिये विशिष्ट कानून का अभाव है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत 1951 शरणार्थी कन्वेंशन और इसके 1967 प्रोटोकॉल, शरणार्थी संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनी दस्तावेज़ों का एक पक्ष नहीं है।
- विदेशी अधिनियम, 1946: धारा 3 के तहत, केंद्र सरकार को अवैध विदेशी नागरिकों का पता लगाने, हिरासत में लेने और निर्वासित करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके अलावा, नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (CAA) केवल बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सताए गए हिंदू, ईसाई, जैन, पारसी, सिख तथा बौद्ध प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**67.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC):**

- NCMC प्राकृतिक आपदा के मद्देनज़र राहत उपायों और कार्यों के समन्वय एवं कार्यान्वयन के लिये गठित एक समिति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NCMC भारत को प्रभावित करने वाले प्रमुख संकटों, आपात स्थितियों और आपदाओं की प्रतिक्रिया का समन्वय एवं निगरानी करता है।
- NCMC का नेतृत्व कैबिनेट सचिव करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (NCMC) ने बंगाल की खाड़ी की ओर तेज़ी से बढ़ रहे चक्रवात 'मिचौंग' के लिये राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों की तैयारी का आकलन करने के लिये बैठक बुलाई।

**68.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (Nutrient Based Subsidy- NBS):**

- NBS व्यवस्था के तहत - किसानों को इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- साथ ही, जो उर्वरक मोलिब्डेनम (Mo) और ज़िंक जैसे माध्यमिक तथा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों से समृद्ध होते हैं, उन्हें अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NBS नीति का उद्देश्य P और K उर्वरकों की खपत को बढ़ाना है ताकि NPK उर्वरक का इष्टतम संतुलन (N:P: K= 4:2:1) हासिल किया जा सके।
- इसे रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग द्वारा अप्रैल 2010 से लागू किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**69.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**छत्तीसगढ़:**

- इसकी सीमा सात राज्यों से लगती है - उत्तर में उत्तर प्रदेश, उत्तर पश्चिम में मध्य प्रदेश, दक्षिण पश्चिम में महाराष्ट्र, पूर्वोत्तर में झारखंड, पूर्व में ओडिशा, दक्षिण में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। **अतः कथन 1 सही है।**
- छत्तीसगढ़ भारत का एकमात्र टिन उत्पादक राज्य है। टिन अयस्क को कैसिटेराइट (Cassiterite) के रूप में जाना जाता है, जिसकी रिपोर्ट दंतेवाड़ा (Dantewada) ज़िले में भूविज्ञान और खनन निदेशालय (Directorate of Geology and Mining) द्वारा की गई थी और इसे लेपिडोलाइट-बेअरिंग पेगमाटाइट्स (Lepidolite-Bearing Pegmatites) से जुड़ा हुआ पाया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- राजिम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सुंदर प्राचीन मंदिरों के लिये प्रसिद्ध है। तीन नदियों महानदी (चित्रोत्पला), पैरी और सोंढुर का पवित्र संगम, जिसे त्रिवेणी संगम कहा जाता है, राजिम में है। राजिम को छत्तीसगढ़ का "प्रयाग" भी कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**70.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को पूरे विश्व में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।
- इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) को अपनाया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- UDHR ने मानव के दृष्टिकोण और राज्य एवं व्यक्ति के बीच संबंध दोनों के संदर्भ में सामान्य बुनियादी मूल्यों का एक सेट स्थापित किया।
- राष्ट्रमंडल मानवाधिकार पहल (CHRI) एक स्वतंत्र, अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है जो पूरे राष्ट्रमंडल में मानवाधिकारों की व्यावहारिक प्राप्ति की दिशा में कार्य कर रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- CHRI के अनुसंधान, वकालत, क्षमता निर्माण और गतिशीलता प्रयासों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना तथा मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिये जवाबदेही की मांग करना, नीति सुधारों एवं साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेपों पर बल देना व उपेक्षित लोगों की आवाज़ बनकर समुदायों को सशक्त बनाना है।

**71.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नृत्य रूप:**

- कालबेलिया नृत्य राजस्थान का एक लोक नृत्य है। इसे 'सपेरा डांस' अथवा 'स्नेक चार्मर डांस' जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। कालबेलिया नृत्य विशेष रूप से 'कालबेलिया' नामक राजस्थानी जनजाति द्वारा किया जाता है। इस नृत्य की लोकप्रियता पूरे विश्व में इतनी है कि राजस्थान का कालबेलिया नृत्य एवं गीत अब वर्ष 2010 से यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- झारखंड के लोकप्रिय छऊ नृत्य की अपनी एक अलग पहचान है। यूनेस्को ने वर्ष 2010 में नृत्य की इस विधा को विरासत नृत्यों में शामिल किया। यह एक पुरुष प्रधान नृत्य है जिसमें मुखौटे के साथ अथवा बिना मुखौटे के नृत्य किया जाता है। इस नृत्य की व्याख्या छिपकर आक्रमण या शिकार करने के रूप में भी की जाती है। झारखंड से शुरू हुआ छऊ नृत्य अब ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल की संस्कृतियों में एकीकृत हो गया है। **अतः 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- संकीर्तन नृत्य मणिपुर के मैदानी इलाकों के वैष्णव लोगों के जीवन के धार्मिक अवसरों और विभिन्न चरणों को चिह्नित करने के लिये प्रदर्शित किये जाने वाले कलाओं की एक श्रृंखला है। संकीर्तन के दो मुख्य सामाजिक कार्य हैं: यह वर्ष भर चलने वाले उत्सवों के अवसरों पर लोगों को मिलाता है, मणिपुर के वैष्णव समुदाय के भीतर एक एकजुट शक्ति के रूप में कार्य करता है; और यह जीवन-चक्र समारोहों के माध्यम से व्यक्ति व समुदाय के बीच संबंधों को स्थापित तथा सुदृढ़ करता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- मुदियेट्टु केरल का एक पारंपरिक नृत्य नाटक है जो देवी काली और राक्षस दारिका के बीच युद्ध की पौराणिक कहानी पर आधारित है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**72.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गुजरात का गरबा नृत्य:**

- हाल ही में गुजरात के गरबा नृत्य को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। वर्ष 2003 में यूनेस्को ने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (ICH) की सुरक्षा के लिये अभिसमय का अंगीकरण किया, जो मानव संस्कृति की विविध अभिव्यक्तियों की रक्षा, प्रचार एवं संचार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गरबा नृत्य शैली यूनेस्को की सूची में जगह बनाने वाली भारत की 15वीं सांस्कृतिक धरोहर है। यह सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एक एकीकृत शक्ति के रूप में गरबा की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**73.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वेस्ट बैंक:**

- वेस्ट बैंक पश्चिम एशिया में एक भूमि आबद्ध क्षेत्र है।
- इसमें पश्चिमी मृत सागर (Dead Sea) का एक बड़ा भाग भी शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अरब-इज़रायल युद्ध (1948) के बाद इस पर जॉर्डन ने कब्ज़ा कर लिया था लेकिन वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध के दौरान इज़रायल ने इस पर वापस नियंत्रण प्राप्त किया और तब से इस पर नियंत्रण बनाए रखा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह इज़रायल तथा जॉर्डन के बीच स्थित है। **अतः कथन 3 सही है।**

**74.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**थोक मूल्य सूचकांक (WPI):**

- यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे आर्थिक सलाहकार कार्यालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

- यह भारत में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मुद्रास्फीति सूचक है।
- इस सूचकांक की आलोचना प्रमुखत: इस वजह से की जाती है कि आम जनता थोक मूल्य पर उत्पादों को नहीं खरीदती है।
- अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2004-05 से वर्ष 2017 में 2011-12 के रूप में संशोधित किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**75.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति:**

- **शुरुआत:** संशोधित (वर्ष 2016 में) आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत, केंद्र सरकार के पास छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (MPC) के गठन का अधिकार है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **उद्देश्य:** मौद्रिक नीति समिति मुद्रास्फीति लक्ष्य की प्राप्ति के लिये आवश्यक नीति दर का निर्धारण करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **संरचना:** धारा 45ZB के अनुसार MPC में 6 सदस्य होंगे:
  - पदेन अध्यक्ष के रूप में RBI गवर्नर। **अत: कथन 3 सही है।**
  - मौद्रिक नीति प्रभारी- उप गवर्नर
  - केंद्रीय बोर्ड द्वारा नामित बैंक का एक अधिकारी,
  - केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन व्यक्ति।

**76.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-श्रीलंका संबंध:**

- श्रीलंका के सशस्त्र बलों और तमिलों के आत्मनिर्णय की लड़ाई का नेतृत्त्व करने वाले और एक अलग राज्य की मांग करने वाले लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के बीच जातीय संघर्ष को समाप्त करने के लिये, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और राष्ट्रपति जे. आर. जयवर्धने ने इंडो-लंका समझौते 1987 पर हस्ताक्षर किये थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत और श्रीलंका हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित दो दक्षिण एशियाई देश हैं। भौगोलिक दृष्टि से, श्रीलंका भारत के दक्षिणी तट पर स्थित है, जो पाक जलसंधि द्वारा विभाजित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रक्षा क्षेत्र: भारत और श्रीलंका संयुक्त सैन्य (मित्र शक्ति) और नौसेना अभ्यास (SLINEX) का आयोजन करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**77.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट:**

- यह बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में 1320 मेगावाट (2X660) सुपर थर्मल पावर प्लांट है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके लिये भारतीय रियायती वित्तपोषण योजना के तहत 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका नेतृत्त्व बांग्लादेश-भारत मैत्री पावर कंपनी (प्राइवेट) लिमिटेड, जो भारत के NTPC लिमिटेड और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (BPDB) के बीच एक संयुक्त उद्यम है, द्वारा किया जा रहा है।

**78.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**'द ग्लोबल क्लाइमेट 2011-2020' रिपोर्ट:**

- हाल ही में, विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने जलवायु परिवर्तन के के प्रभावों की बढती तीव्रता और पूरे ग्रह पर इसके बहुमुखी प्रभावों के संबंध में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसका शीर्षक है- वैश्विक जलवायु 2011-2020: त्वरण का एक दशक (The Global Climate 2011-2020: A Decade of Acceleration)। **अत: विकल्प C सही है।**

**79.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- रुवेन्ज़ोरी पूर्वी भूमध्यरेखीय अफ्रीका में पहाड़ों की एक श्रृंखला है, जो युगांडा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के बीच की सीमा पर स्थित है। **अत: जोड़ी 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- माउंट किलिमंजारो तंज़ानिया के किलिमंजारो क्षेत्र में स्थित एक निष्क्रिय ज्वालामुखी है। इसके तीन ज्वालामुखी शंकु हैं: किबो, मावेंज़ी और शिरा। यह अफ्रीका का सबसे ऊँचा पर्वत है तथा पूरे विश्व में समुद्र तल से सबसे ऊँचा एकल स्वतंत्र पर्वत है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**

- चुंगथांग बाँध 1,200 मेगावाट (मेगावाट) तीस्ता चरण III जलविद्युत परियोजना का एक हिस्सा था। इसका निर्माण तीस्ता नदी के किनारे किया गया था और वर्ष 2017 से इसे मुख्य रूप से जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन के लिये चालू कर दिया गया।
- इस बाँध ऊँचाई 817 मीटर थी और इसका नेट हेड 778 मीटर था। इसकी स्थापना सिक्किम सरकार के लिये राजस्व उत्पन्न करने के लिये की गई थी। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**80.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (SWIFT):**

- सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशंस (SWIFT) एक सदस्यों के स्वामित्त्व वाली सहकारी संस्था है जो अपने सदस्यों के लिये सुरक्षित वित्तीय लेनदेन की सुविधा प्रदान प्रदान करती है।
- ग्राहक अथवा विक्रेता द्वारा भुगतानकर्त्ता के अतिरित किसी अन्य बैंक का उपयोग किये जाने के बावजूद यह भुगतान नेटवर्क व्यक्तियों और व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक अथवा कार्ड से भुगतान करने की अनुमति देता है।
- SWIFT अंतर्राष्ट्रीय भुगतान और निपटान के लिये सबसे बड़ी और सबसे सुव्यवस्थित विधि है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रत्येक सदस्य संस्थान को एक विशिष्ट ID कोड प्रदान करता है जिसके माध्यम से बैंक का नाम और देश, शहर एवं शाखा की पहचान की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- SWIFT का उपयोग ईरान, रूस और बेलारूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिये किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**81.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मीडियम टर्म एक्सपेंडीचर फ्रेमवर्क (MTEF):**

- MTEF विवरण अंतर्निहित मान्यताओं और जोखिमों के साथ-साथ व्यय संकेतकों के लिये तीन वर्ष के रोलिंग लक्ष्य निर्दिष्ट करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह विवरण राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRMB) अधिनियम, 2003 की धारा 3 के तहत संसद में प्रस्तुत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह विवरण शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, सब्सिडी और पेंशन इत्यादि सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिये व्यय का अनुमान प्रदान करता है।
- यह विवरण बजट प्रस्तुत किये जाने वाले सत्र के बाद प्रस्तुत किया जाता है- आमतौर पर, वह मानसून सत्र होता है। यह बजट दस्तावेज़ का हिस्सा नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**82. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लोकसभा की आचार समिति:**

- कोई भी व्यक्ति किसी सदस्य के खिलाफ किसी अन्य लोकसभा सांसद के माध्यम से कथित कदाचार के साक्ष्य और एक हलफनामे के साथ शिकायत कर सकता है, यह स्पष्ट करते हुए कि शिकायत "झूठी, तुच्छ अथवा परेशान करने के उद्देश्य से की गई" नहीं है। यदि सदस्य स्वयं इसकी शिकायत करता है तो शपथ पत्र की आवश्यकता नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अध्यक्ष किसी सांसद के खिलाफ कोई भी शिकायत समिति को प्रेषित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- समिति अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को प्रस्तुत करती है, जो सदन से रिपोर्ट पर विचार करने हेतु विचार प्रस्तुत करने को कहता है। इस रिपोर्ट पर आधे घंटे की चर्चा का भी प्रावधान है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**83.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संसदीय विशेषाधिकार:**

- संसदीय विशेषाधिकार का आशय संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों द्वारा प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ और छूट प्रदान करने से है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन विशेषाधिकारों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 में परिभाषित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इन विशेषाधिकारों के तहत संसद सदस्यों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन दौरान दिये गए किसी भी बयान या कार्य के लिये किसी भी नागरिक दायित्व (लेकिन आपराधिक दायित्व नहीं) से छूट दी गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - विशेषाधिकारों का दावा तभी किया जाता है जब व्यक्ति सदन का सदस्य हो।
    - जब वह सदस्य नहीं होता है तो उसके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया जाता है।

नोट :

84.

उत्तर: B

व्याख्या:

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013:**

- उद्देश्य: इसका उद्देश्य पूरे मानव जीवन चक्र में, सभ्य जीवन को बढ़ावा देने के लिये भोजन और पोषण सुरक्षा के लिये किफायती, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विस्तार: लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NFSA की धारा 38 में कहा गया है कि केंद्र सरकार समय-समय पर अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये राज्य सरकारों को निर्देश दे सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

85. उत्तर: A

व्याख्या:

- शंकरी प्रसाद मामले (1951) और सज्जन सिंह मामले (1965) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि संविधान में संशोधन करने की पूर्ण शक्ति संसद के पास है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि गोलकनाथ मामले (1967) में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संसद मौलिक अधिकारों में संशोधन नहीं कर सकती है, और संविधान में संशोधन करने की शक्ति केवल संविधान सभा के पास होगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केशवानंद भारती मामला: 24 अप्रैल 1973 को 7:6 के मामूली बहुमत से ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया, जिसमें बहुमत ने फैसला सुनाया कि प्रस्तावना में नागरिकों को दिये गए गारंटी के तहत सामाजिक-आर्थिक दायित्त्वों को पूरा करने के लिये संसद द्वारा भारतीय संविधान के किसी भी प्रावधान को संशोधित किया जा सकता है। बशर्ते कि इस तरह के संशोधन से संविधान की मूल संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़ता हो। **अत: कथन 3 सही है।**

86.

उत्तर: D

व्याख्याExp:

**जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति:**

- यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन में खतरनाक सूक्ष्मजीवों और पुन: संयोजकों के बड़े पैमाने पर उपयोग से जुड़ी गतिविधियों के मूल्यांकन के लिये जिम्मेदार है।
- यह समिति प्रायोगिक क्षेत्र परीक्षणों सहित पर्यावरण में आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों और उत्पादों के मुक्त होने से संबंधित प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिये भी उत्तरदायी है।
- GEAC की अध्यक्षता MoEF&CC के विशेष सचिव/अपर सचिव द्वारा की जाती है और सह-अध्यक्षता जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के एक प्रतिनिधि द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

87.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुए कार्यों में से एक, एआई स्टार्ट-अप एंथ्रोपिक ने अमेरिका और यूके में अपने AI चैटबॉट क्लाउड - क्लाउड 2 के नवीनतम संस्करण का अनावरण किया। यह चैटबॉट OpenAI के ChatGPT तथा गूगल बार्ड के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने वाला नवीनतम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) चैटबॉट है। Google द्वारा अपने बार्ड चैटबॉट में कई सुविधाएँ भी पेश कीं गई हैं, जिनमें से कुछ अद्वितीय हैं जो इसे ChatGPT से बेहतर बनाती हैं।
- क्लाउड 2 ChatGPT की तरह ही एक AI चैटबॉट है और इसे सैन फ्रांसिस्को स्थित AI स्टार्ट-अप एंथ्रोपिक द्वारा तैयार किया गया है। **अत: विकल्प D सही है।**

88.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **गैर-निष्पादित परिसंपत्ति**
  - NPA से आशय उन ऋणों अथवा अग्रिमों के वर्गीकरण से है जो डिफ़ॉल्ट हैं अथवा मूलधन या ब्याज के निर्धारित भुगतान पर बकाया हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ज़्यादातर मामलों में, ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि के लिये नहीं किया गया हो।
- **प्रोविज़निंग कवरेज़ अनुपात**
  - यह खराब ऋणों के कारण होने वाले संभावित नुकसान को कवर करने के लिएये बैंकों द्वारा अलग रखे जाने वाले धन के निर्धारित प्रतिशत को संदर्भित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात**
  - यह किसी बैंक की जोखिम भारित परिसंपत्तियों और वर्तमान देनदारियों के संबंध में उसकी पूंजी का अनुपात है। इसे कैपिटल-टू-रिस्क भारित परिसंपत्ति अनुपात (CRAR) के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**89.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लॉस एंड डैमेज फंड:**

- लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय पैकेज है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह शब्द का आशय उस मुआवजे से है जो अमीर राष्ट्र, जिनके औद्योगिक विकास के कारण ग्लोबल वार्मिंग हुई है और ग्रह पर जलवायु संकट का प्रभाव बढ़ गया है, को उन गरीब देशों को भुगतान करना होगा, जिनका कार्बन फुटप्रिंट कम है, लेकिन बढ़ते समुद्र के स्तर के कारण विनाशकारी सूखा, और तीव्र चक्रवात तथा बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं।
- जलवायु परिवर्तन ने जीवन, आजीविका, जैवविविधता, सांस्कृतिक परंपराओं को प्रभावित किया है।
- विश्व बैंक लॉस एंड डैमेज फंड की निगरानी करता है, जबकि धन के प्रमुख स्रोत अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे समृद्ध देशों के साथ-साथ कुछ विकासशील देश भी होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- फंड का पैमाना अथवा पुन:पूर्ति चक्र अस्पष्ट बना है, किंतु समय के अनुसार कई ट्रिलियन डॉलर के फंड की आवश्यकता है।

**90.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत के पूर्वी भाग में स्थित ओडिशा राज्य की सीमा चार राज्यों से लगती है। ओडिशा के पड़ोसी राज्य:
  - पूर्वोत्तर में पश्चिम बंगाल
  - उत्तर में झारखंड
  - पश्चिम में छत्तीसगढ़
  - दक्षिण में आंध्र प्रदेश। **अत: कथन 1 सही है।**
- लौह अयस्क की खदानें पूर्वोत्तर पठारी क्षेत्र में कोयला क्षेत्रों के निकट पाई जाती हैं।
- लौह अयस्क के कुल भंडार का लगभग 95% ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गोवा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों में है। ओडिशा लौह का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ओडिशा के सुंदरगढ़, मयूरभंज और झार में पहाड़ी शृंखलाओं में में लौह अयस्क पाया जाता है।
- उत्तर प्रदेश गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**91.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संविधान की संघीय विशेषताएँ:**

- भारतीय संविधान में दो उद्देश्यों से सर्वोच्च न्यायालय की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना की गई है: पहला, न्यायिक समीक्षा की शक्ति का प्रयोग करके संविधान की सर्वोच्चता की रक्षा; और दूसरा, केंद्र तथा राज्यों के बीच अथवा राज्यों के परस्पर विवादों का निपटान। **अत: विकल्प 1 सही है।**
- संविधान द्वारा स्थापित शक्तियों का विभाजन तथा संविधान की सर्वोच्चता तभी कायम रह सकती है जब इसके संशोधन की पद्धति कठोर हो। **अत: विकल्प 2 सही है।**
- संविधान दोहरी राज-व्यवस्था की स्थापना करता है जिसमें केंद्र में संघ और शेष में राज्य शामिल हैं। एकल सरकार राज-व्यवस्था संघवाद की विशेषता नहीं है। **अत: विकल्प 3 सही नहीं है।**
- संविधान द्वि-सदनात्मक विधायिका का प्रावधान करता है जिसमें एक उच्च सदन (राज्यसभा) और एक निचला सदन (लोकसभा) शामिल है। **अत: विकल्प 4 सही है।**

**92.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- OPEC: वर्ष 1960 में संस्थापक सदस्यों ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला द्वारा स्थापित किये जाने के बाद से इसका विस्तार होता रहा है और अब इसके सदस्य देशों की कुल संख्या 13 है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके सदस्य देश अल्जीरिया, अंगोला, कांगो, इक्वेटोरियल गिनी, गैबॉन, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, नाइजीरिया, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और वेनेज़ुएला हैं।
- मुख्यालय: वियना, ऑस्ट्रिया।
- विश्व के कच्चे तेल के उत्पादन में OPEC की हिस्सेदारी लगभग 40% है और इसके सदस्यों द्वारा किया जाने वाला निर्यात विश्व भर के पेट्रोलियम व्यापार का लगभग 60% है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- OPEC+: वर्ष 2016 में अन्य 10 सहयोगी प्रमुख तेल उत्पादक देशों के शामिल होने के बाद से OPEC को OPEC+ के रूप में जाना जाता है।
- OPEC+ देशों में OPEC के 13 देश और अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान तथा सूडान आते हैं।

**93.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने उत्सर्जन अंतर रिपोर्ट 2023 जारी की जिसका शीर्षक है-: तापमान के रिकॉर्ड नई ऊँचाईयों पर पहुँचने और विश्वभर उत्सर्जन में कटौती करने में विफलता। इस रिपोर्ट में बढ़ते तापमान के कारण उत्पन्न होने वाले खतरनाक स्थिति से बचने के लिये तत्काल जलवायु कार्रवाई आवश्यक है। **अतः विकल्प A सही है।**

**94.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- UNFCCC ने अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) सिंथेसिस रिपोर्ट में सदी का अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस (आदर्श रूप से 1.5 डिग्री सेल्सियस) तक सीमित करने के पेरिस समझौते के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये देशों द्वारा अधिक महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्य योजनाओं का आह्वान किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NDCs, जो राष्ट्रों द्वारा होने वाले उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु तैयारियों एवं प्रत्येक देश के प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है, पेरिस समझौते की नींव हैं। प्रत्येक NDC देश की घरेलू परिस्थितियों एवं क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उसकी महत्त्वाकांक्षा को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**95.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उष्णकटिबंधीय चक्रवात:**

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होने वाले चक्रवात हैं जो समुद्र तट की ओर बढ़ते हैं, और तेज़ हवाओं, भारी बारिश तथा तूफ़ान के साथ व्यापक विनाश का कारण बनते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात विश्व की सबसे विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं में से एक है।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात ऊष्म उष्णकटिबंधीय महासागरों पर उत्पन्न होते हैं और तीव्र होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**96.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्राथमिक उत्तरदायित्व अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें 15 सदस्य होते हैं और प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के तहत, सभी सदस्य देशों को परिषद के निर्णयों का पालन करना अनिवार्य है।
- विश्व शांति में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी प्रकार के खतरे अथवा आक्रामक गतिविधि के प्रति प्रतिक्रिया करने में यह परिषद् अग्रणी भूमिका निभाता है। यह विवाद के पक्षों से इसे शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाने का आह्वान करता है और समायोजन के तरीकों या निपटान की शर्तों की सिफारिश करता है।
- कुछ मामलों में, सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये आवश्यक प्रतिबंध लगाने या फिर यहाँ तक कि बलप्रयोग को अधिकृत करने का सहारा ले सकता है।

**97.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मक्का:**

- आवश्यक तापमान: 21-27°C के बीच
- वर्षा: अधिक वर्षा।
- मृदा का प्रकार: पुरानी जलोढ़ मृदा। **अतः कथन 1 सही है।**
- शीर्ष मक्का उत्पादक राज्य: कर्नाटक > महाराष्ट्र > मध्य प्रदेश > तमिलनाडु > तेलंगाना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत विश्वभर में मक्का का सातवाँ सबसे बड़ा उत्पादक है।
- इसका उपयोग भोजन और चारे दोनों के रूप में किया जाता है।
- अधिक उपज प्रदान करने वाले किस्म के बीज, उर्वरक और सिंचाई जैसे आधुनिक आदानों के उपयोग से मक्के के उत्पादन को प्रोत्साहन मिला है।
- मक्का पर प्रौद्योगिकी मिशन मक्का के लिये सरकार की पहलों में से एक है। **अतः कथन 3 सही है।**

98.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय भेषज संहिता आयोग (Indian Pharmacopoeia Commission- IPC)**

- औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अनुरूप भारतीय भेषज संहिता आयोग (IPC) के रूप में भारत सरकार ने एक पृथक, समर्पित, स्वायत्त संस्थान की स्थापना की है जो भारतीय भेषज संहिता के समयबद्ध प्रकाशन से संबंधित मामलों का निपटान करता है, यह इसमें शामिल औषधियों के मानकों की आधिकारिक पुस्तक है।
- IPC की स्थापना भारत में आयात की जाने वाली उन औषधियों की पहचान करने, शुद्धता और प्रभावकारिता के मानकों को निर्दिष्ट करने के लिये की गई थी। ये वे औषधियाँ हैं जिन्हें विक्रय के लिये निर्मित, स्टॉक या वितरित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 1 जनवरी, 2009 से यह आयोग एक स्वायत्त निकाय के रूप में पूरी तरह से कार्यरत है, यह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत विशिष्ट बजटीय आवंटन के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वैज्ञानिक निकाय का अध्यक्ष इस आयोग के सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का सचिव इसके अध्यक्ष के रूप में कार्य करता है। सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक इस आयोग का मुख्य वैज्ञानिक व कार्यकारी अधिकारी होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

99.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **इथेनॉल:**
  - यह प्रमुख जैव ईंधनों में से एक है, इसे प्राकृतिक रूप से खमीर/यीस्ट द्वारा शर्करा के किण्वन अथवा एथिलीन हाइड्रेशन जैसी पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।
  - इथेनॉल एक कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाला ईंधन है और इसकी दक्षता कई अन्य ईंधनों के समतुल्य है किंतु इसकी लागत पेट्रोल की तुलना में अधिक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (EBP): इसका उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सम्मिश्रण लक्ष्य: भारत सरकार ने पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण (जिसे E20 भी कहा जाता है) का लक्ष्य वर्ष 2025 से बढ़ाकर 2030 कर दिया है। **अतः कथन 3 सही है।**

100.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA), 2010:**

- व्यक्तियों एवं संघों को प्राप्त होने वाले विदेशी दान को विनियमित करने के लिये FCRA को अभिकल्पित किया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप तरीके से कार्य करें।
- यह उम्मीदवारों, पत्रकारों, मीडिया कंपनियों, न्यायाधीशों, सरकारी कर्मचारियों, राजनेताओं और राजनीतिक संगठनों को विदेशी धन प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- FCRA रजिस्ट्रीकरण पाँच वर्ष के लिये वैध होता है, और गैर-सरकारी संगठनों को रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति के छह महीने के भीतर नवीनीकरण के लिये आवेदन करना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2020 का संशोधन:
  - यह किसी अन्य व्यक्ति अथवा संगठन को विदेशी योगदान के अंतरण पर प्रतिबंध लगाता है।
  - प्रशासनिक खर्चों के लिये विदेशी अंशदान के उपयोग की सीमा को 50% से घटाकर 20% कर दिया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

101.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- UAPA के तहत भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप दायर किया जा सकता है। यह भारत के बाहर किसी विदेशी भूमि पर अपराध करने वालों पर भी समान रूप से लागू होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- UAPA के तहत जाँच एजेंसी के पास गिरफ्तारी करने के बाद आरोप पत्र दाखिल करने के लिये अधिकतम 180 दिन का समय होता है, और इस अवधि को न्यायालय के आदेश से बढ़ाया भी जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- UAPA अधिनियम, 1967 में वर्ष 2004 के संशोधन कर आतंकवादी गतिविधियों के लिये संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के के उद्देश्य से अपराधों की सूची में "आतंकवादी अधिनियम" को जोड़ा गया, जिसके तहत 34 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया। **अतः कथन 3 सही है।**
  - वर्ष 2004 तक, "गैरकानूनी" गतिविधियों से आशय अलगाव और कब्जे से संबंधित कार्रवाइयों से था।

102.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- भारत में प्रत्येक पेटेंट की अवधि पेटेंट आवेदन दाखिल करने की तारीख से बीस वर्ष है, भले ही यह अनंतिम अथवा पूर्ण विनिर्देश के साथ दायर किया गया हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पेटेंट अधिनियम, 1970: भारत में पेटेंट प्रणाली के लिये इस प्रमुख कानून को वर्ष 1972 में लागू किया गया था। इसे भारतीय पेटेंट और डिज़ाइन अधिनियम 1911 के स्थान पर लाया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार ने पेटेंट (संशोधन) नियम, 2021 प्रस्तुत किया है, जिससे शैक्षणिक संस्थानों के लिये पेटेंट दाखिल करने और अभियोजन के लिये शुल्क 80% कम हो गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

103.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- पेटेंट की एवरग्रीनिंग: यह किसी क्षेत्राधिकार में प्रदान किये गए किसी समाप्त होने वाली पेटेंट की अवधि को बढ़ाने की एक कॉर्पोरेट, कानूनी, व्यावसायिक और तकनीकी रणनीति है, ताकि नया पेटेंट प्रदान करने के बजाय उनसे रॉयल्टी बरकरार रखी जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनिवार्य लाइसेंसिंग (CL): यह सरकार द्वारा संस्थाओं को पेटेंट मालिक की सहमति के बिना पेटेंट किये गए वस्तु का उपयोग, विनिर्माण, आयात अथवा विक्रय की अनुमति है। भारत का पेटेंट अधिनियम अनिवार्य लाइसेंसिंग से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- WTO के TRIPS समझौते के तहत अनिवार्य लाइसेंसिंग की अनुमति दी गई है, बशर्ते वह 'राष्ट्रीय आपात स्थिति, अत्यधिक तात्कालिकता की अन्य परिस्थितियाँ और प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं' जैसी शर्तें पूरी करता हो। **अतः कथन 3 सही है।**

104. उत्तर: A

**व्याख्या:**

- SCD एक पुरानी एकल जीन बीमारी है, जो रक्ताल्पता, तीव्र दर्द का अनुभव और पुरानी चोट के कारण एक दुर्बल प्रणालीगत सिंड्रोम का कारण बनता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके कारण लाल रक्त कोशिकाएँ अर्द्धचंद्राकार की हो जाती हैं, जिससे वाहिकाओं के माध्यम से उनकी गति बाधित होती है, और गंभीर दर्द, संक्रमण, एनीमिया तथा स्ट्रोक जैसी संभावित जटिलताएँ उत्पन्न होती हैं।
- अकेले भारत में, प्रतिवर्ष अनुमानतः 30,000-40,000 बच्चे सिकल सेल रोग के साथ जन्म लेते हैं।
- भारत में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

105. उत्तर: B

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया प्रदान नहीं करता है। अनुच्छेद 164 में केवल यह कहा गया है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जायेगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक व्यक्ति जो राज्य विधानसभा का सदस्य नहीं है, उसे छह महीने के लिये मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, उस समयसीमा के भीतर उसे राज्य विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करनी होगी, ऐसा न करने पर उसे मुख्यमंत्री पद का त्याग करना होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुसार किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त होने से पूर्व विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना अनिवार्य नहीं है। राज्यपाल पहले उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त कर सकता है और फिर उन्हें उचित अवधि के भीतर विधान सभा में अपना बहुमत साबित करने के लिये कह सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

106.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- इसे वर्ष 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका एवं यूरोप को स्थल तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। इस पहल में दो प्रमुख घटक शामिल हैं: सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और समुद्री सिल्क रोड। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत द्वारा BRI को लेकर की मुख्य आपत्ति इस बात से है कि इसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) शामिल है, और यह भारत द्वारा दावा किये जाने वाले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) से होकर गुजरता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- BRI के कारण विशेष रूप से साझेदार देशों में प्रमुख बुनियादी ढाँचे पर चीन के बढ़ते प्रभाव और नियंत्रण के संबंध में भू-राजनीतिक चिंताएँ बढ़ गई हैं। इन चिंताओं की वजह से कई देश इस पहल में उनकी भागीदारी के पुनर्मूल्यांकन पर विचार करने को बाध्य हुए है। **अतः कथन 3 सही है।**

**107.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियाई विकास बैंक**

**( Asian Development Bank- ADB ):**

- ADB एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी।
- इसमें 68 सदस्य हैं; 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैI भारत ADB का संस्थापक सदस्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 31 दिसंबर, 2022 तक ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारक जापान और अमेरिका (प्रत्येक के पास कुल शेयरों का 15.6%), चीन (6.4%), भारत (6.3%) तथा ऑस्ट्रेलिया (5.8%) हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय मनीला, फिलिपींस में है। **अतः कथन 2 सही है।**

**108.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह वर्ष 2014 में ब्राज़ील के 'फोर्टालेज़ा' में आयोजित छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और साउथ कोरिया) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। अत: कथन सही नहीं है।
- इसका मुख्यालय शंघाई (चीन) में स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2018 में 'न्यू डेवलपमेंट बैंक' ने संयुक्त राष्ट्र के साथ सक्रिय और उपयोगी सहयोग के लिये एक मज़बूत आधार स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त किया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**109.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में यूरोपीय संघ (EU), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग को पूर्ण रूप से विनियमित करने के उद्देश्य से व्यापक कानून बनाने वाला पहला महाद्वीपीय राष्ट्र बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यूरोपीय संघ की प्रस्तावित रूपरेखा पर वर्ष 2024 की शुरुआत में संसदीय मतदान किया जाएगा, जो संभावित रूप से वर्ष 2025 तक लागू हो जाएगी।
- सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन यूरोप में व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिये एक व्यापक डेटा संरक्षण कानून पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यूरोपीय संघ में, निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार के रूप में निहित है, यह व्यक्ति की गरिमा और उसके डेटा पर उसके अधिकार की रक्षा करता है।
- GPAI 28 देशों और यूरोपीय संघ का एक मंच है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की चुनौतियों और अवसरों को समझने तथा इसके उत्तरदायित्वपूर्ण विकास को बढ़ावा देने के लिये एक साथ कार्य कर रहा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- भारत वर्ष 2020 में संस्थापक सदस्य के रूप में GPAI में शामिल हुआ और फ्राँस के बाद नवंबर 2022 में इसका अध्यक्ष बना।

**110.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- दारफुर नरसंहार पश्चिमी सूडान में चल रहे संघर्ष के दौरान जातीय दारफुरी लोगों के नरसंहार से संबंधित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- ऑपरेशन नॉर्दर्न शील्ड दिसंबर 2018 में लेबनान के साथ देश की उत्तरी सीमा पर शुरू किया गया एक इज़रायली सैन्य अभियान था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- हूती विद्रोही, जिसे अंसार अल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, यमन स्थित एक जैदी शिया मुस्लिमों का राजनीतिक और सैन्य आंदोलन हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- हमास एक उग्र इस्लामिक फिलिस्तीनी राष्ट्रवादी आंदोलन है जो मुख्य रूप से गज़ा पट्टी और वेस्ट बैंक में संचालित होता है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

111.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**भारत-श्रीलंका संबंध:**

- ऋण पुनर्गठन में भूमिका: भारत ने श्रीलंका को उसके ऋण के पुनर्गठन में मदद करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और लेनदारों के साथ सहयोग करने में अहम भूमिका अदा की है। इस प्रकार, भारत श्रीलंका के वित्तपोषण और ऋण पुनर्गठन के लिये अपना समर्थन पत्र सौंपने वाला पहला देश बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की UPI को अपनाना: श्रीलंका ने भारत की UPI सेवा को अपनाया है, यह दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। UPI को अपनाने वाले अन्य देशों में भूटान, ओमान आदि शामिल हैं।
- भूटान वर्ष 2021 में UPI को अपनाने वाला पहला देश था। NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) और भूटान के रॉयल मॉनेटरी अथॉरिटी (RMA) ने इस उद्देश्य के लिये साझेदारी की, जिससे भारतीय पर्यटकों को UPI-आधारित भुगतान करने में सुलभता प्राप्त हो सकी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य (मित्र शक्ति) और नौसेना अभ्यास (SLINEX) का आयोजन किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

112.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में कहीं भी 'फेडरेशन' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके बजाय, संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को 'राज्यों के संघ' के रूप में वर्णित करता है। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार 'राज्यों के महासंघ' की तुलना में 'राज्यों के संघ' वाक्यांश को दो तत्त्वों को इंगित करने के आधार पर प्राथमिकता दी गई है: (i) भारतीय संघ अमेरिकी महासंघ की तरह राज्यों के बीच एक समझौते का परिणाम नहीं है; और (ii) राज्यों को महासंघ से अलग होने का कोई अधिकार नहीं है।
- भारतीय संघवाद एक साथ आने के बजाय एक साथ रहने के सिद्धांत पर आधारित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय संघीय व्यवस्था 'कैनेडियन मॉडल' पर आधारित है न कि 'अमेरिकी मॉडल' पर। 'कैनेडियन मॉडल' मूल रूप से 'अमेरिकी मॉडल' से भिन्न है क्योंकि यह एक अत्यंत मज़बूत केंद्र की स्थापना का समर्थन करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

113.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य के मामले में, पाँच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि संविधान के अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों को राज्य अथवा उसके उपकरणों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी लागू किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मूलतः अनुच्छेद 19 में सात अधिकार शामिल थे। हालाँकि, संपत्ति के अधिग्रहण, धारण और निपटान के अधिकार को वर्ष 1978 के 44वें संशोधन अधिनियम द्वारा हटा दिया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्य इन छह अधिकारों पर केवल अनुच्छेद 19 में उल्लिखित आधार पर ही 'उचित' प्रतिबंध लगा सकता है, किसी अन्य आधार पर नहीं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

114.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और उसके कुल राजस्व (ऋण को छोड़कर) के बीच का अंतर है।
- यह सरकार द्वारा अपने कार्यों के वित्तपोषण के लिये ऋण की सीमा का संकेतक है और इसे देश की GDP के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है।
- उच्च राजकोषीय घाटे के कारण मुद्रास्फीति, मुद्रा का अवमूल्यन और ऋण बोझ में वृद्धि हो सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ऋण बोझ में वृद्धि: निरंतर उच्च राजकोषीय घाटे के कारण सरकारी ऋण में वृद्धि होती है, जिससे भावी पीढ़ियों पर ऋण अदायगी का दबाव बढ़ता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- निजी निवेश और क्राऊडिंग आउट इफ़ेक्ट: सरकार को राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिये काफी उधार लेना पड़ सकता है, जिससे ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, और निजी क्षेत्र के लिये ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है, जिससे निजी निवेश में क्राऊडिंग इफ़ेक्ट (सार्वजनिक क्षेत्र में व्यय बढ़ने से निजी क्षेत्र का व्यय कम हो जाता है अथवा पूरी तरह समाप्त हो जाता है) हो सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

115.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों में जनजातीय आबादी के अधिकारों की रक्षा के लिये जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संविधान सभा द्वारा गठित बारदोलोई समिति की रिपोर्ट पर आधारित था। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह जनजातियों को एक स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद और स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADC) के माध्यम से विधायी और कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- ADC केंद्र सरकार द्वारा राज्य विधानमंडल के भीतर स्वायत्तता के विभिन्न स्तरों वाले ज़िले हैं।

116.

उत्तर: B

व्याख्या:

**संसद के सदस्य:**

- राज्यसभा के संदर्भ में उसकी न्यूनतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिये और लोकसभा के लिये उसकी आयु न्यूनतम 25 वर्ष होनी चाहिए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- किसी भी राज्य अथवा केंद्र शासित प्रदेश में अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का सदस्य होना अनिवार्य है यदि वह अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित सीट पर चुनाव लड़ना चाहता है। हालाँकि, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का सदस्य भी उन सीटों पर चुनाव लड़ सकता है जो उनके लिये आरक्षित नहीं है।
- ऐसा किसी भी अपराध, जिसके परिणामस्वरूप दो अथवा अधिक वर्षों के कारावास की सज़ा का प्रावधान हो, के लिये उसे दोषी नहीं ठहराया गया होना चाहिये। किंतु, निवारक निरोध कानून के तहत गिरफ्तार किसी व्यक्ति को अयोग्यता नहीं माना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

117.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आर्थिक सहयोग: भारत और चीन दोनों BRICS, SCO, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के सदस्य हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बांग्लादेश- भारत बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी सीमा साझा करता है, जो 4,000 किलोमीटर से अधिक तक फैली हुई है।
- भारत अपनी सबसे लंबी सीमा बांग्लादेश (लगभग 4096 किमी.) के साथ साझा करता है।
- चीन- भारत की चीन के साथ लगभग 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

118.

उत्तर: D

व्याख्या:

- गैर-संचारी रोग (NCDs), जिन्हें पुरानी बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है, आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय और व्यवहार संबंधी कारकों के संयोजन का परिणाम होते हैं तथा लंबी अवधि तक बने रहते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- हृदय संबंधी रोग (जैसे दिल का दौरा और स्ट्रोक), कैंसर, पुरानी श्वसन रोग (जैसे क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज़ तथा अस्थमा) और मधुमेह NCDs के मुख्य प्रकार हैं।
- देश भर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

119.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत के कृषि क्षेत्र में पिछले छह वर्षों में 4.6% की औसत वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है। इस प्रकार कृषि क्षेत्र ने देश की समग्र वृद्धि, विकास और खाद्य सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालिया वर्षों में, भारत कृषि उत्पादों के शुद्ध निर्यातक के रूप में उभरा है, वर्ष 2021-22 में निर्यात रिकॉर्ड 50.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बढ़ती जनसंख्या के कारण परिचालन भूमि जोत इकाइयों की संख्या बढ़ रही है (138.3 मिलियन से बढ़कर लगभग 146 मिलियन)। इस कारण प्रति किसानों की औसत भूमि जोत के आकर में गिरावट आई है, जो 1.2 हेक्टेयर से घटकर लगभग 1.08 हेक्टेयर हो गई है।

नोट :

120.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल कूलिंग प्रतिबद्धता:**

- ग्लोबल कूलिंग प्रतिबद्धता ठोस कदम उठाते हुए सतत् कूलिंग के लिये प्रतिबद्ध होने का आह्वान करती है। यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP28) 2023 के मेज़बान के रूप में संयुक्त अरब अमीरात की एक पहल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह प्रतिबद्धता में नौ गैर-संवाद घोषणाओं, प्रतिज्ञाओं और चार्टरों में से एक है जो COP28 के अध्यक्षीय कार्रवाई एजेंडा के लिये प्रमुख परिणाम के अंतर्गत आती है।
- इसका लक्ष्य सामूहिक वैश्विक लक्ष्यों के माध्यम से वर्ष 2050 तक कूलिंग संबंधी उत्सर्जन को आज की तुलना में 68% तक कम करना, वर्ष 2030 तक सतत् कूलिंग तक पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि करना एवं नए एयर कंडीशनर की वैश्विक औसत दक्षता में 50% की वृद्धि करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह उत्सर्जन लक्ष्य UNEP कूल कोएलिशन रिपोर्ट- ग्लोबल कूलिंग वॉच 2023 कीपिंग इट चिल: उत्सर्जन में कटौती करते हुए कूलिंग मांगों को किस प्रकार पूरा किया जाना चाहिये, के प्रारूप पर आधारित हैं।

121.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance- ISA):**

- 'टुवर्ड्स 1000' रणनीति द्वारा निर्देशित ISA का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश जुटाना है, जबकि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके 1,000 मिलियन लोगों तक ऊर्जा तक पहुँच प्रदान करना है तथा 1,000 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता की संस्थापना करना है। इससे प्रत्येक 1,000 मिलियन टन $CO_2$ के वैश्विक सौर उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- ISA की परिकल्पना सौर ऊर्जा विकल्पों का उपयोग करके जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से भारत और फ्राँस द्वारा संयुक्त प्रयास से की गई थी। इसकी संकल्पना वर्ष 2015 में पेरिस में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) के पार्टियों के 21वें सम्मेलन (COP21) के अवसर पर की गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2020 में इसके ढाँचागत समझौते में संशोधन के बाद, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश अब ISA में शामिल होने के लिए पात्र हैं। वर्तमान में, ISA फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 116 हैं, जिनमें से 94 देशों ने इसके पूर्ण सदस्य बनने के लिये अनुसमर्थन हेतु आवश्यक दस्तावेज़ ज़मा कर दिये हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

122.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन:**

- जैव ईंधन कार्बनिक पदार्थों के उपयोग से तैयार किया जाता है और विभिन्न प्रकार के परिवहन के लिये कम उत्सर्जन वाले ईंधन का विकल्प प्रदान करता है।
- वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन सितंबर 2023 में भारत में G20 शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सतत् जैव ईंधन के उपयोग का विस्तार करने के उद्देश्य से यह विश्व आर्थिक मंच, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक सहित 19 देशों और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को एकजुट करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

123.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी**

- यह वर्ष 1974 में फ्राँस के पेरिस में स्थापित एक स्वायत्त अंतर सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मुख्य रूप से ऊर्जा नीतियों पर केंद्रित है जिसमें आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इन नीतियों को IEA के 3 E के रूप में भी जाना जाता है।
- **प्रमुख रिपोर्टें:**
    - वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक। **अत: कथन 2 सही है।**
    - वर्ल्ड एनर्जी इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट।
- IEA का सदस्य बनने के लिये किसी देश को OECD का सदस्य देश होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, इसे कई अन्य मानदंडों को भी पूरा करना होगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

124.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**पीएम गति शक्ति योजना:**

- यह एक मेड इन इंडिया पहल है, जो आर्थिक पक्षों और सामाजिक बुनियादी ढाँचे के लिये मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी की एकीकृत योजना हेतु एक परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकारी' दृष्टिकोण है, जिससे लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका लक्ष्य 11 औद्योगिक गलियारों और दो नए रक्षा गलियारों- एक तमिलनाडु में और दूसरा उत्तर प्रदेश में, का निर्माण करना भी है। सभी गाँवों तक 4G कनेक्टिविटी पहुँचाना एक अन्य उद्देश्य है। इसके तहत मौजूदा गैस पाइपलाइन नेटवर्क में 17,000 और विस्तार करने की योजना बनाई जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2019 में शुरू किये गए राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, जिसकी लागत 110 लाख करोड़ रुपए थी, को गति शक्ति योजना में शामिल किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

125.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- यह फंड विशेष रूप से देश में महिलाओं की सुरक्षा में सुधार पर केंद्रित पहलों का समर्थन करने के लिये वित्त मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस फंड की निगरानी के लिये महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव के अधीन अधिकृत अधिकारियों की एक समिति की स्थापना की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने के साथ ही समाप्त नहीं होने वाला, यानी एक नॉन-लैप्सेबल फंड है। **अत: कथन 3 सही है।**

126.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) के तहत एक कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक समझौता है जिसे वर्ष 2015 में COP21 में अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे क्योटो प्रोटोकॉल के स्थान पर लाया गया था जो कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु एक पूर्व समझौता था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- पेरिस समझौता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अनुकूलित करने और जलवायु परिवर्तन का समाधान करने के अपने प्रयासों में विकासशील देशों को सहायता प्रदान करने के लिये मिलकर काम करने हेतु देशों के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करता है।
- पेरिस समझौते के तहत, प्रत्येक देश को प्रति 5 वर्ष पर अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) संबंधी विवरण जमा करना और अद्यतन करना आवश्यक है। इसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने एवं जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन हेतु उनकी योजनाओं को रेखांकित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - NDC विभिन्न देशों द्वारा अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अनुकूलित करने के लिये की गई प्रतिज्ञा है।

127.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism- CBAM):**

- CBAM "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का एक घटक है, जो वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कम-से-कम 55% की कटौती करके यूरोपीय जलवायु कानून का पालन करने की यूरोपीय संघ की रणनीति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह घरेलू उत्पादों और आयात के बीच कार्बन उत्सर्जन से होने वाले लागत को संतुलित करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह सुनिश्चित करेगा कि कम सख्त हरित मानकों वाले देशों में उत्पादन कार्य के स्थानांतरण अथवा यूरोपीय संघ के उत्पादों के लिये अधिक कार्बन-सघन आयात के प्रतिस्थापन से यूरोपीय संघ की जलवायु नीतियों से समझौता नहीं किया जाए।
- CBAM विश्व व्यापार संगठन के अनुरूप एक उपाय है जो वैश्विक उद्योग को हरित और अधिक सतत् प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

128.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**मध्यस्थता एवं सुलह (संशोधन) अधिनियम 2019:**

- मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) अधिनियम, 2019 का उद्देश्य मध्यस्थता, सुलह और अन्य वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों को

नोट :

प्रोत्साहित करने के लिये भारतीय मध्यस्थता परिषद (ACI) नामक एक स्वतंत्र निकाय की स्थापना करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इससे मध्यस्थता प्रक्रिया में सभी हितधारकों के बीच समानता लाने में मदद मिलेगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**129.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- ग्लोबल स्टॉकटेक वर्ष 2015 में पेरिस समझौते के बाद से ग्लोबल वार्मिंग को कम करने की दिशा में हुई प्रगति का आकलन है। ग्लोबल स्टॉकटेक के परिणामों पर पहली बार COP28 में चर्चा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- तीन दशक पुरानी मांग लॉस एंड डैमेज' (L&D) फंड को जलवायु न्याय की एक मौलिक अभिव्यक्ति कहा जा सकता है। लॉस एंड डैमेज' (L&D) फंड धन और प्रौद्योगिकियों का एक कोष है जिसे विकसित देशों द्वारा फिर से तैयार किया जाएगा और बाकी देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन के अधिक अपरिहार्य प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**130.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ( NDMA ):**

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) आपदा प्रबंधन के लिये भारत का सर्वोच्च वैधानिक निकाय है। यह कोई संवैधानिक संस्था नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NDMA का गठन औपचारिक रूप से 27 सितंबर 2006 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 द्वारा किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं और इसमें नौ अन्य सदस्य हैं। नौ सदस्यों में से एक को उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- आपदा प्रबंधन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। हालाँकि आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति केंद्र, राज्य और ज़िले यानी सभी के लिये एक सक्षम वातावरण बनाती है।

**131.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**हेडलाइन और कोर मुद्रास्फीतिः**

- हेडलाइन मुद्रास्फीति उस अवधि के लिये कुल मुद्रास्फीति है, जिसमें वस्तुओं की एक बास्केट शामिल होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति भारत में हेडलाइन मुद्रास्फीति के घटकों में से एक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कोर मुद्रास्फीति हेडलाइन मुद्रास्फीति की निगरानी करने वाली वस्तुओं की बास्केट से अस्थिर वस्तुओं को बाहर कर देती है। इन अस्थिर वस्तुओं में मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थ (सब्ज़ियों सहित) तथा ईंधन एवं ऊर्जा (कच्चा तेल) शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**132.**

**उत्तर : C**

**व्याख्याः**

- सरकार ने सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के साथ विलय करने का निर्णय लिया है।
- 23 मई, 2019 के आदेश ने NSSO और CSO के विलय के माध्यम से एक सर्वव्यापी निकाय - राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के गठन को मंज़ूरी दे दी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- आदेश में कहा गया है कि प्रस्तावित NSO का नेतृत्व सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन) करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC) का कोई उल्लेख नहीं है, जो देश में किये गए सभी सांख्यिकीय कार्यों की देख-रेख करने वाली संस्था रही है।

**133.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**थोक मूल्य सूचकांकः**

- यह थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को थोक में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- यह भारत में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला मुद्रास्फीति सूचकांक है।
- इस सूचकांक की प्रमुख आलोचना यह है कि आम जनता थोक मूल्य पर उत्पाद नहीं खरीदती है।
- अखिल भारतीय WPI का आधार वर्ष 2017 में 2004-05 से संशोधित कर वर्ष 2011-12 कर दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

134.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत-ओमान के बीच सैन्य अभ्यास:**
  - सेना अभ्यास: अल नजाह
  - वायु सेना अभ्यास: ईस्टर्न ब्रिज
  - नौसेना अभ्यास: नसीम अल बह
- **अत: विकल्प A सही है।**

135.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-ओमान संबंध:**

- ओमान, होर्मुज़ जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार पर है जिसके माध्यम से भारत अपने तेल आयात का पाँचवाँ हिस्सा आयात करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- खाड़ी क्षेत्र में ओमान एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेवाएँ नियमित द्विपक्षीय अभ्यास और स्टाफ वार्ता आयोजित करती हैं, जिससे पेशेवर स्तर पर घनिष्ठ सहयोग तथा विश्वास संभव होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रक्षा सहयोग मज़बूत भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी के लिये एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरा है। रक्षा आदान-प्रदान एक फ्रेमवर्क MoU द्वारा निर्देशित होते हैं जिसे हाल ही में वर्ष 2021 में नवीनीकृत किया गया था।
- संयुक्त सैन्य सहयोग समिति (JMCC), रक्षा के क्षेत्र में भारत और ओमान के बीच भागीदारी का सर्वोच्च मंच है। **अत: कथन 3 सही है।**

136.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों की नियम संख्या 373 के अनुसार, "अध्यक्ष किसी सदस्य का आचरण अमर्यादित पाए जाने पर उसे तुरंत सदन से हटने का निर्देश दे सकता है। जिन सदस्यों को हटने का आदेश दिया गया है वे तुरंत ऐसा करेंगे और शेष दिन की बैठक के दौरान अनुपस्थित रहेंगे"। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- लोकसभा अध्यक्ष की तरह राज्यसभा के सभापति को नियम संख्या 255 के तहत "किसी भी सदस्य का आचरण अमर्यादित पाए जाने पर तुरंत उसे सदन से बाहर जाने का निर्देश देने" का अधिकार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इस नियम के तहत अध्यक्ष द्वारा निलंबन की घोषणा करने पर, सदस्य तुरंत सदन के परिसर से हट जाएगा। इसमें अध्यक्ष की कोई भूमिका नहीं है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

137.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत-मालदीव संबंध:**

- ऑपरेशन नीर 2014: ऑपरेशन नीर के तहत भारत ने पेयजल संकट से निपटने के लिये मालदीव को पेयजल की आपूर्ति की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- ऑपरेशन कैक्टस 1988: ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने तख्तापलट की कोशिश को नाकाम करने में मालदीव सरकार की मदद की थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ऑपरेशन संजीवनी: भारत ने COVID 19 के खिलाफ लड़ाई में सहायता के रूप में ऑपरेशन संजीवनी के तहत मालदीव को 6.2 टन आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

138.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत में अंग प्रत्यारोपण:**

- भारत में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 मानव अंगों को हटाने और उसके भंडारण के लिये विभिन्न नियमों का प्रावधान करता है। यह चिकित्सीय उद्देश्यों के लिये और मानव अंगों में वाणिज्यिक लेन-देन की रोकथाम के लिये मानव अंगों के प्रत्यारोपण को भी नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मंत्रालय ने 'एक राष्ट्र, एक नीति' कदम के तहत किसी विशेष राज्य में अंग प्राप्तकर्त्ता के रूप में पंजीकरण करने के लिये अधिवास की आवश्यकता को हटा दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- अब कोई भी ज़रूरतमंद मरीज़ अपनी पसंद के किसी भी राज्य में अंग प्राप्त करने के लिये पंजीकरण करा सकेगा और वहीं सर्जरी भी करा सकेगा।
- हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण दिशा-निर्देशों को संशोधित किया है, जिससे 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मृत दाताओं से प्रत्यारोपण के लिये अंग प्राप्त करने की अनुमति प्राप्त हुई है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**139.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक (IMEC) गलियारा:**

- भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) परियोजना पर नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन में हस्ताक्षर किये गए थे और इसका भारत के लिये महत्त्वपूर्ण भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव है।
- इसमें रेलमार्ग, जहाज़-से-रेल नेटवर्क और सड़क परिवहन मार्ग शामिल होंगे जो दो गलियारों - पूर्व (भारत को अरब की खाड़ी से जोड़ना) और उत्तर (खाड़ी को यूरोप से जोड़ना) तक विस्तारित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रेल और शिपिंग विकल्पों के अलावा IMEC द्वारा बिजली और ऊर्जा (गैस और हाइड्रोजन) पाइपलाइन कनेक्टिविटी विकल्प भी प्रदान किया जाएगा।
- इसके 8 हस्ताक्षरकर्ता देश भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय संघ, इटली, फ्राँस और जर्मनी हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**140.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महादेव गोविंद रानाडे:**

- उन्होंने "महाराष्ट्र के सुकरात" की उपाधि अर्जित की और रघुनाथ राव के साथ नेशनल सोशल कॉन्फ्रेंस के संस्थापक थे। इसके अतिरिक्त, वह पूना सार्वजनिक सभा के संस्थापक थे।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**141.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**काला सागर:**

- काला सागर के सीमावर्ती देश: यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे एक्सिन सागर (Euxine Sea) के नाम से भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पोंटिक (दक्षिण), काकेशस (पूर्व) और क्रीमियन पर्वत (उत्तर) से घिरा हुआ है।
- तुर्की जलडमरूमध्य प्रणाली - डार्डानेल्स, बोस्पोरस और मरमारा सागर - भूमध्य सागर व काला सागर के बीच एक संक्रमण क्षेत्र बनाती है।

**142.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बैलेचली पार्क घोषणा:**

- इंग्लैंड के बैलेचली पार्क में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सुरक्षा शिखर सम्मेलन 2023 ने फ्रंटियर AI प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिये वैश्विक दृष्टिकोण में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ चिह्नित किया है।
- इन चुनौतियों से निपटने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, भारत और यूरोपीय संघ सहित 28 प्रमुख देशों ने इस पहले AI सुरक्षा शिखर सम्मेलन में बैलेचली पार्क घोषणा पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह ऐतिहासिक घोषणा उन्नत AI सिस्टम, जिसे फ्रंटियर AI के रूप में जाना जाता है, के संभावित जोखिमों से निपटने और लाभों के लिये एक सामूहिक समझ तथा समन्वित दृष्टिकोण बनाने का प्रयास करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत ने घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**143.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय हरित अधिकरण:**

- अधिकरण के पास पर्यावरण तथा उससे संबंधित महत्त्वपूर्ण मामले वाले सभी नागरिक मामलों पर सुनवाई करने का क्षेत्राधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 की अनुसूची-I में उल्लिखित विधियों में शामिल विषयों से संबंधित पर्यावरणीय क्षति के लिये राहत तथा क्षतिपूर्ति की मांग करने वाला कोई भी व्यक्ति अधिकरण से संपर्क कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - अनुसूची-I में शामिल परिनियम हैं:
    - जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974;

- जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम, 1977;
- वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980;
- वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981;
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986;
- सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991;
- जैविक विविधता अधिनियम, 2002.

- अधिकरण के निर्णय बाध्यकारी हैं। अधिकरण के आदेश प्रवर्तनीय (लागू करने योग्य) हैं क्योंकि इसमें निहित शक्तियाँ सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत सिविल कोर्ट के समान हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

144.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**परिसीमन आयोग:**

- संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार, प्रत्येक जनगणना पूरी होने के बाद, प्रत्येक राज्य को लोकसभा सीटों का आवंटन जनसंख्या परिवर्तन के आधार पर समायोजित करना चाहिये।
- इन प्रावधानों के तहत राज्यों के बीच सीटों के पुनर्वितरण के लिये प्रत्येक दशक में एक बार एक स्वतंत्र परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है। आयोग की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें सर्वोच्च न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय का एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश, मुख्य चुनाव आयुक्त एवं राज्य चुनाव आयुक्त शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक बार प्रकाशित होने के बाद, आयोग का आदेश अंतिम होता है तथा परिसीमन आयोग अधिनियम, 1952 एवं संविधान के अनुच्छेद 329(A) के अनुसार, "विधि की पूर्ण शक्ति होती है तथा किसी भी न्यायालय में उन पर सवाल नहीं उठाया जाएगा"। **अतः कथन 3 सही है।**

145.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006:**

- यह वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वनवासी (OTFD) जो पीढ़ियों से ऐसे वनों में निवास कर रहे हैं, को वन भूमि पर उनके वन अधिकारों को मान्यता देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह FDST और OTFD की आजीविका तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वनों के संरक्षण की व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करता है।
- ग्राम सभा को व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) या दोनों जो कि FDST और OTFD को दिये जा सकते हैं, की प्रकृति एवं सीमा निर्धारित करने हेतु प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**

146.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 1960 के दशक के मध्य में गर्भपात नियमों की जाँच के लिये शांतिलाल शाह समिति की स्थापना की गई थी।
- इसके निष्कर्षों के आधार पर मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (MTP) एक्ट, 1971 अधिनियमित किया गया, जिससे सुरक्षित और कानूनी गर्भपात की अनुमति मिली, महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा की गई, इससे मातृ मृत्यु दर में भी कमी आई। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2021 का संशोधन बलात्कार जैसे विशिष्ट मामलों में दो चिकित्सकों की मंज़ूरी के साथ गर्भावस्था के 20 से 24 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

147.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लाल सागर:**

- सीमावर्ती देश: मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी के माध्यम से दक्षिण में हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- उत्तर में सिनाई प्रायद्वीप, अकाबा की खाड़ी और स्वेज़ की खाड़ी ( स्वेज़ नहर की ओर जाने वाली) हैं ।
- ग्रेट रिफ्ट वैली (एफ्रो- अरेबियन रिफ्ट वैली) का एक हिस्सा इसके अंतर्गत आता है। **अतः कथन 3 सही है।**

148.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ओपन क्रेडिट इनेबलमेंट नेटवर्क (OCEN):**

- यह एक विकेंद्रीकृत ओपन क्रेडिट नेटवर्क है जो मानकों के एक सामान्य समूह के तहत उधारकर्त्ताओं, उधारदाताओं और क्रेडिट वितरकों के बीच ऋण के प्रवाह को संहिताबद्ध करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह इंडिया स्टैक के नाम से जाने जाने वाले ओपन API के बड़े ढाँचे का एक हिस्सा है, जो सरकार, व्यवसायों, डेवलपर्स और सेवा प्रदाताओं को डिजिटल लेन-देन तथा डेटा-आधारित प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिये एक सामान्य डिजिटल बुनियादी ढाँचे का उपयोग करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- OCEN को वर्ष 2020 में ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**149.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है। अनुच्छेद 164 केवल यह कहता है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जायेगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में से किसी एक का सदस्य हो सकता है। आमतौर पर मुख्यमंत्रियों को निचले सदन (विधान सभा) से चुना जाता है, लेकिन कई अवसरों पर, उच्च सदन (विधान परिषद) के एक सदस्य को भी मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान में यह आवश्यक नहीं है कि किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त होने से पहले विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना होगा। राज्यपाल पहले उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त कर सकते हैं और फिर उन्हें उचित अवधि के भीतर विधान सभा में अपना बहुमत साबित करने के लिये कह सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**150.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल की शक्तियाँ:**

- जब राज्य विधानमंडल का सत्र नहीं चल रहा हो तो वह अध्यादेश जारी कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य विधायिका को अपनी पुनः बैठक के छह सप्ताह के भीतर इन अध्यादेशों को मंज़ूरी देनी होगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह राज्यपाल की सबसे महत्त्वपूर्ण विधायी शक्ति है जिसमें वह किसी भी समय अध्यादेश वापस भी ले सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**151.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पाँचवीं अनुसूची 10 राज्यों में निर्धारित है: आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 244 (1) असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम के अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों में पाँचवीं अनुसूची प्रावधानों को लागू करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**152.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जनजातीय विद्रोह:**

- तमाड़ विद्रोह: यह छोटानागपुर क्षेत्र में ओराँव जनजातियों द्वारा किया गया था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- भील विद्रोह: यह महाराष्ट्र तथा गुजरात में खानदेश पहाड़ी शृंखलाओं में किया गया था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- पत्थलगड़ी आंदोलन: पत्थलगड़ी आंदोलन की शुरुआत झारखंड के खूँटी ज़िले में जनजातीय लोगों ने की थी। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

**153.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- PESA अधिनियम वर्ष 1996 में "पंचायतों से संबंधित संविधान के भाग IX के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिये" अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- PESA, ग्राम सभाओं को विकास योजनाओं को मंज़ूरी देने तथा सभी सामाजिक क्षेत्रों को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का अधिकार देता है। इसमें निम्नलिखित का प्रबंधन शामिल है: **अतः कथन 2 सही है।**
  - जल, जंगल, ज़मीन से संबंधित संसाधन
  - गौण वन उपज का स्वामित्व प्रदान करना
  - मानव संसाधन: प्रक्रियाएँ एवं कार्मिक जो नीतियों को लागू करते हैं
  - स्थानीय बाज़ारों का प्रबंधन करना
  - भूमि अन्यसंक्रामण/हस्तांतरण की रोकथाम
  - मादक द्रव्य के विक्रय का विनियमन

- यह जनजातीय समुदायों जो कि अनुसूचित क्षेत्रों के निवासी हैं, को स्वशासन की अपनी प्रणालियों के माध्यम से स्वशासन करने के अधिकार को मान्यता देता है तथा प्राकृतिक संसाधनों पर उनके पारंपरिक अधिकारों को भी स्वीकार करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

154.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राज्यपाल के रूप में वह मंत्रिपरिषद की सहायता एवं सलाह से कार्य करता है, कुलाधिपति के रूप में वह मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करता है एवं सभी विश्वविद्यालयी मामलों पर अपने निर्णय स्वयं लेता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 तथा अन्य कानूनों के अंतर्गत भारत का राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय का विज़िटर होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- एम.एम. पुंछी आयोग ने कहा कि राज्यपाल पर "पदों और शक्तियों का बोझ नहीं होना चाहिये, जिससे कार्यालय विवादों या सार्वजनिक आलोचना का शिकार हो सकता है, इसने राज्यपाल को वैधानिक शक्तियाँ प्रदान करने के विरुद्ध सलाह दी।" **अतः कथन 3 सही है।**

155.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दल-बदल विरोधी कानून:**

- दसवीं अनुसूची, जिसे दल-बदल विरोधी अधिनियम के नाम से जाना जाता है, को 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1985 के अधिनियम के अनुसार, किसी राजनीतिक दल के एक-तिहाई निर्वाचित सदस्यों द्वारा 'दलबदल' को 'विलय' माना जाता था।
- लेकिन 91वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2003 ने इसे बदल दिया और अब कानून की नज़र में वैधता के लिये किसी दल के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों को "विलय" के पक्ष में होना चाहिये। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित प्रश्नों पर निर्णय ऐसे सदन के सभापति या स्पीकर को भेजा जाता है, जो 'न्यायिक समीक्षा' के अधीन है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

156.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG):**

- संविधान का अनुच्छेद 148 नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तुल्य कानूनी दर्जा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CAG की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिये CAG के खर्च का वहन भारत की समेकित निधि के तहत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संसद CAG द्वारा आयोजित ऑडिट रिपोर्ट के माध्यम से वित्तीय प्रशासन में कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

157.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**खाड़ी सहयोग परिषद (Gulf Cooperation Council- GCC):**

- खाड़ी सहयोग परिषद (Gulf Cooperation Council- GCC) खाड़ी क्षेत्र के छह देशों - सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का एक संघ है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- परिषद भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक गुट है। **अतः कथन 2 सही है।**
- खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं।
- संबंधों के दो सबसे महत्त्वपूर्ण कारण तेल, गैस तथा व्यापार हैं।

158.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हिंद महासागर रिम एसोसिएशन**

- हिंद महासागर रिम एसोसिएशन की स्थापना 7 मार्च, 1997 को हुई थी। IORA का दृष्टिकोण वर्ष 1995 में दक्षिण अफ्रीका के दिवंगत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की भारत यात्रा के दौरान उत्पन्न हुआ था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्तमान 23 सदस्य राष्ट्र:**
  - ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कोमोरोस, फ्राँस/री-यूनियन, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, ओमान, सेशेल्स, सिंगापुर, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंज़ानिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और यमन।

- इसलिये चीन सदस्य नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **संवाद सहयोगी:**
  - चीन, मिस्र, जर्मनी, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, रूस, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **विशिष्ट एजेंसियाँ:**
  - क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (RCSTT) तेहरान, ईरान में स्थित है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - मत्स्य पालन सहायता इकाई (FSU) मस्कट, ओमान में स्थित है।

**159.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन:**

- इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य ID प्रदान करना है ताकि अस्पतालों की बीमा कंपनियों को मदद मिल सके और आवश्यकता पड़ने पर नागरिक इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच सकें।**अतः कथन 1 सही है।**
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) कार्यान्वयन एजेंसी होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- हेल्थ ID निशुल्क और स्वैच्छिक है। इससे स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करने में मदद मिलेगी और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिये बेहतर योजना, बजट और कार्यान्वयन हो सकेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**160.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में संचार निगरानी मुख्य रूप से दो कानूनों- टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जहाँ टेलीग्राफ अधिनियम कॉल्स के अवरोधन से संबंधित है, वहीं सूचना प्रौद्योगिकी को सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार की निगरानी से निपटने के लिये अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय तार अधिनियम 1885 की धारा 5(2) जो दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन (सार्वजनिक आपातकाल और सार्वजनिक सुरक्षा) नियम, 2017 के साथ पठित है:
  - ये नियम संघ या राज्य के गृह सचिव को सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के मामले में किसी भी टेलीग्राफ या तार सेवा (इंटरनेट सहित) को निलंबित करने का आदेश देने की अनुमति देते हैं।
  - ऐसे आदेश की एक समिति द्वारा पाँच दिनों के भीतर समीक्षा की जानी चाहिये और यह एक बार में 15 दिनों से अधिक अवधि तक जारी नहीं रह सकता। किसी अत्यावश्यक स्थिति में, संघ या राज्य के गृह सचिव द्वारा अधिकृत संयुक्त सचिव स्तर या उससे ऊपर का अधिकारी आदेश जारी कर सकता है।

**161.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- थमिराबरानी, तमिलनाडु की एकमात्र बारहमासी (पानी का निरंतर प्रवाह) नदी है। **अतः विकल्प A सही है।**

**162.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गैर-संक्रामक रोगों को दीर्घकालिक बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि ये लंबे समय तक बने रहते हैं तथा आमतौर पर ये रोग आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरण और जीवन-शैली जैसे कारकों के संयोजन का परिणाम होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मुख्य गैर-संक्रामक रोग हैं– हृदय रोग (जैसे दिल का दौरा और स्ट्रोक), कैंसर, साँस की पुरानी बीमारियाँ (जैसे– क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज एवं अस्थमा) और मधुमेह।
- गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD), जिसे पहले कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) के रूप में जाना जाता था, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (National Health Mission-NHM) के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सस्ती कीमतों पर जेनेरिक दवाएँ उपलब्ध कराने के लिये फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा जन औषधि स्टोर स्थापित किये गए हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**163.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED):**

- भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (NAFED) की स्थापना 2 अक्तूबर, 1958 को गांधी जयंती पर की गई थी।

- NAFED बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NAFED की स्थापना किसानों को लाभ पहुँचाने के लिये कृषि उपज के सहकारी विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- खेतिहर किसान NAFED के मुख्य सदस्य हैं, जिन्हें नेफेड के कामकाज में सामान्य निकाय के सदस्य के रूप में अपनी बात कहने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**164.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड:**

- NCCF, देश में उपभोक्ता सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देने के लिये एक संगठन के रूप में, समग्र आर्थिक बेहतरी और वित्तीय स्वायत्तता के लिए आत्मनिर्भरता तथा पारस्परिक सहायता के आधार पर सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन एवं लोकतांत्रिक कामकाज को सुविधाजनक बनाने की इच्छा रखता है।
- यह उपभोक्ता सहकारी समितियों हेतु एक शीर्ष संगठन है, NCCF अपने कामकाज के वर्षों में अर्जित ज्ञान और संसाधनों को लागू करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना 16 अक्तूबर, 1965 को हुई थी।
- यह भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत काम करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत है। **अतः कथन 3 सही है।**

**165.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अविश्वास प्रस्ताव:**

- यह सरकार के प्रति विश्वास को परखने के लिये लोकसभा (राज्यसभा में नहीं) में प्रस्तुत किया गया एक प्रस्ताव है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिये 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो सरकार को इस्तीफा देना होगा। **अतः कथन 3 सही है।**
- अविश्वास प्रस्ताव एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटना है जो आमतौर पर तब घटित होती है जब यह धारणा बनती है कि सरकार बहुमत का समर्थन खो रही है।

**166.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**यूरोपीय संघ:**

- यूरोपीय संघ 27 देशों का एक समूह है जो एक सामंजस्यपूर्ण आर्थिक और राजनीतिक ब्लॉक के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इनमें से 19 देश अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में यूरो (€) का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - 8 यूरोपीय संघ के सदस्य (बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, डेनमार्क, हंगरी, पोलैंड, रोमानिया और स्वीडन) यूरो का उपयोग नहीं करते हैं।

**167.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**शिक्षा का अधिकार:**

- शिक्षा के अधिकार पर पहला आधिकारिक दस्तावेज़ वर्ष 1990 में राममूर्ति समिति की रिपोर्ट थी। **अतः विकल्प D सही है।**
- वर्ष 2002 में 86वें संवैधानिक संशोधन से शिक्षा के अधिकार को संविधान के भाग- III में एक मौलिक अधिकार के तहत शामिल किया गया।
    - इसे अनुच्छेद 21A के अंतर्गत शामिल किया गया, जिसने 6-14 वर्ष के बच्चों के लिये शिक्षा के अधिकार को एक मौलिक अधिकार बना दिया।
    - इसने एक अनुवर्ती कानून शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 का प्रावधान किया।
- शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है।

**168.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- IRDAI, वर्ष 1999 में स्थापित, बीमा ग्राहकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से बनाई गई एक नियामक संस्था है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह IRDA अधिनियम 1999 के तहत एक वैधानिक निकाय है और वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह बीमा-संबंधित गतिविधियों की निगरानी करते हुए बीमा उद्योग के विकास को नियंत्रित करता है।
- प्राधिकरण की शक्तियाँ एवं कार्य IRDAI अधिनियम, 1999 और बीमा अधिनियम, 1938 में निर्धारित हैं।

**169.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता:**

- 2+2 बैठकें दोनों देशों में से प्रत्येक के दो उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों, विदेश एवं रक्षा विभागों के मंत्रियों की भागीदारी का संकेत देती हैं, जिनका उद्देश्य उनके बीच बातचीत के दायरे को बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस तरह के तंत्र से साझेदार दोनों पक्षों के राजनीतिक कारकों को ध्यान में रखते हुए एक-दूसरे की रणनीतिक चिंताओं एवं संवेदनशीलताओं को अधिक प्रभावी ढंग से समझने और महत्त्व देने में सक्षम बनाया जा सकता है। इससे बदलते वैश्विक परिवेश में मज़बूत, अधिक एकीकृत रणनीतिक संबंध बनाने में मदद मिलती है।
- भारत ने ऑस्ट्रेलिया, जापान, यूनाइटेड किंगडम और रूस के मंत्रियों के साथ 2+2 बैठकें की हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**170.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अखिल भारतीय न्यायिक सेवा:**

- अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (AIJS) अवधारणा की उत्पत्ति वर्ष 1958 और 1978 में विधि आयोग की रिपोर्टों से हुई थी, इसका उद्देश्य वेतन की विविधता, रिक्तियाँ भरने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने तथा मानकीकृत राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण जैसे संरचनात्मक मुद्दों का समाधान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 312, केंद्रीय सिविल सेवाओं के समान, राज्यसभा के कम से कम दो-तिहाई सदस्यों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव के आधार पर, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (AIJS) की स्थापना का प्रावधान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्तमान प्रणाली में अनुच्छेद 233 और 234 शामिल हैं जो राज्यों को ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार प्रदान करता है, जिसका प्रबंधन राज्य लोक सेवा आयोगों तथा उच्च न्यायालयों के माध्यम से किया जाता है, क्योंकि उच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग अधीनस्थ न्यायिका पर करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**171.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मानव जीनोम 23 गुणसूत्र युग्मों से निर्मित है जिसमें कुल लगभग 3 बिलियन DNA क्षार युग्म होते हैं।
- विशिष्ट मानव गुणसूत्रों की कुल संख्या 24 है- 22 ऑटोज़ोमल गुणसूत्र तथा लिंग-निर्धारक X और Y गुणसूत्र।
- जीनोम अनुक्रमण एक जीनोम में DNA न्यूक्लियोटाइड्स अथवा क्षारों के क्रम की जाँच करता है, एडेनिन, साइटोसिन, ग्वानिन और थाइमिन क्रमिक तौर पर एक जीव के DNA का निर्माण करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्ट मानव जीनोम के अनुक्रम को निर्धारित करने एवं इसमें शामिल जीन की पहचान करने के उद्देश्य से किया गया एक अंतर्राष्ट्रीय शोध था। यह परियोजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और अमेरिकी ऊर्जा विभाग के समन्वित प्रयासों पर केंद्रित थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**172.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विशेष अनुमति याचिका:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 136 सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी न्यायालय/न्यायाधिकरण द्वारा दिये गए किसी भी फैसले के विरुद्ध अपील करने की विशेष अनुमति देने की शक्ति प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रमाण पत्र दिये जाने से इनकार करने के फैसले अथवा आदेश के विरुद्ध पीड़ित पक्ष विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- उच्च न्यायालय के किसी भी फैसले के विरुद्ध फैसले के दिन से लेकर 90 दिनों के भीतर विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**173.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (Central Bureau of Investigation- CBI) भारत का प्रमुख पुलिस अभिकरण है।

नोट :

- यह केंद्रीय सतर्कता आयोग और लोकपाल की सहायता करता है।
- यह प्रधानमंत्री कार्यालय के अंतर्गत आने वाले कार्मिक विभाग, कार्मिक, पेंशन और लोक शिकायत मंत्रालय के अधीक्षण के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों की जाँच के अधीक्षण का अधिकार केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह भारत में केंद्रीय पुलिस अभिकरण भी है जो इंटरपोल सदस्य देशों की ओर से जाँच का समन्वय करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**174.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम, 1957:**

- खान और खनिज (विकास और विनियमन) (MMDR) अधिनियम, 1957 भारत में खनन क्षेत्र के विनियमन का कार्य करता है एवं खनन कार्यों के लिये खनन पट्टे प्राप्त करने तथा प्रदान करने हेतु आवश्यक मानदंड निर्दिष्ट करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम में वर्ष 2015, 2021 और हाल ही में 2023 को मिलाकर कई बार संशोधन किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2015 में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीलामी-आधारित खनिज रियायत आवंटन शुरू करने के लिये MDMR अधिनियम, 1957 में संशोधन किया गया था। साथ ही, इसका उद्देश्य प्रभावित समुदायों के कल्याण के लिये ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF) का निर्माण करना, अन्वेषण को बढ़ावा देने के लिये राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (NMET) की स्थापना करना और अवैध खनन के लिये सख्त दंड का निर्धारण करना भी है। **अतः कथन 3 सही है।**
- खनिज क्षेत्र को गति प्रदान करने के लिये इस अधिनियम में वर्ष 2021 में संशोधन किया गया। इन संशोधनों के तहत, सरकार ने खनिज ब्लॉकों की नीलामी, उत्पादन में वृद्धि, देश में व्यापार सुगमता में सुधार कार्य एवं सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में खनिज उत्पादन का अनुपात में वृद्धि को काफी प्रोत्साहित किया है।

**175.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002:**

- यह एक आपराधिक कानून है जो धन शोधन/मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित मामलों से प्राप्त या इसमें शामिल संपत्ति की ज़ब्ती का प्रावधान करने के लिये बनाया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को वैध बनाना) से निपटने के लिये भारत द्वारा स्थापित कानूनी ढाँचे का मूल है।
- इस अधिनियम के प्रावधान सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों (RBI सहित), म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**176.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) जो अब सर्वविदित है कि इसकी स्थापना 1948 की सरकार समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों में हुई है।
- NR सरकार की अध्यक्षता वाली समिति को 1945 में "वायसराय की कार्यकारी परिषद, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग के माननीय सदस्य" द्वारा नियुक्त किया गया था और इसका कार्य "भारत में उच्च तकनीकी संस्थानों के विकास पर विचार करना" था। **अतः विकल्प B सही है।**

**177.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ऐडन की खाड़ी:**

- हिंद महासागर की एक शाखा- ऐडन की खाड़ी, अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी तट पर यमन और अफ्रीका में सोमालिया के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह दक्षिण में सोमालिया और सोकोट्रा द्वीप समूह से, उत्तर में यमन से, पूर्व में अरब सागर से तथा पश्चिम में जिबूती से घिरा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- खाड़ी - लगभग 900 किलोमीटर लंबी और 500 किलोमीटर चौड़ी, फारस की खाड़ी के तेल के परिवहन के लिये एक महत्त्वपूर्ण जलमार्ग है।

- यह खाड़ी बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर को अरब सागर से जोड़ती है। यह यूरोप और सुदूर पूर्व के बीच एक आवश्यक तेल परिवहन मार्ग बनाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

178.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भूमध्य - सागर:**

- सीमावर्ती देश (21 देश): अल्बानिया, अल्जीरिया, बोस्निया और हर्ज़ेगोविना, क्रोएशिया, साइप्रस, मिस्र, फ्राँस, ग्रीस, इज़राइल, इटली, लेबनान, लीबिया, माल्टा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, मोरक्को, स्लोवेनिया, स्पेन, सीरिया, ट्यूनीशिया, तथा टर्की। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पश्चिम में जिब्राल्टर जलडमरूमध्य द्वारा अटलांटिक महासागर से जुड़ा हुआ है, पूर्व में काला सागर के साथ डार्डनेल्स जलडमरूमध्य द्वारा और दक्षिण में स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर के साथ जुड़ा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- नील नदी (अफ्रीका) भूमध्य सागर में गिरती है। **अतः कथन 3 सही है।**

179.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका संबंध:**

- भारत और अमेरिका के बीच चार मूलभूत रक्षा समझौते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - भू-स्थानिक खुफिया जानकारी (BECA) के लिये बुनियादी विनिमय और सहयोग समझौता।
  - सैन्य सूचना समझौते पर सामान्य सुरक्षा (GSOMIA)।
  - लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA)।
  - संचार संगतता और सुरक्षा समझौता (COMCASA)।
- मूलभूत विनिमय तथा सहयोग समझौता (BECA) बड़े पैमाने पर भू-स्थानिक खुफिया जानकारी और रक्षा के लिये मानचित्रों एवं उपग्रह छवियों पर जानकारी साझा करने से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- COMCASA के साथ, भारतीय सशस्त्र बलों को अमेरिका से खरीदे गए सैन्य प्लेटफार्मों की क्षमता का पूरी तरह से दोहन करने का मौका मिलेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

180.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दूरसंचार विधेयक 2023:**

- हाल ही में सरकार ने लोकसभा में दूरसंचार विधेयक 2023 पेश किया। यह भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्ज़ा) अधिनियम, 1950 को निरस्त करने का प्रयास करता है। यह भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) अधिनियम, 1997 में भी संशोधन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- मौजूदा लाइसेंस उनके अनुदान की अवधि के लिये या पाँच वर्ष हेतु वैध बने रहेंगे, जहाँ अवधि निर्दिष्ट नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विधेयक वनवेब (भारती द्वारा समर्थित) जैसे सैटेलाइट इंटरनेट प्रदाताओं और स्पेसएक्स के स्टारलिंक जैसी अमेरिकी-आधारित कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित करने के प्रावधान पेश करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

181.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF):**

- USOF यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों हेतु आर्थिक रूप से कुशल कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) सेवाओं तक सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना वर्ष 2002 में संचार मंत्रालय द्वारा की गई थी।
- यह एक गैर-व्यपगत निधि है, अर्थात् लक्षित वित्तीय वर्ष के तहत खर्च न की गई राशि व्यपगत नहीं होती है और अगले वर्षों के खर्च के लिये प्रयोग की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस फंड के सभी प्रकार के क्रेडिट के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है और इसे भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2003 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है।
- दूरसंचार विधेयक 2023 इस प्रावधान को बरकरार रखता है, फंड का नाम बदलकर डिजिटल भारत निधि रखा गया है और अनुसंधान एवं विकास के लिये इसके उपयोग की भी अनुमति देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

182.

उत्तरः A

व्याख्याः

**भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI):**

- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- TRAI में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह सरकार को नीतिगत मामलों और लाइसेंसिंग मुद्दों पर सलाह देता है।
- ट्राई की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

183.

उत्तरः A

व्याख्याः

**साहित्य अकादमी पुरस्कारः**

- वर्ष 1954 में स्थापित साहित्य अकादमी पुरस्कार, एक साहित्यिक सम्मान है जो साहित्य अकादमी, भारत की राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अकादमी अपनी मान्यता प्राप्त भाषाओं में साहित्यिक कार्यों के लिये और भारत की भाषाओं में साहित्यिक अनुवादों के लिये सालाना 24 पुरस्कार देती है ।
- लेखक की नागरिकता भारतीय होना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार के बाद भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

184.

उत्तरः B

व्याख्याः

**आर्टेमिस समझौताः**

- आर्टेमिस समझौते की स्थापना अमेरिकी विदेश विभाग और नासा द्वारा सात अन्य संस्थापक सदस्यों के साथ की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नागरिक उद्देश्यों के लिये अंतरिक्ष, चंद्रमा, मंगल, धूमकेतु एवं क्षुद्रग्रहों की शांतिपूर्ण खोज और उपयोग के लिये सार्वभौमिक नियम स्थापित करते हुए परियोजना की स्थापना ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम द्वारा की गई थी। भारत इसके संस्थापक सदस्यों में नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि की स्थापना पर आधारित है। **अतः कथन 3 सही है।**
- बाह्य अंतरिक्ष संधि, संयुक्त राष्ट्र के तहत एक बहुपक्षीय समझौता, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव के रूप में कार्य करती है।

185.

उत्तरः C

व्याख्याः

**PoSH अधिनियम, 2013:**

- PoSH अधिनियम यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है जिसमें अवांछित कृत्य जैसे शारीरिक संपर्क और यौन प्रयास, यौन संबंधों की मांग या अनुरोध, अश्लील टिप्पणियाँ करना, अश्लील साहित्य दिखाना तथा यौन प्रकृति का कोई अन्य अवांछित शारीरिक, मौखिक या गैर-मौखिक आचरण शामिल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले में एक ऐतिहासिक फैसले में 'विशाखा दिशानिर्देश' दिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- आंतरिक शिकायत समिति (ICC):
- यौन उत्पीड़न की शिकायतें प्राप्त करने और उनका समाधान करने के लिये नियोक्ताओं को 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यस्थल पर एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है। **अतः कथन 3 सही है।**

186.

उत्तरः B

व्याख्याः

**मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं कार्यकाल) विधेयक, 2023:**

- राज्यसभा ने हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें एवं कार्यकाल) विधेयक, 2023 को मंज़ूरी दी, जो मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) तथा चुनाव आयुक्तों (EC) की नियुक्ति की प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करता है।
- यह विधेयक निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्तों की सेवा शर्तें और कार्य संचालन) अधिनियम 1991 का स्थान लेगा। का स्थान लेता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- इस कानून का उद्देश्य अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले, 2023 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्देश के प्रत्युत्तर में नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CEC और EC की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।
- चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता/सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**187.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) के कार्यकारी बोर्ड के उपाध्यक्ष के एक पद के लिये 24 नवंबर, 2023 को हुए चुनाव में, पाकिस्तान ने भारत को 18 के मुकाबले 38 वोटों से हराया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- UNESCO कार्यकारी बोर्ड में 58 सदस्य होते हैं जिन्हें UNESCO निकायों में विभिन्न क्षेत्रों के देशों को समान प्रतिनिधित्व देने के लिये छह क्षेत्रीय समूहों में विभाजित किया गया है। भारत 12 सदस्यीय एशिया-प्रशांत समूह का हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) की गतिविधियों में सहयोग के लिये केंद्रक अभिकरण है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**188.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**नियामक सैंडबॉक्स:**

- नियामक सैंडबॉक्स आमतौर पर एक नियंत्रित/परीक्षण नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव परीक्षण को संदर्भित करता है जिसके लिये नियामक, परीक्षण के सीमित उद्देश्य हेतु कुछ नियामक छूट की अनुमति दे सकते हैं। सैंडबॉक्स का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं में ज़िम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देना, दक्षता को बढ़ावा देना और उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाना है।

**अतः विकल्प D सही है।**

**189.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक:**

- अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण थिंक टैंक 'जर्मनवॉच' ने वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक- 2021 जारी किया।
  - यह सूचकांक का 16वाँ संस्करण है। यह प्रतिवर्ष प्रकाशित होता है।
  - बॉन और बर्लिन (जर्मनी) में स्थित जर्मनवॉच एक स्वतंत्र विकास एवं पर्यावरण संगठन है जो सतत् वैश्विक विकास के लिये कार्य करता है।

**अतः विकल्प C सही है।**

**190.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC):**

- CSC का गठन वर्ष 2011 में भारत, श्रीलंका और मालदीव के त्रिपक्षीय समुद्री सुरक्षा समूह के रूप में किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की पाँचवीं बैठक में चौथे सदस्य के रूप में मॉरीशस शामिल किया गया।
- बांग्लादेश और सेशेल्स ने पर्यवेक्षकों के रूप में भाग लिया तथा उन्हें समूह में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- CSC को क्षेत्रीय सहयोग और साझा सुरक्षा उद्देश्यों को रेखांकित करने के लिये हिंद महासागर में भारत की पहुँच के रूप में देखा जा रहा है।

**191.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रीम, बाटा और क्राबा ऐसे सैन्य अड्डे हैं जिन पर चीन तैनात है या तैनाती की योजना बना रहा है।
- रीम कंबोडिया में स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- बाटा इक्वेटोरियल गिनी में स्थित है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- क्राबा कैमरून में स्थित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

192.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विदेशी मुद्रा भंडार एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में रिज़र्व पर रखी गई संपत्ति है, जिसमें बॉण्ड, ट्रेज़री बिल और अन्य सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल होती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ एक आरक्षित स्थिति शामिल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- FCA ऐसी संपत्तियाँ हैं जिनका मूल्यांकन देश की अपनी मुद्रा के अलावा किसी अन्य मुद्रा के आधार पर किया जाता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार, 11 अगस्त, 2023 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 708 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 602.16 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

193.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अधिकांश राजकोषीय घाटे को आंतरिक बाज़ार ऋण के माध्यम से वित्तपोषित किया जाता है और एक छोटा हिस्सा बचत, भविष्य निधि तथा बाहरी ऋण के बदले प्रतिभूतियों से आता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2023 के केंद्रीय बजट में भारत का बाहरी ऋण कुल राजकोषीय घाटे का केवल 1% है, यह अनुमानतः 22,118 करोड़ रुपए है।
- राज्य अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के 3.5% के राजकोषीय घाटे को बनाए रखने के लिये स्वतंत्र हैं, जिसमें 0.5% बिजली क्षेत्र के सुधारों के लिये है। **अतः कथन 2 सही है।**

194.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस न केवल प्रमुख संस्थानों और प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों एवं शोधकर्त्ताओं को बल्कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों एवं प्रोफेसरों को भी एक साथ लाती है।
- भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस का पहला सत्र वर्ष 1914 में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस एसोसिएशन (ISCA) केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के सहयोग से कार्य करने वाली एक स्वतंत्र संस्था है। **अतः कथन 2 सही है।**

195.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारत-फ्राँस संबंध:**

- जनवरी 1998 में शीत युद्ध की समाप्ति के बाद फ्राँस उन पहले देशों में से एक था जिसके साथ भारत ने "रणनीतिक साझेदारी" पर हस्ताक्षर किये।
- वर्ष 1998 में परमाणु हथियारों के परीक्षण के भारत के निर्णय का समर्थन करने वाले बहुत कम देशों में से फ्राँस भी एक था। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय प्रधानमंत्री बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि के रूप में फ्राँसीसी राष्ट्रपति के साथ शामिल हुए, जहाँ भारतीय त्रि-सेवाओं के मार्चिंग दल ने भाग लिया। भारतीय वायु सेना के राफेल जेट भी फ्लाईपास्ट का हिस्सा थे।
- "फ्राँस और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगाँठ: भारत-फ्राँसीसी संबंधों की एक सदी की ओर" शीर्षक वाला एक संयुक्त वक्तव्य वर्ष 2047 तक द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करता है, जो दोनों देशों के लिये महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
- दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन पर अपने संयुक्त प्रयासों के तहत वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन शुरू किया। **अतः कथन 2 सही है।**

196.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ऑशविट्ज़, जिसे ऑशविट्ज़-बिरकेनौ के नाम से भी जाना जाता है, वर्ष 1940 में स्थापित गया था तथा यह पोलैंड में स्थित नाज़ी एकाग्रता एवं मृत्यु शिविरों में सबसे बड़ा था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- लिसिचांस्क पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क ओब्लास्ट के सिवेएरोडोनेत्स्क रायन में स्थित एक शहर है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- बेलगॉरॉड, ओब्लास्ट (क्षेत्र), पश्चिमी रूस, यूक्रेन की सीमा पर स्थित है। यह मुख्यतः ऊपरी वोर्स्ला, डोनेट्स तथा ओस्कोल नदियों की घाटियों में स्थित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

नोट :

197.

उत्तर: D

व्याख्या:

विधि सम्मत शासन:

- विधि सम्मत शासन की अवधारणा का विवरण मैग्ना कार्टा, वर्ष 1215 के अनुच्छेद 39 में मिलता है, जो यह घोषणा करता है कि किसी देश के कानून के वैध निर्णय के आधार के अतिरिक्त "किसी भी स्वतंत्र व्यक्ति को न कैद किया जाएगा, न निर्वासित किया जाएगा और न ही किसी तरह की कोई क्षति पहुँचाई जाएगी।"
- विधि सम्मत शासन को संविधान की बुनियादी संरचना का हिस्सा घोषित किया गया है। इंदिरा नेहरू गांधी बनाम राज नारायण मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि संविधान के अनुच्छेद 14 में सन्निहित विधि सम्मत शासन संविधान की "बुनियादी विशेषता" है तथा इसलिये इसे संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत संविधान में संशोधन द्वारा भी नष्ट नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विधि सम्मत शासन का अर्थ है विधि से चलने वाली सरकार, न कि व्यक्तियों द्वारा चलाई जा रही व्यवस्था। **अत: कथन 2 सही है।**
- विधि सम्मत शासन को संविधान की एक बुनियादी विशेषता घोषित किया गया है, जबकि विधि द्वारा शासन विधि सम्मत शासन की सभी प्रस्तुतियों का विरोधाभास है। **अत: कथन 3 सही है।**

198.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नौकरियाँ आमतौर पर अपेक्षाकृत बेहतर भुगतान वाली नियमित मज़दूरी या वेतनभोगी रोज़गार को संदर्भित करती हैं। दूसरे शब्दों में, सभी नौकरियाँ दिहाड़ी श्रम हैं, लेकिन सभी दिहाड़ी श्रम को नौकरियाँ नहीं कहा जा सकता। **अत: कथन 1 और 2 सही हैं।**
- भारतीय अर्थव्यवस्था ऐतिहासिक रूप से खुली बेरोज़गारी (काम से बाहर नौकरी चाहने वालों) के साथ-साथ स्व-रोज़गार के साथ आकस्मिक वेतन वाले श्रमिकों सहित उच्च स्तर के अनौपचारिक रोज़गार की उपस्थिति की विशेषता रही है। उत्तरार्द्ध को "प्रच्छन्न बेरोज़गारी" भी कहा जाता है क्योंकि, खुली बेरोज़गारी के समान होने के कारण यह औपचारिक क्षेत्र में रोज़गार के पर्याप्त अवसरों की कमी को भी इंगित करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

199.

उत्तर: C

व्याख्या:

क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (iCET):

- iCET की घोषणा भारत और अमेरिका द्वारा मई 2022 में की गई थी और इसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में लॉन्च किया गया था और इसे दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा चलाया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- iCET के तहत दोनों देशों ने सहयोग के छह क्षेत्रों की पहचान की है जिसमें सह-विकास और सह-उत्पादन शामिल होगा, जिसे पहले QUAD फिर NATO तथा उसके बाद यूरोप और बाकी दुनिया तक विस्तारित किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और वायरलेस दूरसंचार सहित महत्त्वपूर्ण तथा उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**

200.

उत्तर: C

व्याख्या:

**सामाजिक प्रभाव निधि:**

- SIF की कल्पना वैश्विक दक्षिण में DPI कार्यान्वयन को तेज़ी से ट्रैक करने के लिये सरकार के नेतृत्व वाली, बहुहितधारक पहल के रूप में की गई है। यह फंड DPI सिस्टम विकसित करने में देशों को अपस्ट्रीम तकनीकी और गैर-तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- SIF इस फंड में योगदान करने और सतत् विकास में तेज़ी लाने में मदद करने के लिये अन्य सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तथा परोपकारी संस्थाओं सहित सभी प्रासंगिक हितधारकों हेतु एक मंच प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत के प्रधानमंत्री ने एक सामाजिक प्रभाव कोष (SIF) के निर्माण की घोषणा की, जिसके लिये भारत ने 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता का वादा किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

201.

उत्तर: A

व्याख्या:

**50-इन-अभियान:**

- 50-इन-5 एक देश के नेतृत्व वाला एडवोकेसी अभियान है। वर्ष 2028 तक 50-इन-5 अभियान ने 50 देशों को उनके डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के घटकों को डिज़ाइन, लॉन्च और स्केल करने में मदद मिलेगी। **अत: विकल्प A सही है।**

202.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इंडिया स्टैक, एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) का एक सेट है, यह आबादी के पैमाने पर पहचान, डेटा और भुगतान की आर्थिक प्राथमिकताओं को अनलॉक करने का लक्ष्य रखता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि इस परियोजना के नाम में इंडिया शब्द है, इंडिया स्टैक का दृष्टिकोण किसी एक देश (भारत) तक सीमित नहीं है, इसे किसी भी देश पर लागू किया जा सकता है, चाहे वह विकसित देश हो अथवा विकासशील देश हो। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस परियोजना की संकल्पना के साथ इसे सबसे पहले भारत में लागू किया गया, जहाँ अरबों व्यक्तियों और व्यवसायों द्वारा इसे तेज़ी से अपनाने से वित्तीय और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने में मदद मिली तथा देश को इंटरनेट युग के लिये तैयार किया गया।
- Pix एक त्वरित भुगतान प्लेटफॉर्म है जिसे ब्राज़ील के मौद्रिक प्राधिकरण, सेंट्रल बैंक ऑफ ब्राज़ील (BCB) द्वारा बनाया और प्रबंधित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

203.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS):

- इसकी स्थापना वर्ष 1930 में हुई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- BIS का स्वामित्व 63 केंद्रीय बैंकों के पास है जो विश्व भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका विश्व सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 95% योगदान है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका मुख्य कार्यालय बेसल, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है तथा इसके दो प्रतिनिधि कार्यालय हॉन्गकॉन्ग SAR एवं मैक्सिको सिटी में स्थित हैं और साथ ही विश्व भर में इसके इनोवेशन हब सेंटर भी मौजूद हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

204.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- गोल्डन क्रीसेंट: इसमें अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अफगानिस्तान से लगे पाकिस्तान के कुछ हिस्सों का भी पाकिस्तानी ड्रग तस्करों द्वारा अफगान अफीम को हेरोइन में परिवर्तित करने और फिर भारत भेजने के लिये उपयोग किया जाता है।
- गोल्डन ट्रायंगल: इसमें वियतनाम, थाईलैंड, लाओस तथा म्याँमार शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - चीन की सीमा से सटे म्याँमार के शान और काचिन प्रांत भी चुनौती पेश करते हैं।
- ये क्षेत्र अवैध दवाओं के व्यापार, मानव तस्करी आदि के लिये प्रसिद्ध हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

205.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

केप ऑफ गुड होप:

- केप को मूल रूप से वर्ष 1488 में पुर्तगाली खोजकर्त्ता बार्थोलोम्यू डियाज़ द्वारा केप ऑफ स्टॉर्म नाम दिया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- बाद में अफ्रीका के दक्षिणी तट से गुज़रने वाले केप सी रूट की ओर अधिक लोगों को आकर्षित करने के लिये इसका नाम बदलकर केप ऑफ गुड होप कर दिया गया।
- केप ऑफ गुड होप मार्ग पूर्वी एशिया और यूरोप को अफ्रीका के दक्षिणी भागों से जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- केप ऑफ गुड होप मार्ग स्वेज़ नहर मार्ग से 8900 किमी. लंबा है और इसे तय करने में अतिरिक्त दो सप्ताह लग सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

206.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन यूनाइटेड किंगडम, बहरीन, कनाडा, फ्राँस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन सहित कई देशों को एक साथ ला रहा है, ताकि सभी देशों के लिये नेविगेशन की स्वतंत्रता सुनिश्चित कर क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देते हुए दक्षिणी लाल सागर एवं ऐडन की खाड़ी में सुरक्षा चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान किया जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

207.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रकाश सिंह केस 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिकरण, जवाबदेही की कमी और समग्र पुलिस प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत कमज़ोरियों जैसे व्यापक मुद्दों को स्वीकार करते हुए भारत में पुलिस सुधारों को आगे बढ़ाने के लिये सात निर्देश जारी किये।

**अतः विकल्प A सही है।**

208.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

AUKUS समूह:

- यह ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएस (AUKUS) के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी है, जिस पर 2021 में हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस व्यवस्था का मुख्य आकर्षण अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी प्रौद्योगिकी को ऑस्ट्रेलिया के साथ साझा करना है।
- इसका भारत-प्रशांत अभिविन्यास इसे दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ गठबंधन बनाता है।
- इसमें तीन देशों के बीच बैठकों और जुड़ाव की एक नई रूपरेखा के साथ-साथ उभरती प्रौद्योगिकियों (अनुप्रयुक्त AI, क्वांटम प्रौद्योगिकियों और समुद्र के नीचे की क्षमताओं) में सहयोग शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत इस समूह का हिस्सा नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

209.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**स्वेज़ नहर:**

- स्वेज़ नहर भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ने के लिये मिस्र में स्वेज़ के स्थलडमरूमध्य के पार उत्तर से दक्षिण तक एक कृत्रिम समुद्री जलमार्ग है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह यूरोप और भारतीय तथा पश्चिमी प्रशांत महासागर के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा समुद्री मार्ग प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह नहर अफ्रीका महाद्वीप को एशिया से अलग करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

210.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संसद में प्रश्न पूछने की प्रक्रिया:**

- प्रश्न पूछने की प्रक्रिया "लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमों" के नियम 32-54 एवं लोकसभा अध्यक्ष के निर्देशों के तहत निर्देश 10-18 द्वारा शासित होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- तारांकित प्रश्न एक सांसद द्वारा पूछा जाता है जिसका उत्तर प्रभारी मंत्री द्वारा मौखिक रूप से दिया जाता है। प्रत्येक सांसद को प्रतिदिन एक तारांकित प्रश्न पूछने की अनुमति है। जब प्रश्न का उत्तर मौखिक होता है तो उस पर अनुपूरक प्रश्न पूछे जा सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अतारांकित प्रश्न वह होता है जिसका सदस्य लिखित उत्तर चाहता है और इसका उत्तर मंत्री द्वारा सभा पटल पर रखा गया माना जाता है। इस पर कोई अनुपूरक प्रश्न नहीं पूछा जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

211.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**निलंबित संसद सदस्य:**

- उन्हें दीर्घाओं, लॉबी तथा संसद कक्षों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वे समिति की बैठकों में भाग नहीं ले सकते (संसद में कई समितियाँ हैं जिनका प्रत्येक सदस्य हिस्सा है)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- निलंबन अवधि के दौरान वे समिति के आधिकारिक दौरों तथा अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं हो सकते।
- निलंबन अवधि में उनका दैनिक भत्ता भी रोक दिया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

212.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रायसीना डायलॉग:**

- रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-रणनीति पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है जो वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिये प्रतिबद्ध है।

नोट :

- इस सम्मेलन की मेज़बानी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संवाद एक बहु-हितधारक, अंतर-क्षेत्रीय चर्चा के रूप में संरचित है, जिसमें राज्य प्रमुख, कैबिनेट मंत्री और स्थानीय सरकारी अधिकारी शामिल होते हैं, जो निजी क्षेत्र, मीडिया तथा शिक्षा जगत के विचारकों से जुड़े होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**213.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI):

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के बाद CDRI भारत की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है। इसे 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- CDRI सचिवालय नई दिल्ली, भारत में स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के प्रति बुनियादी ढाँचा प्रणालियों का लचीलापन बढ़ाना है ताकि सतत् विकास सुनिश्चित हो सके। **अत: कथन 3 सही है।**

**214.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**LiFE (पर्यावरण के लिये जीवनशैली):**

- वर्ष 2021 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC COP26) में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत व्यवहार को वैश्विक जलवायु कार्रवाई की चर्चा में सबसे आगे लाने के लिये मिशन LiFE की घोषणा की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- LiFE प्रचलित 'उपयोग और निपटान' अर्थव्यवस्था, जो नासमझ और विनाशकारी उपभोग द्वारा शासित है, को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था से बदलने की कल्पना करता है, जिसे सचेतन और जान-बूझकर उपयोग द्वारा परिभाषित किया जाएगा। मिशन का उद्देश्य व्यक्तियों को अपने दैनिक जीवन में सरल कार्य करने के लिये प्रेरित करना है जो विश्व भर में अपनाए जाने पर जलवायु परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**215.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रेस, नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023:**

- संसद द्वारा प्रेस, नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2023 पारित किया गया है। इसने प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 का स्थान लिया, जो वर्ष 1867 से देश में मुद्रण और प्रकाशन उद्योग के पंजीकरण को नियंत्रित करता था। **अत: कथन 1 सही है।**
- नया विधेयक पुराने विधेयक के तहत सभी उल्लंघनों को काफी हद तक अपराध की श्रेणी से हटा देता है। पहले अधिनियम के मामूली उल्लंघन पर छह महीने तक की कारावास की सज़ा दी जाती थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी विदेशी पत्रिका का सटीक पुनर्मुद्रण केवल केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति से ही भारत में किया जा सकता है। ऐसी पत्रिकाओं के पंजीकरण की विधि निर्धारित की जाएगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**216.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA):

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 29 अगस्त, 2016 को वाशिंगटन DC, USA में लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA) पर हस्ताक्षर किये।
- LEMOA एक सुविधाजनक समझौता है जो भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के सशस्त्र बलों के बीच रसद सहायता, आपूर्ति और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान के लिये बुनियादी नियम, शर्तें एवं प्रक्रियाएँ स्थापित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह समझौता किसी भी पक्ष पर संयुक्त गतिविधि को अंजाम देने के लिये कोई दायित्व नहीं डालता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह किसी भी आधार की स्थापना या आधार व्यवस्था का प्रावधान नहीं करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**217.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC):**

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) की स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को ढाका में SAARC चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (SAU) एक अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय है, जो भारत में स्थित है। SAU द्वारा प्रदान की गई डिग्री और प्रमाणपत्र की मान्यता राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा प्रदान की गई डिग्री और प्रमाणपत्र के बराबर है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सार्क मध्यस्थता परिषद एक अंतर-सरकारी निकाय है, पाकिस्तान में इसका कार्यालय वाणिज्यिक, औद्योगिक, व्यापार, बैंकिंग, निवेश और ऐसे अन्य विवादों के निष्पक्ष तथा कुशल समाधान के लिये क्षेत्र के भीतर एक कानूनी ढाँचा/मंच प्रदान करने के लिये बाध्य है, जैसा कि सदस्य राज्यों और उनके नागरिकों द्वारा संदर्भित किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**218.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- संसद सत्र बुलाने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 85 में निर्दिष्ट है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संसद सत्र बुलाने की शक्ति सरकार के पास है। यह निर्णय संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिया जाता है जिसे राष्ट्रपति द्वारा औपचारिक रूप दिया जाता है, जिसके नाम पर सांसदों को सत्र के लिये बुलाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में कोई निश्चित संसदीय कैलेंडर (अर्थात् संविधान द्वारा प्रदान नहीं किया गया) नहीं है। परंपरा के अनुसार, संसद की बैठक एक वर्ष में तीन सत्रों के लिये होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**219.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI):**

- संस्कृति मंत्रालय के तहत ASI देश की सांस्कृतिक विरासत के पुरातात्त्विक अनुसंधान और संरक्षण के लिये प्रमुख संगठन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह 3650 से अधिक प्राचीन स्मारकों, पुरातात्त्विक स्थलों और राष्ट्रीय महत्त्व के अवशेषों का प्रबंधन करता है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1861 में ASI के पहले महानिदेशक अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा की गई थी। अलेक्जेंडर कनिंघम को "भारतीय पुरातत्त्व का जनक" भी कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**220.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**जैविक हथियार संधिः**

- जैविक हथियार संधि (BWC) जैविक और विषाक्त हथियारों के विकास, उत्पादन, अधिग्रहण, हस्तांतरण, भंडारण एवं उपयोग को प्रभावी ढंग से प्रतिबंधित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) की एक पूरी श्रेणी पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण संधि थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- WMD के प्रसार को प्रतिबंधित करने के अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों में BWC एक प्रमुख तत्त्व है और इसने जैविक हथियारों के विरुद्ध एक मज़बूत मानदंड स्थापित किया है। यह संधि 185 राष्ट्रों की पार्टियों और चार हस्ताक्षरकर्त्ता राष्ट्रों के साथ लगभग सार्वभौमिक सदस्यता तक पहुँच गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

**221.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023:**

- संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क ने वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2023 जारी की, यह देशों को खुशहाली के आधार पर रैंक प्रदान करती है। **अतः विकल्प B सही है।**
- वर्ष 2012 से इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस समारोह के हिस्से के रूप में वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष 20 मार्च के आसपास जारी की जाती है।
- निरंतर छठे वर्ष फिनलैंड खुशहाली के मामले में शीर्ष पर है तथा डेनमार्क दूसरे स्थान पर है एवं तीसरे स्थान पर आइसलैंड है।
- भारत 136 देशों में 126वें स्थान पर है जो इसे विश्व के सबसे कम खुशहाल देशों में से एक बनाता है।

**222.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**पीर पंजाल पर्वतमालाः**

- पीर पंजाल श्रेणी उत्तरी भारतीय उपमहाद्वीप के पश्चिमी हिमालय में स्थित लघु हिमालय क्षेत्र में पहाड़ों की एक श्रृंखला है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर क्षेत्रों में ब्यास तथा नीलम/किशनगंगा नदियों के बीच दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर बहती है, जिसका उत्तर-पश्चिमी छोर पाकिस्तान तक विस्तृत है।
- पीर पंजाल लघु हिमालय की सबसे बड़ी पर्वत श्रृंखला है। **अतः कथन 2 सही है।**
- पश्चिम में पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र की पहाड़ियों से अलग करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**223.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- किंग फहद औद्योगिक बंदरगाह (जुबैल) एक सऊदी बंदरगाह है, यह सऊदी अरब के जुबैल शहर में स्थित है। बंदरगाह की स्थापना वर्ष 1974 में हुई थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- डिएन बीउ फु एयरबेस एक सैन्य एयरबेस है जो वियतनाम के डिएन बीउ प्रांत के डिएन बीउ फु शहर में देश के उत्तर-पश्चिमी भाग में लाओस की सीमा के करीब स्थित है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- हो ची मिन्ह सिटी (संक्षिप्त रूप में HCMC), जिसे साइगॉन के नाम से भी जाना जाता है, वियतनाम का सर्वाधिक आबादी वाला शहर है, इसकी आबादी वर्ष 2023 में लगभग 9.3 मिलियन थी। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- निकारागुआ मध्य अमेरिका का सबसे बड़ा देश है और क्षेत्रफल में न्यूयॉर्क राज्य से थोड़ा बड़ा है। देश की सीमा उत्तर में होंडुरास और दक्षिण में कोस्टा रिका से लगती है। इसके पश्चिम में प्रशांत महासागर है और देश की पूर्वी सीमा पर कैरेबियन सागर है।

**224.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह ज्ञात है कि कई ड्रोन रोधी तकनीकें विशेष मौसम स्थितियों में अच्छी तरह से कार्य नहीं करती हैं। जैमिंग, विशेष रूप से जटिल है क्योंकि इसमें मैत्रीपूर्ण संचार प्रणालियों में हस्तक्षेप करने की क्षमता है। ड्रोन नियंत्रण प्रणालियों को भ्रमित करने के लिये स्पूफिंग भी उपयोगी है, लेकिन प्राय: सटीक लक्ष्य को प्राप्त नही करता है। निर्देशित ऊर्जा हथियार जैसे- लेज़र सिस्टम और उच्च-शक्ति माइक्रोवेव हथियार सशस्त्र ड्रोन का मुकाबला करने में अधिक प्रभावी हैं, लेकिन ये प्रौद्योगिकियाँ महँगी हैं और अधिकांश क्षेत्रीय नौसेनाओं की पहुँच से बाहर हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**225.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त समुद्री बल (CMF):**

- संयुक्त समुद्री बल (CMF) एक बहुराष्ट्रीय समुद्री साझेदारी है जिसका उद्देश्य खुले समुद्र में अवैध गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं का सामना करना तथा लगभग 3.2 मिलियन वर्ग में सुरक्षा (जिसमें विश्व की कुछ सबसे महत्त्वपूर्ण शिपिंग लेन शामिल हैं), स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देकर नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय आदेश (Rules-Based International Order-RBIO) को बनाए रखना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CMF के 39 देश सदस्य हैं जिनमें ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बेल्जियम, ब्राज़ील, कनाडा, डेनमार्क, जिबूती, मिस्र, फ्राँस, जर्मनी, ग्रीस, भारत, इराक, इटली, जापान, जॉर्डन, केन्या, कोरिया गणराज्य, कुवैत, मलेशिया, नीदरलैंड, न्यूज़ीलैंड, नॉर्वे, ओमान, पाकिस्तान, फिलीपींस, पुर्तगाल, कतर, सऊदी अरब, सेशेल्स, सिंगापुर, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यमन शामिल हैं।
- CMF की कमान अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल द्वारा संभाली जाती है, जो U.S. नेवल फोर्सेज़ सेंट्रल कमांड (Naval Forces Central Command-NAVCENT) तथा U.S. नेवी फिफ्थ फ्लीट के कमांडर के रूप में भी कार्य करता है। सभी चार कमांड अमेरिकी नौसेना सहायता गतिविधि बहरीन में सह-स्थित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**226.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (PLI):**

- यह घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा मोबाइल फोन विनिर्माण एवं असेंबलिंग, परीक्षण, मार्किंग और पैकेजिंग (ATMP) इकाइयों सहित निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिये उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन प्रदान करती है। यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिदृश्य को बढ़ावा देगी साथ ही भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- योजना को एक नोडल एजेंसी के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा जो एक परियोजना प्रबंधन संस्था (PMA) के रूप में

कार्य करेगी, साथ ही सचिवीय, प्रबंधकीय और कार्यान्वयन सहायता प्रदान करने एवं समय-समय पर MeitY द्वारा सौंपी गई अन्य ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिये भी उत्तरदायी होगी। **अत: कथन 2 सही है।**

- यह भारत की GDP वृद्धि में योगदान दे सकती है लेकिन यह GDP में भारी वृद्धि नहीं करेगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**227.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- श्वेत फॉस्फोरस एक ज्वलनशील पदार्थ है जिसका उपयोग ज़्यादातर घने धुएँ की स्क्रीन बनाने या लक्ष्यों को चिह्नित करने के लिये किया जाता है। हवा के संपर्क में आने पर अत्यधिक उच्च तापमान पर इसका दहन होता है और प्राय: उन क्षेत्रों में आग लग जाती है जहाँ इसे प्रशासित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा की गई समीक्षा के साक्ष्यों के समूह से संकेत मिलता है कि इज़रायल ने आबादी वाले नागरिक क्षेत्र, दक्षिणी सीमावर्ती शहर धायरा पर हमले के दौरान श्वेत फॉस्फोरस धूम तोप (Smoke Artillery) के गोले का इस्तेमाल किया है।
- एजेंट ऑरेंज वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किया गया एक शाकनाशी मिश्रण था। इसमें से अधिकांश में डाइऑक्सिन नामक एक खतरनाक रासायनिक संदूषक था। एजेंट ऑरेंज का उत्पादन वर्ष 1970 के दशक में बंद कर दिया गया और अब उपयोग में नहीं है। हालाँकि डाइऑक्सिन संदूषक आज भी हानिकारक प्रभाव डाल रहा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**228.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पनामा नहर पनामा के स्थल-संधि के माध्यम से अटलांटिक तथा प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाला एक कृत्रिम जलमार्ग है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्वेज़ नहर मिस्र में स्वेज़ के स्थल-संधि के समीप उत्तर से दक्षिण की ओर एक कृत्रिम समुद्र-स्तरीय जलमार्ग है। यह भूमध्य सागर एवं लाल सागर को जोड़ता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अदन रिज खाड़ी के मध्य में स्थित है तथा इसका प्रतिवर्ष लगभग 15 मिमी. विस्तार हो रहा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**229.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लॉस एंड डैमेज फंड जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों का सामना करने वाले देशों के बचाव तथा पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिये एक वैश्विक वित्तीय कोष है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लॉस एंड डैमेज फंड उस क्षतिपूर्ति को संदर्भित करता है जो धनी राष्ट्र, जिनके औद्योगिक विकास के कारण ग्लोबल वार्मिंग हुई है तथा जिसने ग्रह को जलवायु संकट में डाल दिया है, को उन निर्धन देशों को भुगतान करना होगा, जिनका कार्बन पदचिह्न कम है किंतु फिर भी वे समुद्र के बढ़ते स्तर, बाढ़, विनाशकारी सूखा, एवं तीव्र चक्रवात इत्यादि का खामियाज़ा भुगत रहे हैं।
- विश्व बैंक लॉस एंड डैमेज फंड का अनुवीक्षण करेगा जिसमें धन के स्रोत के रूप में अमेरिका, ब्रिटेन व यूरोपीय संघ जैसे समृद्ध देशों के साथ-साथ कुछ विकासशील देश भी होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- फंड का पैमाना अथवा इसकी पुन: पूर्ति चक्र के संबंध में अस्पष्टता बनी हुई है जबकि समय की मांग कई ट्रिलियन डॉलर है।

**230.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक (Global Innovation Index) 2023:**

- विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवप्रवर्तन सूचकांक 2023 की रैंकिंग में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बरकरार है। **अत: विकल्प D सही है।**
- सूचकांक का 2023 संस्करण 132 अर्थव्यवस्थाओं के बीच दुनिया की इस वर्ष की सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग का खुलासा करता है और शीर्ष 100 विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार समूहों का स्थानीयकरण करता है।

**231.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विश्व खुशहाली रिपोर्ट (World Happiness Report):
  - कई देशों में खुशहाली मैट्रिक्स पहले से ही सार्वजनिक नीति का मुख्य उद्देश्य है। खुशहाली अब कोई व्यक्तिगत अनुभव

नहीं है। विश्व खुशहाली रिपोर्ट ने 2012 में लॉन्च होने के बाद से इसे मापने और गणना करने के लिये एक विश्वसनीय प्रणाली विकसित की है। खुशहाली को मापने के छह कारक हैं: प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, भ्रष्टाचार की धारणा, उदारता, सामाजिक समर्थन, जन्म के समय स्वस्थ जीवन प्रत्याशा और जीवन में निर्णय लेने की स्वतंत्रता। COVID-19 जैसी आपदा में वर्ष 2023 की खुशहाली रिपोर्ट में विश्वास एवं दयालुता के महत्त्व पर और भी अधिक ज़ोर दिया गया है।

**अत: विकल्प A सही है।**

**232.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी':
  - इस शब्द ने विशेष रूप से शी के राष्ट्रपति बनने के बाद लोकप्रियता प्राप्त की, "वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी" (विस्तारवादी नीति) चीनी सरकार के लिये चीन से बाहर अपनी विचारधारा का विस्तार करने एवं पश्चिम से मुकाबला करने के साथ स्वयं का बचाव करने की एक रणनीति है। यह पिछले दशक में चीनी राजनयिकों द्वारा अपनाई गई संचार की अधिक आक्रामक एवं टकरावपूर्ण शैली के लिये एक अनौपचारिक शब्द है। **अत: विकल्प B सही है।**

**233.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चक्रवात:**

- बंगाल की खाड़ी (BOB) में अरब सागर की तुलना में चक्रवात अधिक बार और तीव्रता के साथ आते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात के मौसम के दौरान कई चक्रवाती घटनाएँ देखी जाती हैं, जो मुख्य रूप से अप्रैल से दिसंबर तक घटित होती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- बंगाल की खाड़ी में आमतौर पर समुद्र की सतह का तापमान अधिक होता है, विशेष रूप से मानसून-पूर्व और मानसून के पश्चात् की अवधि में, जो चक्रवात के गठन और तीव्रता के लिये आवश्यक ऊर्जा एवं नमी प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- बंगाल की खाड़ी में पवनों का अभिसरण, कोरिओलिस बल (पृथ्वी के घूर्णन के परिणामस्वरूप) के साथ मिलकर चक्रवात की उत्पत्ति के लिये उपयुक्त वातावरण का निर्माण करता है। ये अभिसरण पवनें निम्न दबाव क्षेत्र का निर्माण करती हैं जो चक्रवात और उष्णकटिबंधीय विक्षोभ के रूप में विकसित हो सकती हैं।

**234.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जल जीवन मिशन:**

- इस मिशन का लक्ष्य 2024 तक कार्यात्मक/चालू घरेलू नल कनेक्शन (Functional Household Tap Connections- FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मिशन पुनर्भरण तथा संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतही जल तथा भूजल दोनों का दोहन करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**235.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013:**

- यह अधिनियम विधिक तौर पर 75% ग्रामीण आबादी तथा 50% शहरी आबादी को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अंतर्गत उच्च सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये लगभग दो-तिहाई आबादी आती है।
- इसमें राशन कार्ड धारकों की दो श्रेणियाँ आती हैं जिनमें अंत्योदय अन्न योजना (AAY) और प्राथमिकता वाले परिवार (PHH) शामिल हैं।
- महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक कदम के रूप में इस अधिनियम के तहत राशन कार्ड जारी करने के उद्देश्य से घर की 18 वर्ष अथवा उससे अधिक उम्र की सबसे वृद्ध महिला के लिये परिवार का मुखिया होना अनिवार्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में कल्याण से अधिकार आधारित दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है। **अत: कथन 3 सही है।**

**236.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान:**

- यह विश्व में अब तक का सबसे पहला और सबसे लंबे समय तक चलने वाला तटीय सफाई अभियान है, जिसमें सबसे अधिक लोग भाग ले रहे हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अभियान में प्लास्टिक के उपयोग से समुद्री जीवन किस प्रकार नष्ट किया जा रहा है, इसके बारे में जागरूकता बढ़ाकर लोगों के व्यवहार में बड़े पैमाने पर बदलाव लाना है।
- अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने और समुद्र तट सफाई गतिविधि के स्वैच्छिक पंजीकरण हेतु आम लोगों के लिये एक मोबाइल एप "इको मित्रम (Eco Mitram)" लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**237.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- MV केमो प्लूटो, (लाइबेरियाई ध्वज वाले रसायन/तेल टैंकर), जिसमें 21 भारतीय और एक वियतनामी चालक दल का सदस्य सवार था, पर कथित तौर पर संदिग्ध ड्रोन द्वारा हमला किया गया था।
- भारतीय चालक दल के साथ भारत की ओर जा रहे गैबॉन-ध्वजांकित कच्चे तेल के टैंकर MV साईं बाबा द्वारा स्पष्ट किया गया कि इस पर एकतरफा ड्रोन द्वारा हमला किया गया, हालाँकि अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, दक्षिणी लाल सागर में हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**238.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इंटरनेट एक्सेस के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान की गई और किसी भी इंटरनेट प्रतिबंध के लिये तर्कसंगतता एवं आनुपातिकता के सिद्धांत निर्धारित किये गए। **अत: विकल्प A सही है।**

**239.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भूमध्य सागर:**

- अटलांटिक महासागर, यह यूरेशिया और अफ्रीका महाद्वीपों के बीच लगभग पूरी तरह से भूमि से घिरा हुआ है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सीमावर्ती देश (21 देश): अल्बानिया, अल्जीरिया, बोस्निया एवं हर्जेगोविना, क्रोएशिया, साइप्रस, मिस्र, फ्राँस, ग्रीस, इज़रायल, इटली, लेबनान, लीबिया, माल्टा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, मोरक्को, स्लोवेनिया, स्पेन, सीरिया, ट्यूनीशिया, एवं टर्की।
- पश्चिम में यह जिब्राल्टर जलडमरूमध्य के माध्यम से अटलांटिक महासागर से, पूर्व में डार्डानेल्स जलडमरूमध्य के माध्यम से काला सागर से सुदूर दक्षिण में स्वेज नहर के माध्यम से लाल सागर से जुड़ा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नील नदी (अफ्रीका), भूमध्य सागर में गिरती है। **अत: कथन 3 सही है।**